पौष शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080
कानपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024
वर्ष 2 अंक 147, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

अगले कुछ दिन सामान्य रहेगा अंतरिक्ष का मौसम 16
सिल्क स्मिता का किरदार निभाएंगी चंद्रिका रवि 15

एक नजर

पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई को सर्वोच्च सम्मान देगी असम सरकार

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत के पूर्व मुख्य न्यायधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई को देने का ऐलान किया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा, "मुझे यह बताकर बड़ा आनंद हो रहा है कि असम सरकार माननीय सांसद और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''असम बैभव'' से सम्मानित करेगी।" जस्टिस गोगोई अक्टूबर 2018 से नवंबर 2019 तक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर और बाबरी मस्जिद प्रकरण पर मंदिर पक्ष में फैसला सुनाया था।

डीपफेकः सरकार सख्त एक हफ्ते में नए नियम

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद सरकार सख्ती के मूड में है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक को भारतीय उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और विश्वास के लिए खतरा बताते हुए कहा कि अगले सात दिन में सख्त आईटी नियम बनाए जाएंगे। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने पहले ही सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंचों को स्पष्ट कर दिया था कि यदि डीपफेक पर उसकी सलाह का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया, तो नए आईटी नियमों लाए जाएंगे। चंद्रशेखर ने कहा, 'अनुपालन के स्तर पर रुख मिला-जुला रहा है।' उन्होंने कहा कि संशोधित आईटी नियम एक सप्ताह में आने की संभावना है। मंत्री ने कहा, 'परामर्श में जो था, उसे अब आईटी नियमों में शामिल किया जाएगा।'

राजस्थान के पूर्व मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जल जीवन मिशन में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर मंगलवार को छापा मारा। पिछले साल भी एजेंसी ने केंद्र सरकार की योजना से जुड़े इस मामले में कम से कम दो बार छापेमारी की थी। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जोशी को जयपुर की हवा महल सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था। इससे पहले एजेंसी ने दावा किया था कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी के लिए राजस्थान सरकार के पीएचई विभाग के अधिकारियों की मदद की थी।

यात्रियों ने रनवे पर खाया खाना इंडिगो और एयरपोर्ट को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों द्वारा रनवे पर खाना खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद हरकत में आए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यही नहीं, 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है।

सूत्रों के अनुसार वीडियो वायरल होने की बात संज्ञान में आते ही नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीती मध्य रात्रि को मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। नोटिस के अनुसार,

▸▸ -नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब

"इंडिगो और एमआईएएल दोनों ही स्थिति का अनुमान लगाने और हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उचित सुविधा व्यवस्था करने में सक्रिय नहीं थे।" तय समय में नोटिस का जवाब नहीं मिला तो आर्थिक दंड समेत प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

मोबाइल पर बिना इंटरनेट देख सकेंगे वीडियोज

नई दिल्ली, एजेंसी

'डायरेक्ट-टू-मोबाइल' (टी2एम) प्रसारण जल्द ही एक वास्तविकता बन सकता है। इसमें मोबाइल उपयोगकर्ता बिना सिम कार्ड या इंटरनेट कनेक्शन के वीडियो स्ट्रीम कर सकेंगे। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने एक प्रसारण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि घरेलू डी2एम प्रौद्योगिकी का परीक्षण जल्द ही 19 शहरों में किया जाएगा। इस उभरती प्रौद्योगिकी के लिए 470-582 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम आरक्षित करने की जोरदार वकालत की जाएगी।

▸▸ देश के 19 शहरों में जल्द 'सीधे मोबाइल तक' (डी2एम) प्रसारण का किया जाएगा परीक्षण



अपूर्व चंद्रा ने कहा कि वीडियो ट्रैफिक का 25-30 प्रतिशत डी2एम में स्थानांतरित होने से 5जी नेटवर्क की भीड़ कम हो जाएगी, जिससे देश में डिजिटल बदलाव में तेजी आएगी। पिछले साल डी2एम तकनीक का परीक्षण करने के लिए परीक्षण (पायलट) परियोजना बेंगलुरु, कर्तव्य पथ और नोएडा में चलाई गई थी।

चंद्रा ने कहा कि डी2एम तकनीक देश भर में लगभग 8-9 करोड़ "टीवी डार्क" घरों तक पहुंचने में मदद करेगी। देश के 28 करोड़ घरों में से केवल 19 करोड़ के पास टेलीविजन सेट हैं।

चंद्रा ने कहा कि देश में 80 करोड़ स्मार्टफोन हैं और उपयोगकर्ताओं तक पहुंच वाली 69 प्रतिशत सामग्री वीडियो प्रारूप में है। उन्होंने कहा कि वीडियो के भारी उपयोग के कारण मोबाइल नेटवर्क अवरुद्ध होता है, जिससे वह रुक-रुककर चलने लगता है। सांख्य लैब्स और आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित डी2एम प्रसारण तकनीक वीडियो, ऑडियो और डेटा सिग्नल को सीधे संगत मोबाइल और स्मार्ट उपकरणों पर प्रसारित करने के लिए स्थलीय दूरसंचार बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक प्रसारक द्वारा निर्दिष्ट स्पेक्ट्रम का उपयोग करती है।

डी2एम और इसके फायदे

डी2एम एक डायरेक्ट टू मोबाइल ब्रॉडकास्टिंग टेक्नोलॉजी है, जिसके लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं है। डी2एम की मदद से स्मार्टफोन में बिना इंटरनेट के वीडियोज देखे जा सकते हैं। यह काफी हद तक डायरेक्ट टू होम (डीटीएच) की तरह है। इसका बड़ा फायदा यह होगा कि उन इलाके के यूजर्स भी ओटीटी एप्स पर वीडियोज देख सकेंगे, जहां इंटरनेट की पहुंच नहीं है। डी2एम की पहुंच देश के कोने-कोने में होगी। लेकिन इसके साथ एक बड़ी दिक्कत यह है कि इस वक्त जो फोन बाजार में मौजूद हैं, उनमें यह सपोर्ट नहीं करेगा। डी2एम की लॉन्चिंग के बाद इसे सपोर्ट वाले नए फोन भी लॉन्च होंगे। डी2एम सपोर्ट के लिए सभी मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों को अपने फोन में एक डी2एम एंटीना देना होगा, जो डीटीएच के सेटअप बॉक्स की तरह काम करेगा।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह सर्वे पर लगी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं, हाईकोर्ट ने सर्वे का दिया था आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का आदेश पारित किया। पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया कि मामले में हाईकोर्ट के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को अधिवक्ता आयुक्तों की अदालत (कोर्ट कमिश्नर) की निगरानी वाली तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। इस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने मस्जिद पक्ष की ओर से एक वकील को सुनने के बाद कहा, "आयोग की नियुक्ति के आदेश पर अमल नहीं किया जाएगा।"

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए एक आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 8 नियम 10 पर 'अस्मा लतीफ' मामले में हाल के फैसले के आलोक में कुछ कानूनी मुद्दे उठे हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी कहा, "आवेदन ने सर्वव्यापी प्रार्थना की। प्रार्थना भी अस्पष्ट थी और विशिष्ट नहीं थी।" सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के लिए दायर याचिका का वकील श्याम दीवान ने हिंदू पक्ष की ओर से विरोध किया। अदालत ने हालांकि आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 जनवरी को करेगी।

ज्ञानवापीः जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी की टंकी की होगी सफाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी, क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने पीठ ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए।

हिंदू पक्ष ने की थी कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग

हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी। इस याचिका पर 14 दिसंबर को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया था कि याचिका में दावा किया गया था कि भगवान कृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं, जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा नरेंद्र मोदी का कार्यक्रमः राहुल गांधी

कोहिमा, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं संघ का कार्यक्रम बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। राहुल ने यह दावा भी किया कि विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' की स्थिति बहुत अच्छी है और वह इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करेगा।

अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, "आरएसएस और भाजपा ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को पूरी तरह से राजनीतिक, नरेन्द्र मोदी फंक्शन बना दिया है। यह आरएसएस और भाजपा का कार्यक्रम बन गया है। यही कारण है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में नहीं जाएंगे।" उन्होंने कहा, ''हम सभी धर्मों के साथ हैं। हिंदू धर्म से जुड़े सबसे प्रमुख लोगों (शंकराचार्य) ने भी अपने विचार प्रकट किए हैं कि यह एक राजनीति कार्यक्रम है। इसलिए हमारे लिए ऐसे किसी कार्यक्रम में जाना बहुत मुश्किल है, जिसे प्रधानमंत्री और आरएसएस की इर्द-गिर्द तैयार किया गया है।"

▸▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा- इसलिए कांग्रेस के प्रमुख नेता नहीं होंगे शामिल

हालांकि राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी व्यक्ति, जो भी दर्शन के लिए जाना चाहता है, वो जा सकता है। राहुल गांधी का कहना था कि ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' का लक्ष्य सामजिक न्याय, राजनीतिक न्याय, आर्थिक न्याय की खातिर उनसे जुड़े मुद्दे उठाने के लिए है। एक सवाल पर उन्होंने कहा, "हमने यात्रा मणिपुर से शुरू की, क्योंकि यहां त्रासदी हुई है। प्रधानमंत्री ने मणिपुर आना उचित नहीं समझा, यह शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ने नगालैंड से जो वादा किया, उसे पूरा नहीं किया।"

अलग ही दुनिया में रहते हैं राहुल गांधी : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने 22 जनवरी के रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संदर्भ में मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस नेता एक अलग ही दुनिया में रहते हैं और सोचते हैं कि वह झूठ बोलकर निकल जाएंगे। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल गांधी चाहते हैं कि लोग इस बात पर यकीन करें कि हिंदुओं की आस्था को प्रभावित किया जा सकता है, लेकिन कोई नहीं चाहता कि राहुल गांधी यह व्याख्या करें कि लोगों को अपनी आस्थाओं का पालन कैसे करना चाहिए।

पंजाब के गुरुद्वारे में बेअदबी के शक में युवक की हत्या

फगवाड़ा, एजेंसी। यहां एक गुरुद्वारा परिसर में बेअदबी की कोशिश के आरोप में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई। आरोपी एक निहंग को गिरफ्तार का लिया गया है, जिसकी पहचान रमनदीप सिंह के रूप में की गई है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उसने हत्या की जिम्मेदारी ली और यह भी दावा किया कि उसने आत्मरक्षा में कार्रवाई की।

▸▸ फगवाड़ा का मामला, आरोपी निहंग गिरफ्तार

पुलिस ने कहा कि पीड़ित की उम्र 20 साल थी। पुलिस ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक नरिंदर सिंह की शिकायत पर पीड़ित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शिकायत में कहा गया है कि अज्ञात व्यक्ति सोमवार रात करीब 10 बजे गुरुद्वारे में दाखिल हुआ और देर रात करीब दो बजे उसे बाथरूम में छिपा हुआ पाया गया। गुरुद्वारे में रहने वाले निहंग ने उस व्यक्ति को रोका तो उसने कथित तौर पर कहा कि उसे 'बेअदबी' करने के लिए किसी ने पैसे दिए थे।

भाजपा ने दारा को बनाया एमएलसी का उम्मीदवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 18 जनवरी को करेंगे नामांकन, जीत के बाद कैबिनेट में भी दावेदारी संभव

अमृत विचारः भाजपा ने दारा सिंह चौहान को इंतजार का मीठा फल दिया है। पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के इस्तीफे के बाद खाली हुई विधान परिषद सीट के लिए दारा को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट के लिए होने जा रहे उपचुनाव में चौहान का एमएलसी बनना तय माना जा रहा है। उन्हें कैबिनेट में भी शामिल किया जा सकता है।

बता दें कि सपा का साथ छोड़कर दारा ने भाजपा का दामन थामा है। वह घोसी विधानसभा सीट के लिए हुए हालिया उपचुनाव में पराजित हो गए थे। तभी से पार्टी में उनकी स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे, लेकिन भाजपा ने उन्हें एमएलसी उम्मीदवार बनाकर दूसरा मौका दिया है। विधान परिषद की सीट पर उपचुनाव 30 जनवरी को होगा। पहले मतदान 29 जनवरी को होना था। अब नाम वापसी 22 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को होगी। दारा सिंह 18 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे।

सरकार ने शीरा पर लगाया 50 प्रतिशत निर्यात शुल्क

नई दिल्ली। सरकार ने गन्ने के रस से बने शीरा के निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। यह इथेनॉल उत्पादन का प्रमुख घटक है। सरकार ने चालू सीजन में चीनी उत्पादन में गिरावट के बीच यह कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह शुल्क 18 जनवरी से प्रभावी होगा। इस कदम का मकसद घरेलू भट्टियों के लिए शीरा की उपलब्धता को बढ़ावा देना और सरकार के इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने में मदद करना है। सरकार का लक्ष्य चालू वर्ष में पेट्रोल के साथ 15 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करना है, जिसके लिए 690 लीटर इथेनॉल की आवश्यकता होगी।

योगी ने दीवार पर बनाया कमल का फूल...

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के दीवार लेखन (वॉल पेंटिंग) अभियान में भाग लिया। उन्होंने विश्वकर्मा पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का फूल बनाया और उसके नीचे नारा लिखा, 'फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।'

कमरे में अलाव जलाकर सो रहे दो श्रमिकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचारः सर्दी से बचने के लिए सोमवार की रात कमरे में अलाव जलाकर सोए चार मजदूरों में दो की दम घुटने से मौत हो गई। दो मजदूरों को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया।

मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बीएल मेटल फैक्ट्री में मिर्जापुर जिले के शिवकुमार उर्फ लाला (22), कमलेश (22), ओमप्रकाश (21) और प्रयागराज के अर्जुन (20) मजदूरी करते थे। ये सभी फैक्ट्री में पुरानी बैट्री तोड़ने का वह काम करते थे। सोमवार को काम करने के बाद चारों मजदूर एक ही कमरे में सोने चले गए। सर्दी से बचने के लिए उन्होंने कमरे में एक तसले में अलाव जला लिया और दरवाजा बंद कर सो गए। मंगलवार सुबह देर तक कमरे से मजदूर नहीं निकले तो साथी मजदूरों ने दरवाजे के बगल में लगी खिड़की को तोड़ दिया और अंदर घुसे तो भौचक रह गए। शिवकुमार और अर्जुन की मौत हो चुकी थी। कमलेश और ओमप्रकाश को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि कमरे में एक तसले में आग सुलगती मिली है। आशंका है कि उसी के धुएं से दम घुटने के बाद दोनों की मौत हुई है।

▸▸ सौंरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री का मामला

▸▸ दो मजदूरों को जिला अस्पताल से कानपुर किया गया रेफर

रेल रोको मामले में कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी बरी

अहमदाबाद। जिले की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी और 30 अन्य को एक ट्रेन को बाधित करने के 2017 के एक मामले में बरी कर दिया। मेवाणी और अन्य पर अहमदाबाद रेलवे पुलिस ने 2017 में राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में कालूपुर रेलवे स्टेशन पर एक राजधानी ट्रेन को लगभग 20 मिनट तक रोकने के लिए मामला दर्ज किया था। मेवाणी के साथ 30 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की गैरकानूनी सभा, दंगा करने, लोक सेवक को कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए जान-बूझकर चोट पहुंचाने और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।

राममय देश प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे महानगरों को मिलाकर देशभर में होगा डेढ़ लाख करोड़ का व्यवसाय

अयोध्या दे रहा देशभर को रोजगार, महानगरों का बढ़ा व्यापार

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचारः अयोध्या नगरी देशभर के कामगारों, कारीगरों, कलाकारों को रोजगार देने के साथ व्यवसाय जगत में भी लगभग डेढ़ लाख करोड़ का कारोबार कराने जा रही है। यहां तक कि देश के दिल्ली, मुंबई, कोलकाता महानगरों समेत यूपी के बड़े शहरों की कोरोना काल से सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था को भी गति मिल जाएगी। वास्तव में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग चुके हैं।

दिलचस्प यह है कि सोने-चांदी से लेकर गमछा तैयार करने का व्यवसाय करने वालों के चेहरे भी चमक रहे हैं। दिल्ली के झंडा व्यापारियों का उत्साह देखते बनता है। बढ़ती मांग के चलते वहां झंडा व्यापारियों ने अपने यहां कारीगरों की संख्या को बढ़ा दिया है। सबसे अधिक मांग राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, बिहार से आ रही है। रोजाना लगभग दस-बारह लाख की संख्या में झंडे तैयार हो रहे हैं। तमाम थोक बाजारों में जय श्रीराम की झंडियां आकार के अनुसार 500 रुपए बंडल तो भगवा झंडे प्रति पीस 20 से 50 रुपए तक बिक रहे हैं।

गले का पटका 8-10 रुपए, ऊनी पटका या मफलर 20-100 रुपए प्रति पीस, टोपी 3-10 रुपए, बिल्ले 50 पैसे से डेढ़ रुपए और स्टीकर तीन रुपए। इसके अलावा रामनामी कुर्ता और टोपी अलग। पूजा-पाठ से जुड़ी अन्य सामाग्रियों को मिला लिया जाए तो अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की संभावना है।

देश भर में जहां एक तरफ राम की तस्वीर वाले प्रिंटेड कुर्ते, शर्ट, रामचरित मानस और झंडे की काफी मांग है। वहीं, राम मंदिर की शुरुआत से पहले मुंबई के झवेरी बाजार में सोने चांदी के राम मंदिर, राम के चिह्नित सिक्कों और राम दरबार समेत सोने चांदी की मूर्तियों की मांग बढ़ी गई है।

हकीकत यह है कि बढ़ई से लेकर कुम्हार, लोहार और सोनार सभी की चांदी है। इसके चलते न केवल लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है, बल्कि बाजार से काफी राजस्व भी पैदा होने जा रहा है। यहां तक कि राम मंदिर के कारण संगीत व्यवसाय से जुड़े लोग भी अपनी आय बढ़ाने से अछूते नहीं। देश भर में राम मंदिर को लेकर गीत बन रहे है। विशेष बात यह है कि छोटे गीतकार, संगीतकार और गायकों को काम मिल रहा है। वहीं, सभी शहरों में काम कर रही ऑर्केस्ट्रा पार्टी भी मंदिरों से जुड़े कार्यक्रमों को कराने जुटेंगी।

अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा ऐतिहासिक बल

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया राष्ट्रीय और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल का दावा है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी राज्यों में स्थानीय कारीगरों, कलाकारों और हाथ से काम करने वाले लोगों को भी बड़ा व्यापार मिल रहा है। साथ-साथ रोजगार के नये अवसर पैदा हो रहे हैं। राजस्व तो बढ़ेगा ही, अर्थव्यवस्था को भी ऐतिहासिक बल मिल सकता है, क्योंकि पूरी दुनिया अपने देश के कारोबार से जुड़ने जा रही है।

एक नजर

दोस्ती न करने पर वायरल की अश्लील फोटो

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में दोस्ती से मना करने पर युवक ने छात्रा की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। गोविंद नगर थानाक्षेत्र निवासी बीटेक छात्रा ने बताया कि उसकी शाहजहांपुर निवासी एक युवक से कुछ साल पहले दोस्ती हुई थी। बाद में अनबन होने पर छात्रा ने युवक से बातचीत बंद कर दी थी। युवक लगातार छात्रा से बातचीत करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर युवक ने छात्रा के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। परिजनों ने मंगलवार को युवक के खिलाफ गोविंद नगर थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

आज रूट डायवर्जन

कानपुर। श्री गुरु गोबिंद सिंह साहब प्रकाश उत्सव पर बुधवार को मोतीझील में आयोजित विशाल लंगर में भारी भीड़ उमड़ेगी। इस कारण ट्रैफिक पुलिस ने मोतीझील व कोकाकोला चौराहे की ओर वाहनों से न जाने की अपील की है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मोतीझील चौराहा व कोका कोला चौराहे पर ट्रैफिक का भारी लोड होने की संभावना है। इसलिए राहगीरों से वैकल्पिक मार्ग से जाने की अपील की है।

सांसद-विधायक दीवारों पर लिखेंगे फिर से मोदी सरकार

18 जनवरी से अभियान, सभी पदाधिकारी शामिल होंगे ❍ **हर विधानसभा में डेढ़ हजार दीवारें चुनावी रंग में रंगेंगी**

चुनाव की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा क्षेत्र स्तर के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारी 18 जनवरी से विधानसभा क्षेत्रों की 5-5 दीवारों पर ..एक बार फिर मोदी सरकार.. और कमल का फूल बना कर दीवार लेखन अभियान शुरू करेंगे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि यह अभियान 30 जनवरी तक चलेगा, जिसमें बूथ स्तर तक के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। हर विधानसभा में डेढ़ हजार दीवारें चुनाव के रंग में रंगी जाएंगी। विधायक और सांसद भी ब्रश और पेंट लेकर लेखनी करेंगे। अभियान को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ ही जिलाध्यक्षों ने भी बैठक कर जिम्मेदारी सौंपी।

प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक कर कहा कि 25 जनवरी को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा 2-2 नव मतदाता सम्मेलन होंगे जिसमें विधायक सांसद के साथ ही प्रदेश व क्षेत्र के पदाधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद 20788 बूथों से 5-5 कार्यकर्ता अयोध्या जाएंगे जिनको दर्शन कराया जायेगा। इस तरह भाजपा लगभग एक लाख कार्यकर्ताओं को निशुल्क दर्शन कराएगी। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान, अनिल दीक्षित, उमेश निगम, मोहित पांडेय, अलोक शुक्ला, विकास दुबे, मनोज सिंह, पवन पांडेय, अनूप तिवारी, अचल गुप्ता, ऋषभ शुक्ला, गुरविंदर सिंह छाबड़ा रहे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक कर जिम्मेदारी बांटीं। अमृत विचार

20788
बूथों से 5-5 कार्यकर्ता अयोध्या भी जाएंगे

उत्तर शहर में 28 मंदिरों में चला सफाई अभियान

कानपुर। भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी में मंडल अध्यक्ष और सभी कार्यकर्ताओं के साथ साफ सफाई का अभियान प्रारंभ किया। मंदिर के अंदर पूरी साफ सफाई कर व धुलाई करके सभी फूल माला, पत्तियों को एक जगह एकत्र किया। प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी विधायक सलिल विश्नोई ने हर सहाय विद्यालय के पास स्थित रामेश्वरम मंदिर में और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने दुर्गा मंदिर दबौली में साफ सफाई की। मंगलवार को सभी 14 मंडलों में छोटे बड़े मंदिर मिलाकर 28 मंदिरों में सफाई अभियान चला। इस दौरान जिला महामंत्री अवधेश सोनकर ने फूलमती माता मंदिर स्वरूप नगर में स्वच्छता की। इस मौके पर दिनेश राय, दिनेश बाजपेई, आनंद मिश्रा, चंद्रमणि चौबे, धीरेंद्र त्रिपाठी, अरविंद राज त्रिपाठी, सुमित सरोज, गोविंद मोहन शुक्ला, आलोक पांडे मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने मंदिरों में चलाया सफाई अभियान। अमृत विचार

दक्षिण भाजपा जिलाध्यक्ष ने की कार्ययोजना तैयार

कानपुर। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों संग बैठक कर दीवार लेखन की कार्ययोजना तैयार की। शिवराम सिंह ने कहा कि दक्षिण जिले की किदवई नगर, छावनी और महाराजपुर तीनों विधानसभा क्षेत्र में दीवार लेखन किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ के पांच स्थानों पर ब्रश और पेंट से दीवारों पर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखेंगे। पार्टी के इस अभियान में सांसद, विधायक,प्रदेश सरकार के मंत्री, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख समेत सभी जनप्रतिनिधि, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी अभियान में दीवार लेखन करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिला मंत्री जसविंदर सिंह को इस अभियान का संयोजक बनाया गया है। किदवई नगर में अनवेष शुक्ला, छावनी में तेज बहादुर यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

इरफान केस में अभियोजन की बहस पूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इरफान सोलंकी मामले में कुल 18 गवाह किए गए पेश
- जनता के छह व आठ सरकारी गवाहों ने दिए बयान
- अब बचाव पक्ष ने कोर्ट में शुरू की बहस

अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी कांड में मंगलवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 18 गवाह पेश किए गए। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने सभी गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़ कर सुनाए और विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट में ज्वलनशील पदार्थ पाए जाने की बात कही। वहीं अब बचाव पक्ष ने मामले में बहस शुरू की। कहा कि घटना के 24 घंटे बीतने के बाद क्यों पीड़िता ने थाने में शिकायत की। तुरंत क्यों नहीं की।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के मामले में मंगलवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई की गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने नजीर फातिमा के घर के चार, जनता के छह व सरकारी आठ गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़ कर सुनाए। इसके साथ ही कन्नौज के विधि विज्ञान प्रयोगशाला से आई रिपोर्ट के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयोगशाला ने जांच में ज्वलनशील पदार्थ की पुष्टि की है। घटनास्थल के पास मिले जले हुए कपड़े, बांस व लकड़ी के टुकड़े की जानकारी दी। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि विधायक व उनके साथियों ने ही नजीर फातिमा के घर पर आग लगाई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहाकि नजीर फातिमा न ही मकान में रहती थीं और न ही उनका कब्जा है। आरोप लगाते हुए कहा कि नजीर फातिमा की ओर से जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, वो सलाह मशविरा करके सपा विधायक को फंसाने के उद्देश्य से लिखाई गई है। घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर थाना होने के बावजूद 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। एफआईआर देर से दर्ज कराने के स्पष्टीकरण भी पीड़िता की ओर से नहीं पेश किया गया है। कोर्ट में अब बुधवार को सुनवाई होगी।

बहू से तंग वृद्ध सास ने पुलिस से लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छोटे बेटे को रेप में फंसाने की देती है धमकी, किराये पर रहने को मजबूर हैं सास-ससुर

अमृत विचार। गुजैनी निवासी एक वृद्धा ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर डीसीपी साउथ कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई। वृद्धा ने आरोप लगाया कि बहू शादी के कुछ समय बाद से बेटे से अलग रहने का दबाव बना रही थी। छोटे बेटे को रेप के मुकदमें में फंसाने की धमकी दी।

गुजैनी निवासी छुन्नी देवी (60) ने बताया कि वर्ष 2019 में बड़े बेटे अरविंद राजपूत की शादी पनकी निवासी राम आसरे की बेटी मोनी के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मोनी अरविंद ने अलग रहने का दबाव बनाने लगी। मना करने पर छोटे बेटे को फर्जी रेप के मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। पति शिवपाल (65) ने विरोध किया तो हाथापाई पर उतारू हो गई। धक्का-मुक्की के दौरान पति चुटहिल हो गए। जिसके बाद वृद्धा पति व छोटे बेटे के साथ किराये के घर पर रहने को मजबूर हैं। मंगलवार को बहू की प्रताड़ना से तंग वृद्धा डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार के कार्यालय पहुंची। डीसीपी साउथ ने कार्रवाई करने का वृद्धा को आश्वासन दिया।

साधु के भेष में पकड़ा गया हत्यारोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चापड़ से काटने के बाद तेजाब डाला था
- सात माह से था फरार था हत्यारोपी पति

अमृत विचार। फजलगंज थानाक्षेत्र में सात माह पूर्व पत्नी की चापड़ से काटने के बाद तेजाब डालकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने दबोच लिया। वह सात माह से फरार था और दिल्ली में साधु के भेष में छिप कर रह रहा था। पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

हत्यारोपी अर्जुन।

जिला उन्नाव के मगरवारा निवासी अर्जुन सिंह दर्शन पुरवा में पत्नी सोनी और बच्चों अमित, सुमित और वैष्णवी के साथ रहता था। 24 जुलाई 2023 को पति ने घर में पत्नी सोनी पर चापड़ से 17 वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया था। हत्या के बाद आरोपी ने उस पर तेजाब भी डाला था। बचाने दौड़ी बेटी वैष्णवी पर भी तेजाब डालकर जला दिया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। तबसे पुलिस को अर्जुन की तलाश थी। फजलगंज थाना प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने हत्यारोपी की तलाश में फिर दबिश दी और मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया मंगलवार सुबह सूत्रों ने खबर दी कि वह दादा नगर में टहल रहा है। फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी ने आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी ने पत्नी के अवैध सम्बधों के शक में हत्या की बात कुबूली है। आरोपी ने बताया बेटी पर उसने कोई वार नहीं किया था। लेकिन वह मां को बचाने दौड़ी इसी बीच उस पर भी तेजाब गिर गया था। वारदात को अंजाम देते समय हत्यारोपी के पैरों पर भी तेजाब गिर गया था। उसका एक घुटना जल गया था। अर्जुन ने बताया कि वारदात के बाद वह दिल्ली चला गया। वहीं मजदूरी करके गुजारा किया और भेष बदल कर साधु का रूप धर लिया। थाना प्रभारी ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

सीएसए में जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। अमृत विचार

कंबल से जरूरतमंदों को मिली राहत

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। यह दूसरा मौका था जब सीएसए की ओर से कंबल वितरण किया गया है। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह, डॉ. विजय यादव, विश्वविद्यालय के नवीन दुग्ध विभाग, तिलहन शोध विभाग में श्रमिकों को कंबल वितरित किए गए। डॉ विजय यादव ने बताया कि वर्तमान समय में भीषण ठंड को देखते हुए श्रमिकों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर गेस्ट फैकल्टी डॉक्टर हेमंत कुमार व शोध छात्र उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेम में हारा छात्र सुसाइड करने चला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बहनों से माता-पिता और परिजनों को संभालने की बात लिखी सुसाइड नोट में

अमृत विचार। अर्मापुर थानाक्षेत्र में पिता के मोबाइल से ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान 50 हजार रुपये कट गए तो इंटर का छात्र डांट से बचने के लिए सुसाइड नोट लिखकर घर से निकल गया। सुसाइड नोट में कई बार जान देने की असफल कोशिश की बात लिखने के बाद लिखा कि वह नहर में कूदकर जान दे देगा। परिवार वाले पूरी रात उसे तलाशते रहे। बाद में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अर्मापुर नहर में छात्र की तलाश शुरू की है।

नितिन कुमार।

जिला छपरा बिहार के रहने वाले नितेश कुमार आर्डिनेंस फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर हैं। परिवार में पत्नी, तीन बेटियां प्रिया, प्रीती और अक्षरा और 17 वर्षीय इकलौता पुत्र नितिन है। उन्होंने पुलिस को बताया कि नितिन पनकी में स्थित वीरेंद्र स्वरूप इंटर कॉलेज में 12 वीं का छात्र है। 15 जनवरी को अचानक नितेश घर से गायब हो गया। सब जगह खोजा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मंगलवार सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब छात्र का कमरा और बैग चेक किया तो एक सुसाइड नोट मिला। एडीसीपी पश्चिम आकाश पटेल ने बताया कि ऑनलाइन गेम के दौरान 50 हजार रुपये एक खाते में ट्रांसफर होने की बात पता चली है।

अनन्या पांडेय के खाते में गए 50 हजार

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि 50 हजार रुपये किसी अनन्या पांडेय नाम की युवती के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस उस लड़की की तलाश में जुट गई है। साइबर सेल से मदद ली जा रही है।


बरामद सुसाइड नोट। अमृत विचार

बात करनी बंद की थी

पुलिस के अनुसार नितिन से पहले भी ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान फ्रॉड हो चुका था, वह साइबर ठगों का शिकार हो चुका था। इसकी वजह से पिता ने उसे न सिर्फ डांटा था बल्कि तीन दिन तक बातचीत भी बंद रखी थी। उसके बाद बेटे को समझा बुझा कर आगे से इस तरह की हरकत न करने को कहा था। लेकिन वह नहीं सुधरा एडीसीपी पश्चिम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में नितिन जाता हुआ दिखाई दिया है। विजय नगर के पास एक लड़की के साथ दिखा है।

पापा मम्मी और मेरी प्यारी बहनों आई लव यू

पापा मम्मी और मेरी प्यारी बहनों . आई लव यू अपना ख्याल रखना और मम्मी पापा का भी ख्याल रखना। प्रिया दी नाना नानी और सभी को तुम संभाल लेना। पापा आज मुझसे फिर से गलती हो गई। मुझे पता है कि आप दो-तीन दिन गुस्सा करते फिर नार्मल हो जाते पर मैं आज अपनी नजरों में बहुत नजरों गिर गया हूं। पापा मम्मी को संभालिएगा और अब उनकी आंख में आंसू नहीं आने दीजिएगा। प्रिया दी तुम्हें आईएस बनते नहीं देख पाया, सॉरी। प्रीती दी तुम्हें इंजीनियर बनते नहीं देख पाया सॉरी। मेरी सबसे प्यारी बहन कशिश को डॉक्टर बनता नहीं देख पाया। मम्मा प्लीज रोइयेगा मत। मैंने सुसाइड करने की बहुत कोशिश की, कर नहीं पाया। प्लीज मुझे अब मत ढूंढिएगा मैं नहर में कूद कर खुद को मार लूंगा।

घर में घुसकर बिल्डर को पीटा, की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवई नगर का मामला वीडियो वायरल

अमृत विचार। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने बिल्डर के फ्लैट में घुसकर उनकी पिटाई कर दी। साथ ही घर में तोड़फोड़ की। बिल्डर ने आरोप लगाया कि आरोपी आए दिन पार्किंग व मेंटीनेंस के नाम पर रुपयों की मांग करते हैं, विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इंस्पेक्टर किदवई नगर ने बताया कि घटना आठ जनवरी की है, आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें छह लोग एक फ्लैट में घुस कर एक युवक के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो किदवई नगर के ब्लॉक निवासी बिल्डर सुधीर कुमार गुप्ता का है। सुधीर ने बताया कि उनका राधे विला अपार्टमेंट है। आठ जनवरी को उनके फ्लैट में बिल्डिंग में रहने वाले प्रतीक सिंह उनकी पत्नी पल्लवी सिंह, तरुण पोरवाल, आनंद किशोर पोरवाल, पीयूष व अंकुश पोरवाल घुस आए।

उक्त लोग पार्किंग व मेंटीनेंस के नाम पर रुपयों की मांग करने लगे। विरोध करने पर प्रतीक व उसके ड्राइवर कुलदीप राठौर व गार्ड ने मारपीट शुरू कर दी। घर में तोड़फोड़ कर दी।

किदवई नगर इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आठ जनवरी को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चिंताजनक | सीएसए में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण गोष्ठी में बोले विशेषज्ञ

क्षमता का एक चौथाई ही आलू उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आलू एक अद्भुत फसल है जो वैश्विक दृष्टिकोण से कुल उत्पादन के मामले में चावल एवं गेहूं के बाद तीसरे स्थान पर है। देश में उगाई जाने वाली प्रमुख वाणिज्यिक फसलों में से एक है। उत्तर प्रदेश के बहुत से जिलों की आर्थिक स्थिति आलू उत्पादन पर निर्भर करती है। आलू का पौधा 120 टन प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन करने में सक्षम है लेकिन प्रतिकूलता के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में आलू की उत्पादकता लगभग 30 टन प्रति हेक्टेयर ही है। ये बाते मंगलवार को सीएसए के सब्जी विज्ञान विभाग में डॉ. बृजेश सिंह ने कहीं। वे आलू उत्पादन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण गोष्ठी में शिमला से आए थे।

मुख्य अतिथि केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि आलू की उत्पादकता बढ़ाने के लिए केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला निरंतर ऐसी प्रजातियों का विकास कर रहा है जो कम लागत में अधिक उत्पादन दे सकें, जिनका स्वाद भी अच्छा हो। जिसमें कीट एवं रोग के प्रति सहनशील क्षमता हो। उन्होंने कहा कि आलू के बीज की उपलब्धता कम है इसलिए सीड प्लॉट टेक्निक को अपनाकर किसान आलू बीज की उपलब्धता बढ़ा सकते हैं। कहा कि आलू के चिप्सोना वर्ग की प्रजातियां की बुवाई करें। आलू के लिए पछेती झुलसा एक घातक बीमारी है जिस पर सुरक्षात्मक छिड़काव बहुत प्रभावकारी है। अटारी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने कहा कि आलू के खेत में मेट्रीब्यूजिन की 500 ग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें।

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला के निदेशक डॉ. बृजेश सिंह सीएसए के सब्जी विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों के साथ आलू की फसल को देखते हुए।

120 टन प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन की क्षमता

30 टन प्रति हेक्टेयर ही हो पा रहा है उत्पादन

बीज लागत कम करना बहुत जरूरी

निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह ने बताया कि आलू में 40 से 50 प्रतिशत लागत अकेले बीज पर आती है जिसको कम करने की आवश्यकता है, जिसके लिए नवीन शोध किया जाए। इस अवसर पर सब्जी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह के साथ-साथ डॉ. राजीव, डॉ. इंद्रपाल सिंह, डॉ. शशिकांत, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार यादव आदि वैज्ञानिकों ने भी अपने विचार रखे। औरैया व कानपुर देहात के 100 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

ई-रिक्शों पर केस्को चलाएगा अभियान

कानपुर। शहर में हजारों की संख्या में दौड़ रहे ई-रिक्शा केस्को को प्रतिमाह दो करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। कामर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए अलग बिजली दर निर्धारित होने के बाद भी अधिकतर ई-रिक्शा घरेलू टैरिफ से चार्ज किए जा रहे हैं। केस्को ने ऐसे ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

शहर में 80 हजार से अधिक ई-रिक्शों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से अधिकतर ई-रिक्शें घरेलू टैरिफ से चार्ज किए जा रहे हैं। कुछ ई-रिक्शा संचालकों व ठेकेदारों ने बिजली कर्मियों से सांठगांठ कर अवैध चार्जिंग प्वाइंट बना लिए हैं। चालकों से चार्जिंग के लिए घंटों के हिसाब से रुपये वसूलते हैं। केस्को ऐसे प्वाइंटों को चिन्हित करेगा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि सभी अधिकारियों को केस्को मुख्यालय से आदेश जारी किया जाएगा।

48 क्विंटल प्रतिबंधित पन्नी जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राज्य कर के सचल दस्ते की बदौलत नगर निगम ने एक बार फिर 48 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की है। गुजरात से भदोही जाते हुये ट्रक की जांच में सिंगल यूज प्लास्टिक की खेप पकड़ी गई। दस्ते के सहायक आयुक्त सत्य प्रकाश गौड़ ने नगर निगम प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण को इसकी सूचना दी। प्रवर्तन दल ने ट्रक लखनपुर स्थित राज्य कर ऑफिस से अपने कब्जे में ले लिया।

आलोक नारायण ने बताया कि जांच पड़ताल में इस ट्रक से हलोल गुजरात से आ रहे 160 बोरियों में 4,800 किलो (48 क्विंटल) विभिन्न प्रकार के कैरीबैग बरामद किए गए, जिनको जब्त कर लिया गया। यह ट्रक समय शताब्दी ट्रेवल्स का है।

प्रतिबंधित प्लास्टिक छिपाने के लिए ट्रक में ऊपर दूसरा सामान भरा था। जनवरी माह में ही अब तक प्रवर्तन दल द्वारा 100 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक पकड़ी गई है। उन्होंने बताया कि जब्त प्लास्टिक को नष्ट करने के लिए पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया। जुर्माना न जमा होने के कारण ट्रक को नगर निगम में खड़ा कर दिया।

इस मौके पर प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार इंद्रजीत, राज नारायण, धनंजय, भूपेंद्र सिंह, जितेंद्र बहादुर, राम नरेश, जितेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक विकास कुमार, मोहित बेलदार, जुबैर मौजूद रहे।

पन्नी लदा ट्रक जब्त किया गया। अमृत विचार

- राज्य कर के सचल दस्ते की बदौलत पकड़ा गया माल
- ट्रक से गुजरात से भदोही भेजी जा रही थी पन्नी

आज का मौसम
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

14.4⁰	06.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 58 | सूर्यास्त 05 : 39

शहर में आज

- **शोभायात्रा** : श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर साकेत नगर की ओर से खाटू श्याम भव्य स्थापना उत्सव, शोभा यात्रा सुबह 10 बजे।
- **ज्ञापन** : कानपुर गौशाला सोसायटी के द्वारा गौशालाओं की जमीनों को कब्जा मुक्त कराए जाने के लिए पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सुबह 11 बजे।
- **संकल्प यात्रा** : कल्याणपुर विधानसभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा वार्ड 44 में सुबह 11 :30 बजे।
- **विरोध** : कांग्रेसियों से की गई अभद्रता के विरोध में फूलबाग में विरोध प्रदर्शन दोपहर 12 :30 बजे
- **पद यात्रा** : श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अफीम कोठी चौराहा से हमीरपुर रोड तक पद यात्रा दोपहर 3 बजे।
- श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में घंटाघर में जन संपर्क पद यात्रा दोपहर 3 :30 बजे।
- **स्वच्छता अभियान** : सिख वेलफेयर सोसायटी के द्वारा गुरुद्वारा गड़ेरियनपुरवा में स्वच्छता अभियान दोपहर 3 :30 बजे।
- **गोष्ठी** : कानपुर औद्योगिक डेवलपमेंट कोऑपरेटिव स्टेट लिमिटेड दादा नगर में साइबर सुरक्षा को लेकर गोष्ठी शाम 4 बजे।

14 चौराहे सुधारने के लिए 14 प्रवर्तन दल नियुक्त

एक इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर व चार कांस्टेबल शामिल होंगे हर प्रवर्तन दल में

सुधार की कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अतिक्रमण का दंश झेल रहे शहर के प्रमुख 14 चौराहों को सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 14 प्रवर्तन दल बनाए हैं। हर प्रवर्तन दल में एक इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर व चार कांस्टेबल होंगें, जिनकी जिम्मेदारी चौराहे के 100 मीटर दायरे से अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट वेंडर्स को सुव्यवस्थित करने की होगी। प्रवर्तन दल सर्किल के एसीपी को रिपोर्ट सौंपेंगे। सभी सर्किल के एसीपी अपने चौराहों को गोद लेंगे।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने ट्रैफिक अव्यवस्था से निपटने का बीड़ा उठाया है। पुलिस कमिश्नर ने मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। 14 व्यस्त चौराहों के लिए 14 प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त किए गए। सर्किल के एसीपी के साथ चौराहों के अतिक्रमण को हटाने, स्ट्रीट वेंडर्स को सुव्यवस्थित कराने व चौराहे के बाईं लेन वाले रास्ते को साफ कराने की जिम्मेदारी दी गई है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रवर्तन दल क्षेत्र में चलने वाले अवैध स्टैंडों का नियमितीकरण कराएंगे। जिन स्टैंडों से यातायात प्रभावित होता है उन्हें हटाएंगे। पुलिस मुख्यालय में मौजूद अधिकारियों को भी यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंस्पेक्टर धर्मवीर सरोज, राजकिशोर यादव व हरिकेश कुमार आर्य को भी यातायात संभालने की जिम्मेदारी दी गई है।

एडीसीपी अमिता सिंह को निर्देश देते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार। अमृत विचार

दो एडीसीपी व एक एसीपी को दी जिम्मेदारी

प्रमुख मार्गों व चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों की फौज सड़क पर उतार दी है। कमिश्नर ने एडीसीपी मुख्यालय विजेंद्र कुमार द्विवेदी, एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह व एसीपी यूपी 112 मंजय सिंह को यातायात प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपी। एडीसीपी विजेंद्र कुमार को चकेरी से मंधना तक, एडीसीपी अमिता सिंह को वीआईपी रोड (कैंट से नवाबगंज) तक व एसीपी मंजय सिंह को कचहरी के चारों तरफ की रोड के साथ घंटाघर चौराहा, बड़ा चौराहा व टाटमिल चौराहे से अतिक्रमण हटाने व स्ट्रीट वेंडर्स को सुव्यवस्थित कराने की जिम्मेदारी दी। इसके साथ ही कार्यों की रिपोर्ट डीसीपी ट्रैफिक को सौंपने के निर्देश दिए।

ये 14 चौराहे सुधारे जाएंगे

हैलट, रामादेवी, विजय नगर, बड़ा चौराहा, जरीबचौकी, टाटमिल, घंटाघर, फजलगंज, बर्रा बाईपास, सचान चौराहा, रावतपुर तिराहा, मूलगंज, सरसैया घाट, डिप्टी पड़ाव।

- **चौराहों के 100 मीटर दायरे में नहीं होगा अतिक्रमण**
- **सभी सर्किल के एसीपी क्षेत्र के चौराहों को लेंगे गोद**
- **स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित कराने की जिम्मेदारी दी**

ये होंगे नए नियम

- चौराहों पर कोई भी ऑटो, ई-रिक्शा सवारी नहीं उतारेगा।
- चौराहे से 100 से 500 मीटर दूरी तक सवारियां उतारें व बैठाएं
- चौराहों के बाईं लेन वाले रास्ते से कब्जे हटाए जाएंगे
- 10 से 15 दिन में समीक्षा होगी

कहां किसकी रहेगी निगरानी की जिम्मेदारी

नाम	क्षेत्राधिकारी
आनंद कुमार पांडेय	कोतवाली
आशीष कुमार द्विवेदी	नौबस्ता
राजेंद्र कांत शुक्ल	घाटमपुर
पकंज सिंह	बिल्हौर
संजय कुमार यादव	कर्नलगंज
वीरपाल सिंह	कल्याणपुर
दुर्गेश मिश्रा	कलक्टरगंज
विजय कुमार यादव	पनकी
कमर सुल्ताना	स्वरूप नगर
अनिल कुमार पांडे	चकेरी
इकबाल हैदर	अनवरगंज
दुर्गावती यादव	छावनी
शहरोज अनवर खां	सीसामऊ
सूर्यवली पांडेय	बाबूपुरवा

जीटी रोड पर मौजूद 34 अवैध कट बंद होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रात के समय जीटी रोड पर वाहन सवारों को रास्ता दिखाने के लिए सोलर कैट आई लगवाई जाएंगी। इसके साथ ही जीटी रोड पर हादसे रोकने के लिए 34 अवैध कट बंद किए जाएंगे। एनएच पीडब्ल्यूडी ने मार्ग का सर्वे कर 1.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेजा है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कराया जाएगा।

जीटी रोड पर रामादेवी से आईआईटी तक 34 अवैध कट हैं। इनके कारण अक्सर लोग हादसों का शिकार होते रहते है। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में अवैध कटों से होने वाले हादसे रोकने पर जोर दिया गया था। इसके बाद एनएच पीडब्ल्यूडी व ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त टीम ने रामादेवी से आईआईटी तक मार्ग का सर्वे किया। इस दौरान जीटी रोड पर 34 स्थानों पर अवैध कट मिले, इनकी कुल लंबाई करीब 500 मीटर है। जीटी रोड पर अवैध कट बंद करने, राहगीरों को रात के समय रास्ता दिखाने के लिए सोलर कैट आई तथा मार्ग पर थर्मोप्लास्टिक लगाने के लिए एनएच पीडब्लयूडी ने 1.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार करके दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय कार्यालय में भेजा है।

- **1.50 करोड़ से बंद किए जाएंगे अवैध कट, सोलर कैट आई से चमकेगी जीटी रोड**
- **एनएच पीडब्ल्यूडी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के दिल्ली मुख्यालय को भेजा एस्टीमेट**

> जीटी रोड पर अवैध कट बंद करने, सोलर कैट आई लगाने समेत थर्मोप्लास्टिक जैसे काम कराए जाने हैं। अवैध कटों का सर्वे कर लिया गया है। 1 .50 करोड़ का एस्टीमेट क्षेत्रीय कार्यालय भेजा गया है। हरी झंडी मिलते ही काम शुरू कराया जाएगा।
>
> **अरुण कुमार जयंत, एक्सईएन, एनएच पीडब्ल्यूडी**

अब पुलिस 365 दिन सुनेगी जनता की समस्याएं

कानपुर। जनसुनवाई में खराब प्रदर्शन के कारण पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने नया कदम उठाया है। अब 365 दिन पुलिस अधिकारी जनता की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने सार्वजनिक अवकाश के दिन भी जनसुनवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

गणतंत्र दिवस, होली, गुड फ्राइडे, ईद, दीपावली समेत सभी अवकाश के दिनों में पीड़ित राजपत्रित पुलिस अधिकारी से सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। थानों में सुनवाई न होने पर पीड़ित उच्चाधिकारियों के पास गुहार लगाते हैं। जिसके बाद मामला दर्ज किया जाता है।

वहीं कार्रवाई न होने पर लोग जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत करते हैं, जिसकी निगरानी मुख्यमंत्री की ओर से की जाती है। इस कारण अब सख्त योजना तैयार की है कि जिसमें अवकाश में कोई राहत नहीं मिलेगी।

पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों को जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा जाकर उनकी समस्याएं सुनने और उनके निराकरण के लिए हर बीट अधिकारी को वाट्सएप ग्रुप बनाकर 250 लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के लिए बीट पुलिसकर्मी को कार्रवाई के अधिकार भी दिए गए हैं।

एक नजर

फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना आपत्तिजनक टिप्पणी

कानपुर। जूही थाना क्षेत्र निवासी कारोबारी ने बताया कि उनकी वर्ष 2017 में शादी हुई थी। पिछले करीब डेढ़ माह से एक व्यक्ति पत्नी के नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसमें पत्नी व उनकी और परिवार के कई अन्य लोगों की फोटो डालकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है, जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मामले में उन्होंने जूही थाने में मंगलवार शाम आइटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि साइबर सेल की टीम इसमें लगी है। आरोपी युवक के बारे में जानकारी की जा रही है।

हादसे में रियल इस्टेट कारोबारी के इकलौते बेटे की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चौबेपुर थानाक्षेत्र के बिठूर तिराहा के पास मंगलवार सुबह रियल इस्टेट कारोबारी की तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कारोबारी के इकलौते बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आईडी के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी तो कोहराम मच गया।

स्वरूप नगर में स्थित साईं धाम अपार्टमेंट निवासी रियल इस्टेट कारोबारी कृष्णा ग्रीन हिल्स के ऑनर सर्वेश सिंह के 25 वर्षीय बेटे अंकित सिंह पिता के साथ कारोबार देख रहे थे। परिवार मूलरूप से औरैया के भीखेपुर का रहने वाला है। परिजनों के अनुसार वह रोज की तरह मंगलवार सुबह शिवराजपुर काम से गए थे। वहां से वह सुबह करीब आठ बजे घर लौट रहे थे। शिवराजपुर के आगे बिठूर तिराहे के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। सीट बेल्ट न लगी होने के कारण वह सीधे कार के शीशे से टकरा गए। इससे सिर पर गहरी चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की जानकारी डायल 112 को दी। पुलिस अंकित सिंह को चौबेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चौबेपुर पुलिस ने पास से मिली आधार कार्ड के आधार पर परिजनों को सूचना दी जिससे परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम हाउस लेकर पहुंची तो पिता सर्वेश सिंह, शादीशुदा बहन शिखा उर्फ रेशु, चाचा अनुज सिंह सेंगर, अमरीश सिंह सेंगर, नरेश सिंह सेंगर एक दूसरे से लिपट-लिपटकर कर रोते बिलखते रहे।

पिता सर्वेश ने पत्नी रेखा सिंह को फोन पर जानकारी दी तो वह बदहवास हो गईं। खून से लथपथ अपने लाल का चेहरा चूम कर उसके मुंह में तुलसी की पत्ती डाली। परिजन उन्हें ढांढस बंधाते रहे लेकिन बेटे को याद कर उनकी हालत पोस्टमार्टम हाउस में लगातार बिगड़ती रही। वह अचेत होकर फर्श पर गिरीं तो परिजन उन्हें कंधे पर लादकर निजी अस्पताल ले गए। गांव से बाबा हरपाल सिंह और दादी रामकुंवर भी पहुंच गईं। कई रियल इस्टेट कारोबारी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

रोती बिलखती अंकित की बहन शिखा उर्फ रेशु। अमृत विचार

- **कृष्णा ग्रीन हिल्स के ऑनर सर्वेश सिंह के बेटे थे, कार डिवाइडर से टकरा गई**

अंकित सिंह।

पिता सर्वेश सिंह।

सीट बेल्ट लगाते तो शायद बच जाती जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रियल इस्टेट कारोबारी के बेटे की मौत की सूचना के बाद साईं अपार्टमेंट व आसपास कालोनी के रहने वाले लोग और कई कारोबारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सबका कहना था कि अंकित गाड़ी बहुत तेज चलाता था। हादसे के वक्त वह सीट बेल्ट नहीं लगाए था। लोगों का कहना था कि अगर वह सीट बेल्ट लगाए होता तो शायद जान बच सकती थी।

बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा और आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पिता सर्वेश सिंह और चाचा अमरीश सिंह व अन्य परिजनों को ढांढस बंधाया। शहर के तमाम रियल इस्टेट कारोबारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। त पिता सर्वेश और चाचा अमरेश सिंह अपने दोस्तों के कंधों पर सिर रखकर फूट-फूटकर रोते रहे।

कुछ समय बाद होनी थी शादी

पढ़ाई पूरी करने के बाद कारोबारी का पुत्र अंकित पिता और चाचा के साथ रियल इस्टेट का फैला कारोबार संभालने लगा था। डीसीपी साउथ कार्यालय में क्राइम ब्रांच में तैनात पारिवारिक चाचा अजय सेंगर ने बताया कि जल्द ही उसकी शादी होनी थी। कोई नशे की आदत नहीं थी।

मैनहोल हो गए सड़क से ऊंचे, नोटिस जारी

डीएम ने बैठक में दिए दिशा निर्देश। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में जताई नाराजगी**
- **बोले, हादसे रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएं**

अमृत विचार। शहर में होने वाले हादसों को रोकने के लिए जरूरी है कि मैनहोल व सड़क के लेबल में असमानता न हो। ऐसी सड़कों को चिह्नित किया जाए और असमानता को दूर किया जाए। ये निर्देश जिलाधिकारी विशाख जी ने नया सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए।

उन्होंने मैनहोल और सड़क के लेबल में असमानता पर लोनिवि प्रांतीय खंड व निर्माण खंड के अधिशासी अधिशासी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कौशल विकास मिशन के कार्यों में प्रगति न पाए जाने पर प्रधानाचार्य आईटीआई व जिला समन्यक कौशल विकास मिशन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए।

सामूहिक विवाह योजना में ठीक प्रगति न होने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया और नाराजगी जाहिर की। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, हर घर जल, निपुण परीक्षा आकलन, ऑपरेशन कायाकल्प, शादी अनुदान, ओडीओपी. टूलकिट, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। पांच स्थानों पर भूमि के कारण हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इस पर डीएम ने अवर अभियंता चिकित्सा विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

डीएम ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकरी विकास कार्यो से संबंधित भूमि विवाद को निस्तारित कराकर कार्यों को शुरू कराएं। अधिकारी प्रत्येक माह कम से कम पांच विभागीय योजनाओं व विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें। निरीक्षण आख्या व फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराएं।

बिना सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर जिला विद्यालय निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र निरंजन, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी चित्रा दुबे उपस्थित रहीं।

भ्रष्टाचार में केडीए के सुपरवाइजर को 5 साल कैद, जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप**
- **कोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया**

अमृत विचार। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) में सुपरवाइजर के पद पर तैनात रहे राम सिंह चौहान को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने पांच वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है। उस पर कार्य करने के दौरान 18 साल में वेतन के सापेक्ष साढ़े तीन गुना संपत्ति अर्जित कर आय से अधिक संपत्ति कमाने का आरोप साबित हुआ है।

अदालत को अभियोजन की ओर से बताया गया कि आरोपी राम सिंह चौहान कानपुर विकास प्राधिकरण में सुपरवाइजर के पद पर तैनात था।

इसी दौरान वर्ष 2000 में उसके द्वारा भ्रष्टाचार से संपत्ति अर्जित करने की शिकायत शासन से की गई थी जिस पर शासन ने 29 अगस्त 2000 को आरोपी के विरुद्ध जांच का आदेश दिया था। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह चौहान ने आरोपी के विरुद्ध 6 फरवरी 1980 से 31 दिसंबर 1998 तक की अवधि की जांच शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी ने पीएफ, नगदी व अन्य स्रोतों से कुल 4,11,725 रुपए प्राप्त किए थे जबकि विभिन्न संपत्तियों को अर्जित करने एवं अन्य मदों में उसके द्वारा 14,35,146 रुपए अर्जित किए गए। जांच के दौरान पता चला कि अभियुक्त ने भ्रष्टाचार से 10 लाख 23 हजार 421 रुपये अधिक अर्जित किए जिसका वह कोई जवाब नहीं दे पाया। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध कानपुर के गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

ई-रिक्शा से रैन बसेरों में पहुंचाएगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अमृत विचार ने खुले में सो रहे असहाय लोगों की खबर प्रकाशित की तो नगर निगम प्रशासन हरकत में आया। अब शहर में खुले में सो रहे लोगों को नगर निगम ई-रिक्शा में बैठाकर रैन बसेरा पहुंचाएगा।

महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने हर जोन के लिए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाई। अपील की कि बेसहारा लोग खुले में न सोकर कानपुर नगर निगम के रैन बसेरा में ही रात-गुजारें। बिस्तरों, कंबल आदि की निःशुल्क पूरी व्यवस्था की गयी है।

महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने प्रत्येक जोन में एक-एक ई-रिक्शा जोनल अधिकारियों को उपलब्ध कराया। महापौर और नगर आयुक्त ने नगर निगम में सात ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें से छह जोन में और एक विशेष परिस्थिति के लिए होगा। जो लोग सड़क, फुटपाथ और अन्य खुले स्थलों पर रात बिता रहे हैं उन्हें ई-रिक्शा से जोन के रैन बसेरों में पहुंचाया जाएगा।

स्मार्ट शेल्टर होम में लगा है ताला, बाहर ठिठुर रहे बेसहारा लोग
अमृत विचार ने खोली थी पोल।

सस्ती डीलरशिप का झांसा देकर दो लाख ठगे

कानपुर। सीसामऊ थानाक्षेत्र में पशु आहार बनाने वाली कंपनी की फर्जी वेबसाइट बनाकर साइबर ठगों ने सस्ती डीलरशिप का झांसा देकर दो लोगों की ठगी कर ली।

कंपनी का जरीब चौकी पर दफ्तर है। कंपनी के मैनेजर केशव मिश्रा ने बताया कि 30 नवंबर 2023 को डीलरों ने फर्जी वेबसाइट की जानकारी दी। जिसपर सभी सूचनाएं मूल वेबसाइट से कॉपी की गई थी। वेबसाइट पर सस्ती दरों में फ्रेंचाइजी का ऑफर दिया गया था। लालच में आकर दो लोगों ने संपर्क किया और 1.17 लाख की ठगी की गई। बात करने वाले युवक ने अपना नाम अतुल मिश्रा बताया था। एसओ सीसामऊ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति ने दी जान

कानपुर। चकेरी के गणेशपुर इलाके में पति ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को उसकी गर्दन, पेट में ब्लेड से जख्म के निशान मिले हैं। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की।

जितेंद्र उर्फ बब्बन मजदूरी करते थे। भांजे ने बताया कि मामा जितेंद्र शराब के लती थे। मंगलवार शाम वह फिर घर शराब पीकर पहुंचे। इसके बाद घर पर मामी रामकांति से किसी बात पर झगड़ा करने लगे। इस पर मामी बच्चों के साथ घर के बाहर चलीं गईं। इसके बाद मामा ने कमरे में फांसी लगा ली। करीब आधा घंटा बाद लौटीं मामी ने जब उन्हें फंदे पर झूलते देखा तो उनकी चीख निकल गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सर्दी का सितम | उत्तर पश्चिमी हवाएं कमजोर होने से हुआ असर, तेज हवाओं की वजह से गलन भरी सर्दी ने सताया

24 घंटे के अंदर चार डिग्री उछल गया अधिकतम पारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान ने चार डिग्री सेल्सियस की उछाल मार दी। मंगलवार को यह 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमान ने 15 जनवरी का 21 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। मौसम वैज्ञानिकों ने अधिकतम तापमान में इतनी जल्दी उतार-चढ़ाव की वजह उत्तर पश्चिमी हवाओं के कमजोर होने को माना है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि गुरुवार के बाद बर्फीली हवाएं और अधिक गलन पैदा कर सकती हैं।

सोमवार को अधिकतम पारा 10.2 डि.से. तक गिर गया था जो इस सर्दी का सबसे अधिक ठंडा दिन रहा था। मौसम वैज्ञानिकों ने इसे सीवियर कोल्ड डे घोषित किया था। मंगलवार सुबह घने कोहरे के बावजूद दोपहर को अच्छी धूप निकली। 2.9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने गलन कम न होने दी। तेज हवाओं की वजह से धूप बेअसर रही। ठंड से राहत लेने के लिए लोग धूप सेंकते दिखे। शआम होते होते गलन फिर बढ़ गई। रात 9 बजे से घना कोहरा गिरने लगा। रात 10 बजे दृश्यता लगभग शून्य हो गई थी। चार कदम दूर का भी नहीं दिख रहा था।

उधर, कोहरे की वजह से ट्रेनों की रफ्तार भी धीमी रही। मंगलवार को 71 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से सेंट्रल पहुंची। कोहरे का असर यहां की हवाई उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली और मुंबई जाने वाली उड़ान अपने निर्धारित समय से लगभग 3 घंटे लेट रहीं।

इससे पहले कोहरे की वजह से शनिवार, रविवार और सोमवार को फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकी थी। मंगलवार को देरी से उड़ान भरने पर यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही इंतजार करना पड़ा।

कूड़ा-करकट जलाकर तापते बच्चे। अमृत विचार

गुरुवार के बाद फिर गलन बढ़ेगी

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार तक मौसम में उतार-चढ़ाव संभव है। इसके बाद उत्तर पश्चिम हवाएं अपना असर दिखाएंगी। गुरुवार के बाद सर्द हवाओं से पारे में और अधिक गिरावट दर्ज होने की संभावना है। इसके अलावा सुबह और शाम को घना कोहरा भी पड़ सकता है।

10.2 डि.से.से बढ़कर 14 .4 पर पहुंचा

अपार्टमेंट में आग बुझाने के कोई उपकरण नहीं

रिहायशी बिल्डिंग का कॉमर्शियल कर रहे थे इस्तेमाल, एफएसएसओ ने टीम के साथ किया निरीक्षण

चमनगंज अग्निकांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चमनगंज थानाक्षेत्र में सोमवार रात जिस चार मंजिला अपना घर अपार्टमेंट में आग लगी थी वहां आग बुझाने का एक भी उपकरण नहीं मिला। अवैध रूप से रिहायशी बिल्डिंग का कॉमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा था। मंगलवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के निर्देश पर एफएसएसओ मीरपुर के सिंह ने दमकल कर्मचारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। बिल्डिंग में रहने वाले लोगों और दुकानदारों से पूछताछ की।

एफएसएसओ ने अपार्टमेंट के बेसमेंट को देखा जहां से आग भड़की थी। लोग शार्ट सर्किट की बात बताते रहे। सीएफओ ने बताया कि एफएसएसओ मीरपुर मौके पर गए थे। प्रथम दृष्टता रिहायशी बिल्डिंग का कॉमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा था। जो पूर्णतया नियम विरुद्ध है। पूरे अपार्टमेंट में आग और बचाव के कोई भी इंतजाम नहीं पाए गए। यह बहुत बड़ी लापरवाही है। एफएसएसओ रिपोर्ट उन्हें सौंपेंगे जिसके बाद कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि आग की घटना के बाद 20 फ्लैटों में रहने वाले लोग अपने नाते रिश्तेदारों के घर चले गए। दूसरी ओर डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार के निर्देश पर सीसामऊ एसीपी श्वेता कुमारी ने एफएसएसओ के साथ पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया और जांच पूरी होने के बाद दोबारा रहने के लिए लोगों को निर्देश दिए।

टार्च की रोशनी से जला कमरा देखते एफएसएसओ।

एफएसएसओ से जानकारी लेतीं एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमारी। अमृत विचार

- एफएसएसओ की रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

फ्लैट में फंसे इन लोगों को निकाला गया

सीएफओ ने बताया कि फ्लैट से 10 वर्षीय कयानात पुत्र फैजान, फैजान का तीन वर्षीय पुत्र अली, फैजान की पत्नी बीनू, शबाना बेगम, शहाना उर्फ सोनी, अतिका 5 .5 वर्ष, इनाया 3 .5 वर्ष, आबिद, खुशनुमा, रहनुमा, मोहसिन, आदिल की माता, बिलाल, अनवार, जावेद, तारिक, अजहर हलीम, अरसद हमीद, असद, हुजैफा, बतुलन, मो वसी आदि को रेस्क्यू कर निकाला गया था। उन्होंने बताया कि बेसमेंट में जूता चप्पल का कारखाना कमर, उमर और आरिफ का है। रेडीमेड कपड़ों में काज बटन का कार्य भी कराया जाता है।

20

फ्लैटों में रहने वाले लोग अपने नाते रिश्तेदारों के घर चले गए। आस-पास की इमारत वालों में भी पसरी दहशत

पहली मंजिल तक पहुंचती आग तो होता बड़ा हादसा

सीएफओ का कहना था कि मिनी कंट्रोल में सोमवार रात 7 .45 मिनट पर आग लगने की घटना की जानकारी मिली। दस मिनट के भीतर दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं थीं। उस दौरान बेसमेंट में रुक-रुक कर लपटें और भारी धुआं निकल रहा था। बिल्डिंग में फंसे लोग चीखपुकार मचा रहे थे। फायर फाइटर्स ने सीढ़ी लगाकर एक-एक करके लोगों को उतारना शुरू किया। अगर पहली मंजिल तक आग पहुंचती तो बांसमंडी की तरह आग ऊपर फैल सकती थी। जिसके बाद बड़ा हादसा हो सकता था।

शहर में हो चुके अग्निकांड

- 15 अगस्त 2023 को फजलगंज में कार शोरूम में 50 लाख से ज्यादा का नुकसान, कई कारें जलीं।
- दादानगर में दो फैक्ट्रियों में भीषण आग, कई घंटों में बुझाई गई।
- फरवरी 2023 को पनकी स्थित एक पान मसाला फैक्ट्री में युवक की जलकर मौत।
- 22 फरवरी 2023 को फजलगंज में साइकिल गोदाम में हुए अग्निकांड में दो कर्मचारियों की मौत।
- 30 मार्च 2023 की देर रात बासमंडी के थोक कपड़ा के छह शापिंग कांप्लेक्स आग से तबाह हो गए थे, जिसमें एक गुमटी दुकानदार की मौत हो चुकी है।
- 02 अप्रैल 2023 को बेकनगंज के रेडीमेड कपड़ा मार्केट में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई थी।
- 09 अप्रैल को बाबूपुरवा की चालीस दुकान में 13 दुकानें जलकर खाक हो गई थीं, हादसे में 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ था।
- 18 अप्रैल को दीवानी न्यायालय में शार्ट सर्किट से दो वकीलों के चेंबर जल गए थे।
- 07 मई को फीलखाना थानाक्षेत्र के शिव कांप्लेक्स में 11 दुकानों में लगी थी आग।
- 04 जून को जाजमऊ के धागा फैक्ट्री में लगी भीषण आग।

सार-संक्षेप

अस्पताल में मरीजों से बात करते एयर मार्शल विभास पांडेय अमृत विचार

एयर मार्शल ने वायु सेना अस्पताल का किया निरीक्षण

कानपुर। वायु सेना के एयर मार्शल विभास पांडेय और एयर फोर्स फैमिलीज वेलफेयर एसोसिएशन, अनुरक्षण कमान की अध्यक्ष रुचिरा पांडेय ने वायुसेना अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। एयर मार्शल ने अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद चिकित्सा देखभाल व सुविधाओं के बारे में कर्मियों से जानकारी ली। मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के प्रबंधन में कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लेकर विकास कार्यों की जानकारी ली। रुचिरा पांडेय ने वायु सेना परिवार कल्याण संघ के विभिन्न उपक्रमों के अच्छे कार्यों की सराहना की और संगिनियों को आयोजित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

बीपीओ ने पेश की मानवता की मिसाल

कानपुर। राजस्थान के भीलभाड़ा के निवासी सतीश कुमार बधवाल नौघड़ा जनरलगंज में व्यापार के लिए आए थे। उनका लाल रंग का ट्रॉली बैग खो गया। जिसमें बिल, बिल्टी कागजात और कई जरूरी चीजे, कपड़े के सैम्पल थे। सूचना पर थाना बादशाहीनाका के बीट पुलिस अधिकारी अंकित कुमार व बबलू कुमार मौके पर पहुंचे और आसपास की दुकानों में लगे कैमरों की वीडियो फुटेज चेक किए। जिसके बाद बैग जनरलगंज की एक दुकान के पास से मिल गया। इसके बाद पीड़ित को बैग सुपुर्द कर दिया गया। पूरा सामान बैग में मिला तो पीड़ित की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कमिश्नरेट पुलिस की प्रशंसा की।

डीसीपी ने निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

कानपुर। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल प्रमोद कुमार ने थाना स्वरूपनगर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। गुरुगोबिंद सिंह प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मोतीझील में कार्यक्रम स्थल पर लंगर, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह पुलिस उपायक्त दक्षिण रविन्द्र ने थाना बाबूपुरवा क्षेत्र में 18 जनवरी को निकलने वाले जुलूस के दृष्टिगत बाबूपुरवा के साथ फोर्स के साथ सिविल डिफेंस व जुलूस के आयोजकों के साथ पैदल गश्त की।

भूमिगत स्टेशनों पर फिनिशिंग और ट्रैक निर्माण तेज किया गया

थर्ड रेल सिस्टम का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मेट्रो के चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन के सभी चारों भूमिगत स्टेशनों पर फिनिशिंग और टनल में ट्रैक निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को बड़ा चौराहा से नयागंज के बीच मेट्रो की अप-लाइन टनल में 750 वोल्ट थर्ड रेल सिस्टम लगाने की शुरुआत हो गई। कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-1 (आईआईटी - नौबस्ता) के भूमिगत भाग में इसके लिए पिछले कुछ दिनों से उपकरणों को जमीन के नीचे उतारने की प्रक्रिया चल रही थी।

बड़ा चौराहा से नयागंज के बीच अप-लाइन टनल में थर्ड रेल इंस्टॉल करने के लिए मंगलवार को ब्रैकेट्स लगाने के काम किया गया।

थर्ड रेल प्रणाली में पारंपरिक तौर पर प्रयोग होने वाली ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) प्रणाली की जगह पर ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल का प्रयोग किया जाता है। 750 वोल्ट डीसी करंट पर चलने वाली कानपुर मेट्रो ट्रेनें परिचालन हेतु इसी थर्ड रेल का प्रयोग करती हैं।

थर्ड रेल इंस्टॉलेशन के लिए टीम को बधाई देते हुये यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि कानपुर मेट्रो के भूमिगत सेक्शन पर ट्रैक बिछाने का काम तेज़ी से हो रहा है। थर्ड रेल प्रणाली में ट्रेनों के परिचालन के लिए बिजली की सप्लाई ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल से मिलती है। थर्ड रेल ट्रैक्शन सिस्टम का मेंटेनेंस कम होता है। इस सिस्टम में बिजली के तारों का कोई सेटअप बाहर दिखाई नहीं देता, इस वजह से यह सिस्टम शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुंदर बनाए रखने में भी मददगार होता है।

फिनिशिंग और ट्रैक निर्माण कार्य तेजी पर। अमृत विचार

कमिश्नर ने 836 पुलिस कर्मियों को रिलीव किया

कार्यालय संवाददाता कानपुर

अमृत विचार। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर में लंबे समय से डटे 836 पुलिस कर्मियों को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कार्यमुक्त कर दिया। ये पुलिस कर्मी ट्रांसफर होने के बाद भी जमे हुए थे, जबकि अफसरों की ओर से उन्हें रिमाइंडर भी दिया गया था। कार्यमुक्त करने के बाद शासन को इसकी जानकारी दे दी गई है।

पुलिस कर्मियों के ट्रांसफर काफी पहले हो गए थे मगर या तो जुगाड़ या फिर दबाव बनवाकर वह कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में ही डटे थे और यहीं रहकर काम भी कर रहे थे। तीन जनवरी 2024 को डीजी के यहां से पुलिस कमिश्नरेट में जब ऐसे पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त करने का पत्र प्राप्त हुआ तब पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी हेडक्वाटर्स समेत अन्य अधिकारियों के साथ ट्रांसफर किए गए पुलिस कर्मियों की सूची तैयार कराई। इस सूची में 20 इंस्पेक्टर, 236 सब इंस्पेक्टर, 480 हेड कांस्टेबल, 58 कांस्टेबल और 42 सशस्त्र पुलिस सैनिक मिले। इन सबको नई तैनाती स्थल के लिए रिलीव कर दिया गया। एक दिन पहले 38 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का गैर जनपद ट्रांसफर किया था।

25 मोबाइल बरामद कर वापस कराए

कानपुर। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर मंगलवार को कमिश्नरेट के सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की टीम ने खोये व गुम हुए 25 मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल धारकों के सुपुर्द किए। दो माह के अन्दर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु व दिल्ली आदि स्थानों से 25 मोबाइल फोन सर्विलांस टीम पूर्वी जोन ने बरामद किए। अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये है। सर्विलांस सेल टीम ने पहले भी लगभग 350 मोबाइल फोन बरामद किए थे। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख रुपये थी।

सांसद सत्यदेव पचौरी ने लाभार्थियों को गैस चूल्हा दिया। अमृत विचार

विकसित भारत संकल्प यात्रा का कैंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 848 लोगों ने योजनाओं में किया आवेदन

अमृत विचार। विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गोविंदनगर विधानसभा पहुंची। मसवानपुर, नवीन नगर में कैंप लगाया गया, जिसमें सांसद सत्यदेव पचौरी मौजूद रहे।

कैंप में 848 लोगों ने सरकारी योजनाओं में आवेदन किया। लाभार्थियों को सांसद ने नमो एप डानलोड कराया। प्रधानमंत्री की गारंटी वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा का कैंप नगर निगम की ओर से आयोजित हुई।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव गरीबों के उत्थान के लिए संकल्पित रहे हैं। गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए उन्होंनें अनेकों योजनाएं चलाईं हैं। उन्होंने कैंप में आए लोगों को प्रधानमंत्री आवास, स्वनिधि योजना, आधार कार्ड, राशन कार्ड योजनाओं के लाभ लेने के लिए कहा। बताया कि कैंप कानपुर के प्रत्येक वार्ड में आयोजित हो रहे हैं। इस मौके पर अशोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुमित सरोज, राजेश भदौरिया, दीपक शुक्ला, महिला मोर्चा की सरोज सिंह मौजूद रहीं।

सूदखोर सपा नेता ने महिला से किया दुष्कर्म, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- थाने से लेकर डीसीपी और पुलिस कमिश्नर के यहां भी नहीं हुई सुनवाई

अमृत विचार। अर्मापुर थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने सूदखोर सपा नेता पर दुष्कर्म, मारपीट, धमकी का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति ने काम के लिए ब्याज पर रुपये लिए थे। जिस पर आरोपी ने मूलधन की मांग को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब कई पुलिस ने नहीं सुनवाई की तो न्यायालय के आदेश पर तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

अर्मापुर की रहने वाली महिला ने बताया कि वह विधि स्नातक है। उसके पति के सूदखोरी का काम करने वाले सुभाष शुक्ला से संबंध थे। वह समाजवादी पार्टी का नेता भी है। पीड़िता के अनुसार उसके पति ने 70,000 रुपये तीन वर्ष पूर्व लिया था। जिसे उनके पति धीरे-धीरे अदा करते रहे। आरोप लगाया कि सुभाष शुक्ला मूलधन की मांग को लेकर उसके पति के साथ आए दिन गाली गलौज और मारपीट किया करता था। आरोप है कि 10 दिसंबर 2021 को रात लगभग 10 बजे सुभाष शुक्ला अपने भाई सिद्धार्थ शुक्ला, ड्राइवर अशरफ अली और अन्य दो लोगों को लेकर घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि इस दौरान वह लोग पति से साथ चलने की बात कहने लगे। पति ने इस बात का विरोध किया तो वह लोग जबरन उसके पति को घर से उठाकर टाटा सफारी में बैठाकर ले जाने लगे। जिस पर उसने डायल 112 को सूचना दे दी। बताया कि शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी पति को देख लेने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि सुभाष शुक्ला व उसके साथी आए दिन पति को जान से मारने व उठाकर ले जाने की धमकी देने लगे।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि 16 दिसंबर 2021 को सिद्धार्थ शुक्ला व उसके कुछ साथी बच्चों का अपहरण कर वीडियो कॉल करके धमकी देने लगे। आरोपी ने अपने ऑफिस आनन्द वाटिका अपार्टमेन्ट नवीन नगर काकादेव बुलाया। उन लोगो के बुलाने पर वह उनके ऑफिस पहुंची। आरोप है कि सुभाष शुक्ला कुछ गोपनीय बातें करने के लिए अंदर कमरे में ले गए। वहां धमकी देकर दुष्कर्म किया। कहा कि अगर तुमने रिपोर्ट लिखाई या किसी को बताया तो जान से मार दी जाओगी। आरोपी ने कहा कि उसका वीडियो बना लिया है जो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। इसके बाद आरोपी उसे अपने ऑफिस बुलाता रहा और दुष्कर्म करता रहा। लोकलाज के डर के कारण इस बात को उसने किसी को नहीं बताया। वह पति के साथ थाना काकादेव रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंची तो रिपोर्ट नहीं लिखी गई। 13 सितंबर को पुलिस कमिश्नर से मिलीं लेकिन इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। इसके बाद 21 सितंबर 2023 को डीसीपी सेन्ट्रल प्रमोद से मिलीं जहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की मदद से मामला दर्ज कराया। काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी सुभाष शुक्ला, सिद्धार्थ शुक्ला, ड्राइवर अशरफ अली और अन्य दो लोगों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 452, 506, 376 (2)(n) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

गोल्डी मसाले की ओर से उपहार बांटे गए। अमृत विचार

गोल्डी मसाले ने विक्रेताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लकी ड्रा में किराना दुकानदार ने जीती मोटर साइकिल

अमृत विचार। भारत के सुप्रसिद्ध मसालों के निर्माता शुभम गोल्डी मसाले कानपुर ने फतेहपुर स्थित खागा में अपने वितरक व विक्रेताओ का सम्मान समारोह किया। कार्यक्रम का उद्घघाटन कंपनी के बिक्री प्रबंधक अनिल आर्य ने गणेश पूजन व दीप प्रवज्वलन से किया।

रिश्ते विश्वास के उपहार योजना एवं लकी ड्रा में थरियांव के किराना दुकानदार फूलचंद्र को मोटरसाइकिल की चाभी पुरस्कार में देकर सम्मानित किया। लक्ष्मी एजेंसी खागा के विजय केसरवानी, कंपनी बिक्री अधिकारी निहित श्रीवास्तव व नितिन पाण्डेय ने सभी विक्रेताओं का स्वागत व सम्मान किया। अनिल आर्य ने कहा कि बदलते मार्केटिंग परिवेश को ध्यान में रखते हुए टेक्नोलॉजी, उत्पादन विस्तार, मार्केटिंग व प्रचार में नए प्रयोग गोल्डी समूह की सफलता के मूलमंत्र है। समूह के निर्देशकों, वितरकों और कर्मचारियों की कड़ी महेनत, बढ़िया क्वालिटी और अच्छे दाम की वजह से गोल्डी समूह नए पयदान पर पहुंच रहा है। शुरुआत से ही गोल्डी ने ग्राहकों के हित को सर्वोपरि रखा है। जिसका ही परिणाम है कि कानपुर से शुरू गोल्डी आज पुरे भारत में अपनी प्रसिद्धि की धाक जमा चुका है। क्षेत्रिय बिक्री अधिकारी मोहित गौड़ ने बताया कि गोल्डी उद्योग समूह को कई बार केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। लक्ष्मी एजेंसी खागा के विजय केसरवानी, कंपनी बिक्री अधिकारी निहित श्रीवास्तव व नितिन पाण्डेय ने सभी विक्रेता बंधुओं का स्वागत किया।

जनसमस्या चिड़ियाघर से गुरुदेव चौराहा जाने वाली सड़क की खराब हालत

खुदी सड़क पर पलट रहे वाहन, जख्मी हो रहे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चिड़ियाघर से गुरुदेव चौराहा जाने वाली सड़क इस समय वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी है। दो जगह इस समय सड़क खुदी पड़ी है। जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। अक्सर वाहन पलट जाते हैं।

चिड़ियाघर के आसपास बस्ती के लोग, केसा कालोनी, ज्योरा, ख्योरा, मकड़ीखेड़ा, विकासनगर, अमरूद मंडी के लोग इसी रोड से निकलते हैं। प्रतिदिन इस रोड पर हजारों की संख्या में वाहन निकलते हैं। ई-रिक्शे इस रोड पर सवारियां भरकर निकलते हैं। बीते तीन दिन में करीब एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा सड़क पर गड्ढों के कारण पलट चुके हैं।

कल्याणपुर में जीटी रोड का यह हाल है। अमृत विचार

विकास नगर डिपो के सामने सड़क मोटरेबुल नहीं की गई।

गड्ढे में मिट्टी की पटान बनी मुसीबत

कानपुर। विकास नगर डिपो के सामने बीते सप्ताह सड़क पर खुदाई हुई थी। आसपास के लोगों को नहीं पता कि सड़क क्यों खोदी गई। करीब छह फिट गड्ढे में खुदाई के बाद मिट्टी पाट दी गई। वाहनों के निकलने से मिट्टी बैठ गई और सड़क करीब एक फिट नीचे हो गई। अब अंधेरा होने या कोहरे में वाहनों के निकलने पर हादसे हो रहे हैं। कई ई-रिक्शा पलट चुके हैं। करीब आठ-दस बाइक सवार, ई-रिक्शा चालक व सवारियां जख्मी हो चुकी हैं।

खुदी सड़क लोगों को कर रही बेहाल

कानपुर। गुरुदेव चौराहे के पास चिड़ियाघर रोड पर करीब 10-15 फिट सड़क खुदी पड़ी है। सड़क की आरसीसी खोदकर डाली गई है। सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थर वाहन चालकों को बेहाल कर रहे हैं। बाइकें तो उखड़ी सड़क में उलझ जाती हैं। बाइक का पहिया फंसने से चालक गिरकर जख्मी हो रहे हैं। सड़क किनारे ठेला लगाने वालों का कहना है कि ई-रिक्शा, कार या अन्य भारी वाहन निकलने पर पत्थर उछलकर दूर गिरता है। कई लोग पत्थर लगने से घायल हो चुके हैं।

वित्तीय गड़बड़ी में प्रधान व सचिव किए गए निलंबित

रसूलाबाद। वित्तीय अनियमितता व सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित किया गया। यह कार्रवाई डीपीओ व जेई की जांच के बाद हुई।

रसूलाबाद की सजावारपुर ग्राम पंचायत के सदस्यों संतोष कुमार, सीता देवी, राकेश कुमार ने जिलाधिकारी से शिकायत करके बताया था कि सजावारपुर ग्राम पंचायत में कायाकल्प, हैंड पंप रिबोर एवं मरम्मत के कार्यों में कुल 4 लाख 21 हजार एक सौ छह रुपए की धनराशि आहरित की गई पर काम कम हुआ। जांच जिला प्रोबेशन अधिकारी व अवर अभियंता ने अनियमितता के आरोपों की पुष्टि हुई। इसके बाद सचिव ग्राम पंचायत मेहुल कुमार व ग्राम प्रधान सुनीता देवी को निलंबित किया गया।

एक नजर

मेडिकल कालेज में शोध पर व्याख्यान लेंगे विशेषज्ञ

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को डॉ.तनु मिड्ढा की अध्यक्षता में हुई पीजी सेल की बैठक में कोऑर्डिनेटर डॉ.सीमा द्विवेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष मेडिकल कॉलेज में विभिन्न विभागों के तीन सौ से अधिक विषयों पर शोध चलता है। ऐसे में महीने के प्रथम शनिवार को दोपहर दो बजे से तीन बजे तक शोध से संबंधित विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान लेंगे। इसके बाद एक घंटे उस विषय पर सामूहिक चर्चा होगी। इस कार्यशाला में शोध के निष्कर्ष में प्रयोग होने वाले सॉफ्टवेयर को शोधार्थियों को सिखाया जाएगा। सभी विभाग अपने यहां होने वाले शोध की प्रगति से पीजी सेल को अवगत कराएंगे। डॉ.चयनिका, डॉ.जयवर्धन, डॉ. प्रियेश, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. अमृता, डॉ. मधु व डॉ. अलका नागर मौजूद रहीं।

चोरी के माल के साथ आरोपी दबोचा

कानपुर। किदवई नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोर को दबोचा। उसने अपना नाम बाबूपुरवा निवासी शाहवेज आलम बताया। पुलिस के मुताबिक, उसके पास से दो दिन पहले किदवई नगर के ब्लाक से चोरी किया गया सात किलो कॉपर, बिजली व एसी के तार बरामद हुए। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

ठंड के साथ ढाई गुना बढ़े दिल के मरीज, युवाओं को भी अटैक

कॉर्डियोलाजी संस्थान की इमरजेंसी में मरीजों का तांता, डॉक्टरों की ड्यूटी बढ़ाई

मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

1000 से ज्यादा मरीज एक हफ्ते में पहुंचे

250 लगभग युवा मरीजों की संख्या

20 फीसदी युवा हार्ट अटैक का शिकार हुए

अमृत विचार। ठंड के कारण कॉर्डियोलाजी संस्थान की इमरजेंसी में दिल के मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा ढाई गुना तक बढ़ी है। एक सप्ताह में संस्थान में एक हजार से ज्यादा मरीज समस्या लेकर पहुंचे हैं। बुजुर्ग ही नहीं, कम उम्र के युवा भी हार्ट अटैक से पीड़ित होकर अस्पताल की इमरजेंसी में आ रहे हैं। इसे लेकर चिकित्सकों का कहना है कि ठंड में तापमान कम होने से धमनियां सिकुड़ती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने की आंशका रहती है। यह स्थिति दिल का खतरा बढ़ा रही है।

कानपुर में पिछले चार दिनों से तापमान काफी नीचे चला गया है, ऐसे में डॉक्टर सभी को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही बड़ों के साथ युवाओं के लिए भी सेहत पर भारी पड़ सकती है। ठंड बढ़ने से सबसे अधिक दिक्कत दिल और सांस के रोगियों को हो रही है। कॉर्डियोलॉजी संस्थान की इमरजेंसी में आम दिनों में 50 से 70 मरीज पहुंचते थे, लेकिन इस समय औसतन 150 मरीज इमरजेंसी में पहुंच रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या लगभग एक चौथाई है। बीते एक सप्ताह में इमरजेंसी में एक हजार मरीज से ज्यादा मरीज गंभीर हालत में इलाज के लिए पहुंचे हैं। सर्दी में तेजी से बढ़ी मरीजों की संख्या को देखते हुए संस्थान के निदेशक ने इमरजेंसी में डॉक्टरों की ड्यूटी बढ़ा दी है, ताकि मरीजों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। चिकित्सकों ने बताया कि 22 से लेकर 50 वर्ष तक के लोगों में हार्ट अटैक की समस्या देखी जा रही है।

बाहर रहने और सिगरेट व शराब से सीने में दर्द

सिगरेट और शराब की लत ठंड के इस मौसम में सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत पैदा कर रही है। ऐसे मरीजों में युवा भी शामिल हैं। इसके साथ ही सर्दी में अधिक समय तक बाहर रहने वाले लोगों में भी दिल की समस्या देखने में आ रही है। इन दिनों इमरजेंसी में आने वाले करीब 20 फीसदी युवा अटैक या सीने में दर्द की शिकायत लेकर आ रहे हैं। अधिक स्मोकिंग और शराब का सेवन करने वालों में अटैक के मामले अधिक मिल रहे हैं।

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से अटैक, सुबह सावधानी जरूरी

करीब 10 फीसदी युवाओं को तनावयुक्त जीवन के कारण अटैक पड़ रहा है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से अटैक पड़ना स्वभाविक है। पहले से जमा कॉलेस्ट्राल टूटने से धमनियों में ब्लॉकेज होने का खतरा रहता है, यह भी हार्ट अटैक का कारण बनता है। सुबह के समय हार्ट अटैक की घटनाएं अधिक होती हैं। इसका कारण यह है कि सुबह में शरीर में स्टेरॉयड की मात्रा सबसे अधिक रहती है।

कॉर्डियोलॉजी की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़ । अमृत विचार

ऐसे रखें दिल का ख्याल

- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, ठंड में रहने से बचें।
- सिर पर गर्म कैप, स्कार्फ व मोजे जरूर पहनें।
- खाना गर्म खाएं और पानी भी गुनगुना पिएं।
- ठंड ज्यादा लगने पर तुरंत शरीर को गर्म करें।
- अधिक पसीना बहाने वाली गतिविधि से बचें
- बीपी व शुगर के मरीज जांच जरूर कराएं।

बीपी और शुगर बढ़ने से हार्ट फेल्योर का खतरा

सर्दी के मौसम में बीपी व शुगर के मरीजों को काफी सावधान रहना चाहिए। बीपी और शुगर बढ़ने की वजह से दिल को तेज काम करना पड़ता है। ऐसे में हार्ट फेल होने का खतरा अधिक रहता है। इसलिए मरीजों को समय पर जांच करानी चाहिए। बीपी व शुगर की दवा नियमित लेनी चाहिए। हर व्यक्ति को 40 वर्ष की उम्र में दिल की जांच जरूर करानी चाहिए।

– प्रो. राकेश वर्मा, निदेशक, कॉर्डियोलॉजी संस्थान

शहर से रामचरित मानस की ढाई करोड़ प्रतियों की बिक्री!

महेश शर्मा, कानपुर





अमृत विचार। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि जैसे-जैसे निकट आ रही है, पूरा शहर राममय होता जा रहा है। रामचरित मानस खरीदने और बांटने की ऐसी होड़ लगी है कि गीता प्रेस गोरखपुर के कानपुर स्थित दो केंद्रो से बिक्री के सारे रिकार्ड टूट गए हैं। पिछले माह इन दोनों केंद्रों से एक करोड़ से ज्यादा मानस की प्रतियों की बिक्री की गई थी, इस माह आंकड़ा सवा करोड़ पार करने का अनुमान है। इन दोनों केंद्रों से आसपास के जिलों को भी गीता प्रेस की पुस्तकों की सप्लाई की जाती है। मानस के साथ ही हनुमान चालीसा और सुंदरकांड की भी जमकर बिक्री हो रही है।

कानपुर में गीताप्रेस की पुस्तकों की बिक्री के दो बड़े केंद्र हैं। एक बिरहाना रोड तो दूसरा सेंट्रल स्टेशन पर स्थित है। गोरखपुर से यहां पुस्तकों की सप्लाई भेजी जाती है। महानगर व आसपास के विक्रेताओं को सप्लाई इन दोनों केंद्रों से होती है। शहर में मंदिरों के आसपास सजने वाली दुकानों के अलावा अन्य बाजारों में गीता प्रेस की पुस्तकें बेचने वाले करीब 25 विक्रेता हैं। गीताप्रेस कानपुर केंद्र के प्रबंधक गिरधारीलाल चौधरी बताते हैं कि तुलसीकृत रामचरित मानस, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा की मांग बेतहाशा बढ़ी है। रामचरित मानस तेजी से हर घर में पहुंच रही है। दिसंबर माह में मानस की एक करोड़ से ज्यादा बिक्री हो चुकी है। इस माह आंकड़ा सवा करोड़ पार कर सकती है। मानस की प्रति 70 रुपये से 1600 रुपये तक में उपलब्ध है। सबसे ज्यादा बिक्री 100 से 400 रुपये वाली रामचरित मानस की हो रही है। प्रामाणिकता की कसौटी पर भले ही लोग वाल्मीकि रामायण को ऊपर रखते हों पर इसकी बिक्री कम है। सुंदरकांड पांच से 150 रुपये तक में उपलब्ध है, तो हनुमान चालीसा दो रुपये से 40 रुपये तक में है। इन्हें भी लोग बड़ी संख्या में खरीद रहे हैं। उन्होंने माना कि उत्पादन के मुकाबले मांग ज्यादा है। लोग भारी संख्या में पुस्तकें बांट रहे हैं।

सेंट्रल स्टेशन पर स्थित गीताप्रेस स्टाल के पीयूष दीक्षित बताते हैं कि रामचरित मानस के बाद सबसे ज्यादा बिक्री सुंदरकांड की हो रही है। हर दिन स्टॉक तेजी से समाप्त हो रहा है। गनीमत है कि इन पुस्तकों की कमी नहीं पड़ रही है।

मांग पूरी करना हो रहा मुश्किल

गीताप्रेस बिरहाना रोड के प्रबंधक गिरधारी लाल चौधरी कहते हैं कि गीताप्रेस के सबसे मजबूत सरंक्षक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पूरा देश राममय हो चुका है। श्रीराम और रामायण से संबंधित ग्रंथों की मांग में भारी उछाल है। श्रीराम से संबंधित धार्मिक पुस्तकों की मांग इतनी अधिक हो गई है कि गीताप्रेस के प्रकाशक, गोरखपुर को मांग पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

- **पिछले माह कानपुर के दो केंद्रों से एक करोड़ से ज्यादा मानस की प्रतियां बिकी**
- **इस माह सवा करोड़ प्रतियों की बिक्री का अनुमान, आर्डर पूरा करने में दिक्कत**
- **सुंदरकांड और हनुमान चालीसा भी लोग बड़ी संख्या में खरीद कर रहे हैं वितरण**

रामकाज कीन्हें बिनु, विहिप को कहां विश्राम

कानपुर। रामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपतराय ने विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रान्त को क्राइसिस मैनेजमेंट का विशेषज्ञ माना है। अचानक किसी जरूरी चीज की आवश्यकता पड़ने पर चंपतराय की उंगलियां कानपुर प्रान्त के पदाधिकारी के मोबाइल नंबर पर थिरकने लगती हैं। मग, बाल्टी, साबुन, शैम्पू से लेकर रजाई गद्दा, चादर तक की आपूर्ति कानपुर से की जा रही है। विहिप कानपुर प्रान्त के अध्यक्ष राजीव महाना और कार्याध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल इस सेवा को अपना सौभाग्य मानते हुए कहते हैं कि रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम। उनके अनुसार अयोध्या के लिए हर छोटी बड़ी उपयोगी चीजों की आपूर्ति जा रही है। राजीव महाना का कहना है कि कानपुर क्षेत्र के लाखों घरों में आमंत्रण अक्षत, राम मन्दिर का चित्र पहुंचाया जा चुका है। रामभक्तों को बसों से अयोध्या ले जाकर दर्शन कराने व वापस घर पहुंचाने की तैयारियां चल रही हैं। विहिप कार्यकर्ता निकट के मंदिरों की सफाई का कार्य कर रहे हैं।

मोतीझील में राम- राम लिखतीं छात्राएं। अमृत विचार

500 फिट का राम नाम पत्र अयोध्या भेजा जाएगा

कानपुर। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कार सेवकों के संघर्ष और बलिदान के सम्मान में युग दधीचि देहदान संस्थान की ओर से पांच सौ फिट का पत्र तैयार किया जा रहा है। पत्र पर पांच लाख बार राम नाम लिखकर 31 जनवरी को अयोध्या पहुंचाया जाएगा। अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि श्री बालाजी वेद विद्यालय सलेमपुर रुमा के वेदपाठी बालकों के सस्वर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कैप्टन जगतवीर सिंह द्रोण, संतोष अग्रवाल, विहिप के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव महाना, रेडक्रास चेयरपर्सन डा. उमेश पालीवाल व उत्कर्ष अकादमी के निदेशक डा. प्रदीप दीक्षित ने स्वास्तिक अंकन करते हुए रामनाम लेखन शुरू किया है। उन्होंने बताया कि अटल की पौत्री दामाद नंदिता- सुमित मिश्रा, मदनलाल भाटिया, पार्षद महेंद्र पांडेय, चंद्र मोहन तिवारी व प्रकाश धवन ने सभी बटुकों व बेटियों का रोली- अक्षत लगाकर अभिनंदन किया। श्रीराम जय राम जय जय राम की राम धुन के साथ जब बेटियों ने लेखन शुरू किया तो वातावरण में दिव्य ऊर्जा भर गई। मनोज सेंगर व माधवी ने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण के उल्लास में संघर्ष करने वाले राम सेवकों को याद करना आवश्यक है। जिन्होंने रामकाज में खुद को समर्पित कर दिया। पत्र लेखन अनुष्ठान का समापन 21 जनवरी को श्री बालाजी सरकार मंदिर में दोपहर एक बजे होगा।

किराना कारोबार हुआ दोगुना, खिले चेहरे

कानपुर। रामोत्सव पर 22 जनवरी को दीपावली जैसी भव्य तैयारी के लिए किराना बाजार में भी भारी भीड़ है। कारोबार लगभग दोगुना हो गया है। सहालग की बिक्री के साथ थोक दुकानों पर रामकृपा बरस रही है। कारोबारी सहालग और 22 जनवरी की मांग पूरी करने में परेशान हैं। हालत यह है कि गेहूं के आटा की मांग को मौदहा, हमीरपुर और उन्नाव से गेहूं मंगाकर पूरा किया जा रहा है। चावल, शक्कर, दाल, सूजी- मैदा, रिफाइंड और घी की बिक्री खूब हो रही है। शहर में किराना कारोबार की थोक मंडियां कलक्टरगंज, नौबस्ता, विजय नगर, बाकरगंज, लालबंगला व कल्याणपुर आदि हैं।

राम नाम का दीप जलातीं श्रद्धालु। अमृत विचार

श्रीराम के स्वागत में दीपोत्सव मनाएं

कानपुर। पंडित राम प्रसाद त्रिपाठी आदर्श हिंदू धर्मशाला नौ ब्लॉक गोविंदनगर में मंगलवार को भक्तों से आह्वान किया कि 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर सभी लोग अपने घरों में कम से कम 11 दीप जलाकर दीपावली मनाएं और श्रीराम मंदिर की स्थापना का स्वागत करें। विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री ज्ञानेंद्र ने राम कथा के दौरान छत्रसाल नगर नगर के राजकुमार वधावन, विशाल, अनमोल त्रिपाठी को पूजित अक्षत और पत्रक देकर 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का अपील की। राजेंद्र सिंह भदोरिया, नरसिंह दुबे, तेजभान सिंह, सुशील त्रिपाठी, बचई पांडेय आदि थे।

हलवाई और भट्ठी का संकट

सामाजिक और धार्मिक संगठनों के अलावा मंदिरों में 22 जनवरी को बड़ी संख्या में भंडारा आयोजित किए गए हैं। कैटरर संजय गुप्ता ने बताया कि भंडारा के लिए हलवाई, भट्ठी और बर्तनों की कमी से जूझना पड़ रहा है।

डॉक्टर अपने पर्चे पर लिख रहे 'राम'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डॉक्टर एसोसिएशन ने पत्र जारी कर सभी से राम लिखने का किया आग्रह**

डॉ. बीएन आचार्य।

डॉ.जगदीश सिंह।

अमृत विचार। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर समूचा माहौल राम भक्ति में डूब गया है। डॉक्टर भी इससे अछूते नहीं हैं। डॉक्टर अब मरीजों के पर्चे पर दवा लिखने के साथ राम का 'सिंबल' बना रहे हैं। इसका आशय है कि दवा लिख दी, अब राम ही जानें। अभी तक डॉक्टर 'आरएक्स' लिखते थे, जिसका मलतब होता था रेस्ट ऑन गॉड यानी अब ईश्वर जानें।

मरीजों के पर्चे पर अभी तक डॉक्टर लैटिन भाषा का शब्द आरएक्स लिखते थे, उसकी जगह डाक्टर अब राम लिख रहे हैं। डाक्टर्स एसोसिएशन ने इसकी पहल शुरू की है, जिससे कई डॉक्टर जुड़ चुके हैं। डाक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.बीएन आचार्य ने पत्र जारी कर मरीज के उपचार पत्र पर आरएक्स के स्थान पर राम लिखने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि बात वही है, लैटिन शब्द आरएक्स का आशय है रेस्ट ऑन गॉड यानी अब ईश्वर जानें। इसी तरह राम लिखने का आशय भी यही है कि दवा लिख दी, अब राम ही जानें। ज्यादातर रोगी आरएक्स का मतलब नहीं समझते हैं। न ही वह इस पर ध्यान देते हैं। लेकिन राम शब्द आस्था से जुड़ा है। प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति में अभिन्न आस्था के प्रतीक हैं। इसलिए वह मरीजों के पर्चे में आरएक्स की जगह राम शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ.जगदीश सिंह रावत ने बताया कि आरएक्स के स्थान पर राम शब्द लिखेंगे तो हमारा उपचार पत्र और अधिक ऊर्जा से परिपूर्ण होगा। मरीजों में भी राम नाम का संदेश जाएगा। एसोसिएशन ने पत्र जारी कर कहा है कि डॉक्टर अपने अस्पताल में स्वयं इसे अपनाएंगे और अन्य डॉक्टरों को भी प्रेरित कर अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

सार-संक्षेप

बांके बिहारी की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

508 दीपों से राम की आरती

कानपुर। अयोध्या में मंगलवार से धार्मिक अनुष्ठान शुरू होने की खुशी में आवास विकास हंसपुर स्थित श्रीआनंद बिहारी धाम में भक्तों ने 508 दीपक जलाकर श्रीराम की आरती उतारी। धाम के आचार्य अंकित शुक्ला ने बताया अयोध्या में सदियों के इंतजार के बाद राम मंदिर की स्थापनी होने जा रही है। इसी खुशी में भक्तों ने ठाकुरजी को 508 दीपक समर्पित किए और प्राण-प्रतिष्ठा की प्रार्थना की। आरती में रविकांत तिवारी, पूनम तिवारी, सतीश अवस्थी, संजय अग्रवाल, लवकुश त्रिपाठी, राघव अवस्थी, अंकित मिश्रा, गुड्डन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

पदयात्रा में शामिल महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

महापौर ने पदयात्रा कर दिया आमंत्रण

कानपुर। श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जनजागरण के लिए महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को जीटी रोड बगिया वाले हनुमान मंदिर से पदयात्रा शुरू करके कोकाकोला चौराहा, मोतीझील चौराहा, अशोक नगर, ब्रह्म नगर, चौराहा 80 फीट रोड काली मठिया मंदिर होते हुए बालाजी मंदिर नेहरू नगर में समापन किया। इस दौरान उन्होंने अपील की कि 22 जनवरी को होने वाले राम उत्सव में सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। पदयात्रा में पार्षद आकर्ष बाजपेई, पार्षद पवन पांडे, पार्षद अभिनव शुक्ला पार्षद अमित गुप्ता, पवन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

सवा कुंटल की आलू टिक्की का लगेगा भोग

कानपुर। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बर्रा में सवा कुंटल की आलू टिक्की का भोग बनाया जाएगा। बर्रा-2 भूत बंगला के पास स्थित मयूरी चाट की ओर से यह आयोजन होगा। कार्यक्रम सहयोगी ठा. प्रसाद गुप्ता ने बताया कि प्रभु श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शाम तीन बजे यह अनोखा भोग तैयार किया जाएगा।

मरीजों को राहत | अनियमित जीवन शैली व खानपान से लोग हो रहे तमाम जटिलताओं से ग्रस्त

खुशखबरी : हैलट में होगी हर हार्मोनल जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जीएसवीएम प्राचार्य के मुताबिक अगले माह में शुरू कर दी जाएंगी सभी जांचें**

अमृत विचार। अनियमित जीवन शैली और गलत खानपान के कारण युवक और युवतियों में तमाम जटिलताएं देखने को मिल रही हैं। कई मामलों में हार्मोंस का संतुलन बिगड़ जाता है। ऐसे में हार्मोनल जांच बेहद जरूरी होती है। लेकिन अभी थायराइड हार्मोन की जांच के अलावा अन्य कोई जांच जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में नहीं होती है। लेकिन अगले माह से सभी हार्मोन जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में कम उम्र में गठिया की समस्या लेकर तमाम मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में बांझपन, बच्चों का विकास ठीक से न होना तथा महिलाओं की बीमारी से संबंधित समस्या के मरीज आते हैं। इन बीमारियों का पता लगाने के लिए हार्मोनल जांच की जरूरत होती है। लेकिन यह जांच मेडिकल कालेज में उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को निजी लैब का सहारा लेना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला के मुताबिक अगले माह से सभी प्रकार की हार्मोनल जांच शुरू हो जाएगी, हार्मोनल जांच से मरीजों में बीमारी की जटिलता का पता लगाकर जल्द इलाज शुरू किया जा सकेगा।

अभी सिर्फ थायराइड हार्मोन की जांच

हैलट में पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह ने बताया कि अभी थायराइड हार्मोन की जांच सुविधा है। थायराइड हार्मोन की कमी से हाइपो थायराइड की समस्या होती है, जिसमें शरीर में सूजन, वजन बढ़ना और पेट साफ नहीं होने की समस्या होती है। हाईपर थायराइड में वजन कम होना, शरीर पतला होना और स्वभाव चिड़चिड़ा होने लगता है।

अभी पुरानी मशीन से हो रही जांच

मेडिकल कालेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग की लैब में पहले केमी ल्यूमिनासेंस मशीन लगाई गई थी, जो खराब हो गई थी। कॉलेज प्रशासन इसी मशीन को दुरुस्त कर उपयोग में ले रहा है। रीएजेंट आने के बाद यहां पर एनीमिया हार्मोन, आयरन हार्मोन, थायराइड हार्मोन, महिलाओं से संबंधित सभी हार्मोन की जांच संभव होगी।

एनएसआई के स्वीटनर्स से बेकरी में आई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **प्राकृतिक और सेहतमंद स्वीटनर्स से मधुमेह रहता है नियंत्रण में**

अमृत विचार। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) बिना रसायन का उपयोग किए स्वीटनर्स बना रहा है। इसका उपयोग मधुमेह की बीमारी के मरीज कर सकते हैं। बेकरियां इसे पसंद कर रही हैं।

संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि स्वीटनर्स विभिन्न स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें सेहतमंद बनाने के लिए कैलोरी और न्यूट्रीशन की मात्रा का ध्यान रखा गया है। संस्थान में शर्करा प्रौद्योगिकी की रिसर्च फेलो श्रुति शुक्ला ने बताया कि हमारा प्रयास कम लागत में स्वीटनर्स विकसित करना है। चीनी की बेहतर न्यूट्रिशन प्रोफाइल उपभोक्ताओं में इसकी स्वीकार्यता बनाने में सहायक होगी। शर्करा प्रौद्योगिकी की विशिष्ट शर्करा, गुड़ व अन्य स्वीटनर्स लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। सीनियर रिसर्च फेलो अनुष्का अग्रवाल कनोडिया ने बताया कि हमने शर्करा को क्रिस्टलीय और तरल दोनों रूपों में कम कैलोरी, कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली शर्करा, फोर्टिफाइड शर्करा और गुड़ के रूप में विकसित किया है।

पांच साल बाद हैलट के आईसीयू में डायलिसिस

वर्ष 2019 से बंद थी, मशीनें और उपकरण हो रहे थे खराब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल के इंसेंटिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती गंभीर मरीजों की अब डायलिसिस बेड पर हो सकेगी। आईसीयू में यह डायलिसिस की जांच करीब पांच साल से बंद थी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के काफी प्रयासों से अब जांच मेडिसिन आईसीयू में फिर से हो सकेगी।

हैलट अस्पताल के मेडिसिन आईसीयू में वर्ष 2019 में किसी कारण डायलिसिस जांच बंद कर दी गई थी, जिसके बाद मशीनें रखे-रखे धूल फांकने लगीं। मरम्मत व देखभाल न होने की वजह से मशीन खराब हो गई। ऐसे में आईसीयू में भर्ती मरीजों को किडनी आदि की जांच के लिए परेशान होना पड़ रहा था। गंभीर मरीजों को हो रही दिक्कतों को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने समझा और रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी। शासन से मशीन मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध कराई गई। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि अधिकांश बीमारी में गंभीर मरीजों की किडनी पर असर पड़ता है। किडनी के लिए डायलिसिस अतिमहत्वपूर्ण होता है। लेकिन किसी कारण वर्ष 2019 में यह जांच मेडिसिन आईसीयू में बंद कर दी गई थी, जो अब दोबारा से चालू की गई है।

हैलट में मेडिसिन आईसीयू में डायलिसिस शुरू हो गई। अमृत विचार

2.5 करोड़ मिले, बाकी हैं 6.88 करोड़

प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि शासन से मिलने वाला सीएमसी और एनएमसी का 6.88 करोड़ रुपया अभी पेंडिंग है। कॉलेज प्रशासन को शासन से 2.5 करोड़ रुपये मिले हैं, जिसकी मदद से मेडिसिन आईसीयू में डायलिसिस मशीन का संचालन, वेंटिलेटर, मॉनिटर, ऑक्सीजन प्लांट आदि उपकरण दुरुस्त कराए जाएंगे।

मौत का कारण स्पष्ट नहीं, विसरा रखा

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में मुफ्त में गोलगप्पे न खिलाने पर ठेला दुकानदार की रविवार रात पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को पोस्टमार्टम हुआ। लेकिन मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा सुरक्षित किया गया। पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया।

सफीपुर में गोलगप्पे दुकानदार 40 वर्षीय प्रेमचंद निषाद को रविवार को इलाके के दबंग ने अपने साथियों के साथ रोका और मुफ्त में गोलगप्पे खिलाने को कहा। प्रेमचंद के मना करने पर उन्हें बेरहमी से पीट दिया था। जिसके बाद सोमवार को प्रेमचंद्र की हालत बिगड़ने से मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम में उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। जिसपर विसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं मृतक प्रेमचंद्र के परिजन आरोपियों पर ही हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

मामले में एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह का कहना है कि मृतक के साथ मारपीट नहीं हुई है। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। हार्ट अटैक से उसकी मौत होने का अनुमान है। वहीं, चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मौत का कारण साफ न होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया है।

चौकीदार को कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला

संवाददाता, सिकंदरा

● सिकंदरा थाने के बिरहाना चौराहे की घटना

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बिरहाना चौराहे के पास सीमेंटेड ईंट प्लांट के चौकीदार की मंगलवार को देर रात सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुजुर्ग का शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। देर रात पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बिरहाना चौराहे के समीप इंटरलॉकिंग ईंट के कारखाने में इनायत अली (70) पुत्र शब्बीर अली निवासी संदलपुर चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब इनायत का शव पड़ा मिला। उनके गले पर मिले निशान साफ बता रहे थे कि उसका गला किसी कपड़े या रस्सी से कसा गया है। इसके अलावा उसके सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया था। पुलिस के अनुमान के मुताबिक हत्या कुल्हाड़ी से की गई है। पुलिस ने बुजुर्ग का शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाल दिलीप बिंद ने बताया कि हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। हर बिंदु की बारीकी से छानबीन की जा रही है। मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

सेंट्रल स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान

कानपुर। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर देर रात चेकिंग अभियान चलाया गया। यात्रियों के साथ ही उनके सामान की भी जांच-पड़ताल की गई। चेकिंग के दौरान डॉग स्क्वायड भी मौजूद रहा। मंगलवार देर रात आरपीएफ, जीआरपी और सीआइबी की संयुक्त टीमों ने एक साथ स्टेशन पर चेकिंग शुरू की। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस को देखकर कुछ यात्री डर गए। ऐसे यात्रियों को टीम ने भरोसा दिलाया यह आपकी सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। 22 जानवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और 26 जनवरी के चलते यह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

सार-संक्षेप

भाजपा नेता जीत प्रताप खिचड़ी बांटते हुए। अमृत विचार

जीत प्रताप सिंह ने बांटी खिचड़ी

कानपुर : अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र टिकट की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने मकरसंक्रांति के अवसर पर कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया। उन्होंने लोगों में खिचड़ी का वितरण किया। महाराजपुर हनुमान मंदिर, भीतरगांव के जगन्नाथ मंदिर एवं घाटमपुर स्थित कूष्मांडा देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर अश्मित यादव, बीएल वर्मा, धर्मेंद्र यादव, श्रीपाल, कृष्णा सचान, सचिन वर्मा, अधिराज गुप्ता, जितेंद्र कुमार सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष मिश्रा, वेंकट रमन, कुंदन सिंह, जय चंद्र सिंह, राम सीचेवन सिंह, एके पांडेय, मनीष कुमार, प्रांजुल, दर्शन सिंह, आरके पांडे उपस्थित रहे।

नगर निगम कर्मचारियों ने खिचड़ी बांटी। अमृत विचार

नगर निगम कर्मियों ने किया खिचड़ी भोज

कानपुर। मोतीझील सभागार के पास नगर निगम कर्मचारी संघ की तरफ खिचड़ी बांटी गयी। देवी दीन, रमाकान्त मिश्रा, मुन्ना हजारिया, नीलू निगम, संजय हजारिया, मन्नी लाल भारती, शिव शंकर मिश्रा, राम गोपाल, पप्पू गुप्ता आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

जेसीआई लावण्या ने अधिष्ठापन समारोह मनाया। अमृत विचार

नीतू शुक्ला अध्यक्ष व दीपाली मिश्र बनी सचिव

कानपुर। जेसीआई लावण्या ने मंगलवार को 21वां अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया, जिसमें जेसी नीतू शुक्ला को अध्यक्ष और जेसी दीपाली मिश्र को सचिव बनाया गया। नीतू शुक्ला को पूर्व अध्यक्ष नूपुर गुप्ता ने कार्यभार सौंपा। नूपुर गुप्ता ने बीते वर्ष का ब्योरा अपनी एनुअल रिपोर्ट में दिया। इसके बाद नवनियुक्त अध्यक्ष नीतू ने वर्ष 2024 में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान समाजसेवी अनुराधा वाष्णेय, जोन प्रेसिडेंट जेसी एचजीएफ अभिनव गुप्ता, डॉ. संजीवनी, रश्मि जैन, रश्मि श्रीवास्तव, नित्या चावला, स्वाति दीक्षित, शिविका, अनुभूति, राशि, गीतू, ज्योति, हर्षा, हेया, कविता, पंखुरी, मनीषा सिंह, श्वेता, तान्या, ऋतु, रिचा, ख्याति आदि महिलाएं मौजूद रही।

महिला ने यूपीसीए अध्यक्ष से की शिकायत

कानपुर। अंडर -14 टीम के लिए चयन प्रक्रिया में ट्रायल के बाद खिलाड़ी को ओवर एज ठहराने का मामला यूपीसीए अध्यक्ष तक पहुंच गया है। खिलाड़ी की मां ने ईमेल भेजकर शिकायत की है। शनिवार को ग्रीन पार्क स्थित यूपीसीए के कैंप कार्यालय में बेटे के लिए न्याय मांगने पहुंची महिला को बिना सुनवाई घर वापस जाना पड़ा था। मूल रूप से डेरापुर, कानपुर देहात की रहने वाली माहिला गायत्री सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटी के द्वारा ईमेल के माध्यम से एसोसिएशन के अध्यक्ष को मामले की शिकायत कराई है। महिला ने बताया कि उसे मिलने को बुलाया भी गया है। महिला ने बताया कि उनके बेटे का ट्रायल ले लिया जाए, कमजोर साबित होने पर खेलना बंद करवा दूंगी।

मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, चार घायल

दुर्घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, सिकंदरा/रूरा

अमृत विचार। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवको की मौत हो गई व चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव निवासी दीपू(22) अपने साथी गौरव के साथ मंगलवार को बाईक से मंगलपुर बुआं के घर जा रहे थे। अभी वह सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव की मोड पर पहुंचे थे कि अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दीपू की मौके पर मौत हो गई। और उसका साथी गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां चिकित्सक डॉ. पवन कुमार ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है।

वहीं मैनपुरी जिले के शरादा बाई आश्रम निवासी सोनू(35)यहां रहकर ट्रैक्टर चलाता था। मंगलवार को वह अकबरपुर से भाड़ा डालकर वापस रूरा आ रहा था। अभी वह कस्बे के पास पहुचां ही था।कि एक पेट्रोल पंप के पास उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुची पुलिस ने उसको ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां मौजूद ईएमओ पवन पार्या ने सोनू को मृत घोषित कर दिया।

बिरहाना रोड मार्केट एक रंग में होगा

कानपुर। नगर निगम शहर के सबसे पुराने बिरहाना रोड ज्वैलर्स मार्केट का सुंदरीकरण करेगा। क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल के प्रस्ताव पर मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम विशाख जी, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। गलियों को एक रंग में करने पर भी चर्चा हुई। पार्षद ने बताया कि क्षेत्र में 10 ऐसी गलियां हैं जो ऊपर नीचें हैं। इन्हें एक समान करना है। ज्वैलर्स की दुकानों को देखते हुये सड़क पर लाइटिंग बढ़ाई जानी है। खंभे बदले जाएंगे। बिरहाना रोड को एक रंग में रंगने की भी योजना है।

रणजी ट्रॉफी में यूपी-बिहार मैच 19 से

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में 19 जनवरी से यूपी का तीसरा मैच बिहार के साथ मेरठ में खेला जाना है। जिसमें यूपी पिछले मैच में कमजोर प्रदर्शन के आधार पर मिले 1 अंक को बराबर करने के लिए उतरेगी। वहीं बिहार पहले मैच में हार के बाद दूसरे मैच में कुछ खास नहीं कर सकी है। बिहार भी यूपी से यह मैच हर हाल में जीतकर अपना हिसाब बराबर करने के लिए मैदान में उतरेगी। विशेषज्ञों की मानें तो रणजी 2024 में यूपी और बिहार का यह मैच रोमांचक होने वाला है।

यूपी की टीम में इंडिया टीम के अनुभवी खिलाड़ी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की धारदार गेंदबाजी और बेहतरीन बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ टीम के कप्तान नीतीश राणा और आर्यन युएल, प्रियम गर्ग पर सभी की नजरें रहेंगी। वहीं बिहार के बल्लेबाजों में एक सकीबुल गनी, विपिन सौरभ के साथ टॉप गेंदबाज आशुतोष अमन, वीर प्रताप सिह से भी यूपी की टीम को कांटे की टक्कर मिलेगी।

● एलीट ग्रुप बी का मैच खेला जाएगा मेरठ में

संभावित यूपी टीम

आर्यन जुएल, नितीश राणा, माधव कौशिक, समर्थ सिंह, रिंकू सिंह, समीर रिजवी, अक्षदीप नाथ, प्रियम गर्ग, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, प्रिंस यादव, यश दयाल, अंकित राजपूत, कार्तिक त्यागी, करण शर्मा।

संभावित बिहार टीम

आशुतोष अमन, सकीबुल गनी, बाबुल कुमार, बलजीत सिंह बिहारी, हिमांशु सिंह, नवाज, शरमन निगरोध, वीर प्रताप सिंह, ऋषव राज, आकाश राज, बिपिन सौरभ, रवि शंकर, सचिन कुमार, वैभव सूर्यवंशी, विपुल कृष्णा।

प्रतियोगी परीक्षार्थियों को भाया आईआईटी का साथी पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 65 हजार से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

अमृत विचार। आईआईटी का साथी पोर्टल जेईई, एनईईटी और मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों को खूब भा रहा है। फ्री में पांच भाषाओं में उपलब्ध 45 दिनों क्रैश कोर्स के माध्यम से सफलता हासिल कर छात्र-छात्राएं भविष्य को मजबूत कर रहे हैं। पिछले वर्ष 21 नवंबर से अबतक इसमें रजिस्ट्रेशन करने वालों की संख्या 65 हजार से अधिक पहुंच गई है। इसको आईआईटी टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों ने मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर मेधावियों के साथ सभी के लिए शुरू किया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी कानपुर के सहयोग से जेईई, एनईईटी और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 'साथी' पोर्टल शुरू किया था। आईआईटी कानपुर की मीडिया प्रभारी रूचा ने बताया कि साथी में अभी तक 65 हजार से अधिक छात्र अपना पंजीकरण करा चुके हैं। यह पोर्टल शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की एक पहल है। आईआईटी के टॉपर्स, शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों द्वारा 45 दिनों का क्रैश कोर्स अंग्रेजी समेत 5 भाषाओं में उपलब्ध है।

जिसका 22 अलग- अलग भाषाओं में अनुवाद कर नोट्स तैयार किए जा सकते हैं। sathee@iitk.ac.in साइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

एक लाभार्थी के खाते में पहुंचा दो आवासों का पैसा

रसूलाबाद। एक लाभार्थी को दो आवासों का पैसा मिलने की जानकारी कुछ लोगों को हुई तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारी पैसा वापस कराने में जुट गए।

रसूलाबाद ब्लॉक के ताजपुर तरसौली गांव में रेवड़ी की तरह आवास बांटे गए हैं। यहां नियम कायदे दरकिनार कर दिए गए हैं। ताजपुर तरसौली गांव में सुनीता रानी पत्नी सुशांत मंडल को 2022-23 में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

वाहे गुरु-वाहे गुरु

गुरु गोबिंद सिंह जी का मनाया जा रहा प्रकाश पर्व, शबद कीर्तन और गुरु वाणी में हुआ गुणगान

आज मोतीझील में हजारों श्रद्धालु छकेंगे लंगर, हुईं तैयारियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को लंगर सेवा हुई। शबद, कीर्तन व गुरुवाणी के बीच श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की महिमा का गुणगान हुआ। बुधवार को प्रकाश पर्व के दिन हजारों श्रद्धालुओं के लंगर की व्यवस्था की गयी है।

मोतीझील में चल रहे प्रकाश पर्व पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। विशाल मंच पर भव्य पालकी में विराजमान श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष भक्तों ने माथा टेका। सुबह दीवान की शुरुवात भाई भूपिंदर सिंह गुरदासपुरी हजूरी रागी गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर चौक ने 'इन्हीं की कृपा से सजे हम हैं नहीं मोसे गरीब करोर परे है' का गायन किया। भाई सुरिंदर सिंह, भाई मोहन सिंह शास्त्री नगर ने 'हक हक अंदेश गुरु गोबिंद सिंह, बादशाह दरवेश गुरु गोबिंद सिंह' के जरिये गुरु महिमा का गुणगान किया।

पहले पंगत, पीछे संगत: देहरादून से आए पंथ के प्रचारक भाई बलविंदर सिंह जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। कहा कि गुरु का फरमान है 'पहले पंगत, पाछे संगत, लोगों ने पहले पंगत को तो आत्मसात कर लिया पर पाछे संगत को बिसार दिया। भाई मनप्रीत सिंह जी कानपुरी लुधियाना वालों ने 'लाल बाल गोपाल गोबिंद के' का गायन किया तो पंडाल 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

प्रकाश पर्व के लिए श्रद्धालुओं की ओर से लंगर सेवा भी की गई। लंगर सेवा मनजीत सिंह सागरी, मोहन सिंह झास, ज्ञानी मदन सिंह, जसवंत सिंह भाटिया, गुरदीप सिंह गांधी की देखरेख में हुई। दाल, सब्जी के भंडारण से लेकर साफ सफाई, दाल, सब्जी, रोटी आदि पकाने की प्रक्रिया चलती रही।

रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन सुनाया। अमृत विचार

मोतीझील में रात भर चलती रही लंगर की तैयारी। अमृत विचार

शबद-कीर्तन सुनती संगत वाहे गुरु-वाहे गुरु जपती रही। अमृत विचार

आज ये होंगे आयोजन

श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरविंदर सिंह लार्ड ने बताया कि मुख्य समारोह बुधवार को होंगे। भोर से ही दीवान आरंभ हो जायेंगे। मुख्य पंडाल में देर दोपहर तक गुरुवाणी कीर्तन एवं गुरुवाणी विचार का प्रवाह चलेगा। लंगर के पंडाल में लंगर वितरित होगा। महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग लंगर पंडाल तैयार किए गए हैं। पूरे लंगर पंडाल में मेटिंग की गई है। जिससे धूल उड़ने से श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो सके। मुख्य पंडाल में 20 गैस हीटरों का प्रबंध किया गया है।

इनका रहा योगदान

दीवान व लंगर सेवा के कार्य में हरविंदर सिंह लॉर्ड, सुखविंदर सिंह भल्ला लाडी, सतनाम सिंह सूरी, हरमिंदर सिंह लोंगोवाल, करमजीत सिंह, मीतू सागरी, मनजीत सिंह सलूजा, जयदीप सिंह राजा, जसबीर सिंह सलूजा, राजेंद्र सिंह नीटा, तरलोचन सिंह यंग मैन, दया सिंह गांधी सहित अन्य का योगदान प्रमुख रहा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर, (इटावा)

पत्रांकः- 237/ कु0सू0 /न0पा0परि0जस0नगर/ 2023-24 दिनांक- 15/01/2024

अल्पकालीन कुटेशन सूचना

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर शीत लहर से बचाव हेतु नगर के मुख्य मार्गो पर अलाव की व्यवस्था हेतु लकड़ी क्रय करना चाहती है जिसके लिये पालिका सीमान्तर्गत इच्छुक लकड़ी विक्रेताओं एवं आरा मशीन मालिकों को सूचित किया जाता है कि पालिका अलाव लगाने हेतु लकड़ी प्रति कुन्तल की दर से क्रय करना चाहती है जिसके लिए कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं, सभी इच्छुक लकड़ी विक्रेता एवं आरा मशीन मालिक अपना सीलबन्द कुटेशन दिनांक 23. 01. 2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में दे सकते हैं बाद म्याद प्राप्त कुटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा, कुटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय को होगा ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जसवन्तनगर
इटावा

कार्यालय ग्राम पंचायत कथुआ, विकास खण्ड सैफई-इटावा

पत्रांकः मेमो /ग्राम पंचायत- कथुआ/निविदा प्रकाशन/2023-24 / दिनांक 16/01/20224

नोटिस / विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत कुथुआ सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा / 15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत कथुआ विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ ठेकेदारों से निविदायें / टेण्डर 17.1.24 से 22 .01 2024 समय 02: 30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 22.01.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03: 30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.01.24 से 22.1.24 तक ग्राम पंचायत कथुआ सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10: 30 से 01: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1.	कछपुरा में वीरेन्द्र के घर से सुखवीर कठेरिया के घर तक सी0सी0 निर्माण	5th FC पंचम राज्य वित्त	194261.00	19000/-	500/
2	नगला हिम्मत से सी0सी0रोड से धीरेन्द्र के धर तक सी0सी0 निर्माण	पंचम राज्य वित्त	199706 .00	20000/-	500/
3	नगला वैश्य में सतेन्द्र के घर तक रामचन्द्र के घर तक यूटाइप नाली निर्माण	पन्द्रहवां वित्त आयोग	206168.00	20000/-	500/

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत कथुआ कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730 / 33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी /कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/ वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी ।

ऊषा यादव, प्रधान
ग्राम पंचायत कथुआ
विकास खण्ड सैफई, इटावा

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कथुआ
विकास खण्ड सैफई, इटावा

जमीन की पैमाइश के लिए टीम गठित

उप निदेशक पर्यटन ने घाटमपुर पहुंचकर मंदिर परिसर में निर्माणाधीन दुकानों का किया निरीक्षण

संवाददाता, घाटमपुर

- एसडीएम से मिलकर जमीन की पैमाइश कराने को कहा
- नगर पालिका पर पर्यटन की भूमि पर निर्माण का आरोप

अमृत विचार: कस्बे के सिद्ध पीठ मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में नगर पालिका परिषद की ओर से दुकानों का निर्माण कराए जाने का मामला राजधानी लखनऊ तक पहुंच गया है। इसी सिलसिले में मंगलवार को पर्यटन विभाग के उप निदेशक घाटमपुर पहुंचे और निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम से मुलाकात की, जिसके बाद जमीन की पैमाइश के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है।

नगर पालिका परिषद की ओर से कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में दुकानों का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, जिसके खिलाफ शुरू से ही आवाज उठने लगी थी। पिछले दिनों तहसील समाधान दिवस में यहां पहुंचे जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर के सामने भी यह मुद्दा उठा था। बार एसोसिएशन ने पर्यटन विभाग की जमीन पर दुकानों का निर्माण कार्य कराए जाने के विरोध में डीएम से रोक लगाए जाने की मांग उठाई गई थी।

घाटमपुर में नगर पालिका की ओर से शुरू कराया गया निर्माण। अमृत विचार

बताया गया था कि मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में नगर पालिका परिषद की ओर से 36 दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिस जमीन पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, वह पर्यटन विभाग की है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम विशाख जी अय्यर ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ एसडीएम को जांच के निर्देश दिए थे। इसी सिलसिले में मंगलवार को उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह घाटमपुर पहुंचे और कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण करने के बाद उन्होंने एसडीएम रामानुज से मुलाकात की और मंदिर व पर्यटन विभाग की जमीन चिह्नित करवाने को कहा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि दुकानों का निर्माण पर्यटन विभाग की जमीन पर कराया जा रहा है या मंदिर की जमीन पर। इसी के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

एसडीएम रामानुज ने बताया कि उप निदेशक पर्यटन की पहल पर राजस्व विभाग की पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिसमें नायब तहसीलदार, कानूनगो और तीन लेखपालों को शामिल किया गया है। राजस्व टीम जमीन का चिह्नांकन कर अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेगी, जिसके आधार पर अगला कदम उठाया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने भी मामले का लिया संज्ञान

प्रदेश के पर्यटन विभाग मंत्री जयवीर सिंह ने नगर पालिका परिषद की ओर से पर्यटन विभाग की जमीन पर दुकानों का निर्माण कार्य कराए जाने की शिकायत का संज्ञान लिया है। उन्होंने उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह से जांच रिपोर्ट मांगी है। बताते हैं कि पर्यटन मंत्री के रिपोर्ट तलब करने पर ही उप निदेशक पर्यटन कल्याण सिंह मंगलवार को घाटमपुर पहुंचे और मामले की छानबीन की। वह अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी और पर्यटन मंत्री को सौंपेंगे।

समाचार पत्र विक्रेता से चौकी में अभद्रता

घाटमपुर। नंदना पुलिस चौकी क्षेत्र के पारा राइव निवासी रतिराम संखवार समाचार पत्र विक्रेता है। सोमवार की शाम वह अपने घर लौट रहा था, तभी गांव के राजनाथ कुशवाहा और लक्ष्मणपुर के भोला नोनिया अभद्रता करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। उसने इसकी शिकायत चौकी में की।

पत्र विक्रेता के अनुसार मंगलवार को एक सिपाही ने फोन कर चौकी बुलाया। वह चौकी पहुंचा तो प्रभारी आशीष कुमार नहीं थे। सिपाही विपिन चौधरी व भीम प्रसाद ने उसके साथ अभद्रता करते हुए धमकाया और 500 रुपये लेकर चौकी से भगा दिया। समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष टिंकू बाजपेई ने समाचार पत्र विक्रेता के साथ हुई अभदता को लेकर जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समाचार पत्र विक्रेता के साथ हुई अभद्रता में कार्रवाई नहीं की गई तो सभी हाकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

सार-संक्षेप

पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते विधायक अभिजीत सांगा। अमृत विचार

बिठूर में धूमधाम से मनेगा प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव

बिठूर। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्म नगरी कहे जाने वाले बिठूर में भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि जिस तरह प्रभु राम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को देश में दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है, उसी तरह बिठूर के नानाराव पेशवा पार्क में भी 22 जनवरी को धूमधाम के साथ धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु राम की आरती से की जाएगी। इसके बाद कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां कानपुर के साथ दूसरे जिलों के कलाकारों की ओर से श्रीराम चरित्र का मंचन किया जाएगा।

एमएलसी अरुण पाठक ने मोबाइल पर एप डाउनलोड कराया। अमृत विचार

एमएलसी ने नमो एप डाउनलोड करा मंदिर में किए दर्शन

घाटमपुर। विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने मंगलवार को प्राचीन शिव मन्दिर में दर्शन किए। इसके बाद कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर नमो एप डाउनलोड कराया और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर व्यापारियों से भंडारा आयोजित करने और शाम को दीप जलाने की अपील की। उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष संजय चौहान, उमेश द्विवेदी, अशोक शुक्ल, हरिओम पांडेय, बीके शुक्ल, अमित पांडेय, अंकुर दीक्षित, शिवम मिश्रा, विक्रम गोस्वामी, मोनू सैनी, आनंद स्वरूप गुप्ता आदि रहे।

दीप प्रज्ज्वलित करते समाजसेवी विनोद सिंह चंदेल। अमृत विचार

संकल्प यात्रा की बैठक में गिनाईं सरकार की योजनाएं

शिवराजपुर। मंगलवार को गोड़रा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक में भाजपा नेताओं ने योजनाएं गिनाईं। समाजसेवी विनोद सिंह चंदेल और ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई ने जनता से सीधे संवाद कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, बैंक ऋण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं को विस्तारपूर्वक लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, नरेन्द्र सिंह सेंगर, ग्राम प्रधान ध्यानपाल सिंह, दीपक सिंह, भूपेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जान की परवाह नहीं...

लापरवाही से आए दिन हादसे हो रहे हैं, मगर इन जनाब को देखिए, जान की कोई परवाह नहीं है। घाटमपुर में एक दुकानदार ई रिक्शा पर इस कदर परचून का सामान लाद कर जा रहा है कि अगर जरा सा झटका लग जाए तो ई रिक्शा पलट सकता है। मगर न तो चालक और न ही दुकानदार को इसकी परवाह है। न ही ट्रैफिक नियमों का पालन कराने वाली पुलिस को यह सब दिखाई देता है। इस कदर सामान लादकर चलना खतरे से खाली नहीं है। ● पंकज त्रिपाठी

गांव की गलियों में गूंजेगा पानी का संदेश

संवाददाता, चौबेपुर

- जल जीवन मिशन के तहत प्रचार वाहनों को किया रवाना
- शुद्ध पेयजल के इस्तेमाल को जागरूक करेगा प्रचार वाहन

अमृत विचार: केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव शुद्ध पेयजल व स्वच्छता के बाबत लोगों को जानकारी देने के लिए मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय से एलईडी वाहनों को रवाना किया गया। खंड विकास अधिकारी की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए वाहनों के साथ कार्यदाई संस्था लोग ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए शुद्ध पेयजल का इस्तेमाल किए जाने का संदेश देंगे।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना के तहत गांव गांव लोगों को गंदे पानी से होने वाली बीमारियों व शुद्ध पेयजल के इस्तेमाल के बाबत जानकारियां दी जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी एस एन कश्यप ने ब्लॉक मुख्यालय से एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा रवाना करते बीडीओ एसएन कश्यप। अमृत विचार

खंड विकास अधिकारी एसएन कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन संस्था इन्फोटेक सॉल्यूशन नोएडा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें संस्था के लोग प्रचार वाहन के माध्यम से शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही हर घर जल योजना के बाबत जानकारियां दिए जाने के साथ लोगों को शुद्ध पेयजल व स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

वहीं कार्यदायी संस्था के शारिक अशरफ ने बताया कि प्रचार वाहनों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा कि किस तरह केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को क्रियाशील घरेलू नल संयोजन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्य में राज्य सरकार, पंचायती राज संस्थाओं व जनप्रतिनिधियों को मिलजुल कर कार्य कराए जाने पर बल दिया जा रहा है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत मुकेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी अनुज मिश्रा, शिवप्रताप, प्रदीप पांडेय के साथ ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

अब महिलाएं दौड़ाएंगी ई रिक्शा

संवाददाता, सरसौल

अमृत विचार: अब महिलाएं भी सड़क पर ई रिक्शा चलाते नजर आएंगी। जी हां, ई रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद मंगलवार को 25 महिलाओं को प्रमाण पत्र सौंपे गए। अब उन्हें ई रिक्शा की खरीद के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए तो खुशी से चेहरे खिल उठे।

नारी स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति के तहत सरसौल स्थित लाला कालिका प्रसाद इंटर कालेज में महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए ई रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। ई रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी प्रशिक्षु महिलाओं को प्रमाणपत्र सौंपे गए। जिले में लाला कालिका प्रसाद इंटर कालेज को ही प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चुना गया है, जहां विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया गया।पहले बैच में 25 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इन सभी प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को रोजगार देने के लिए जल्द ही सरकार की ओर से इनके खातों में 50 हजार रुपये की धनराशि भेजी जाएगी। इसकी प्रक्रिया उद्योग निदेशालय की ओर से पूरी की जाएगी। कार्यक्रम समन्वयक नीरज कुमार ने बताया कि क्षेत्र की महिलाओं को मिशन शक्ति से जोड़कर सरकार द्वारा रोजगार उन्मूलक कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हाईस्कूल पास महिलाएं और छात्राएं इस योजना का लाभ ले सकती हैं। कार्यक्रम में लेक्ट्रिस ईवी प्रा. लिमिटेड के एएसएम मोहित दीक्षित, मिशन शक्ति कार्यक्रम की ट्रेनर साक्षी सिंह, अर्चना, दीपिका, कविता, सरिता, शशिप्रभा, सुलेखा, स्वाति, नेहा, दीपशिखा पांडेय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

ई रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सौंपे गए प्रमाण पत्र। अमृत विचार

युवक को अगवा करने की आशंका

शिवराजपुर। क्षेत्र के सुघरदेवा गांव से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुए युवक का एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने अब सीतापुर के दो युवकों पर अपहरण कर हत्या करने का संदेह जताया है। परिजनों ने इस मामले में दोनों युवकों के खिलाफ शक की बिना पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

पीड़ित की मां सरस्वती तिवारी पत्नी शिवनारायण तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती सात जनवरी को सीतापुर जनपद के जलालाबाद निवासी दो युवक उसके बेटे कुलदीप तिवारी को अपने साथ ले गए थे। तब से उसका कुछ भी पता नहीं चल रहा है। काफी खोजबीन के बाद भी जब बेटे का कहीं कुछ पता नहीं चला, तब थक-हारकर 13 जनवरी को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। क्राइम इंस्पेक्टर एसएस पटेल ने बताया कि पुलिस टीम लगातार युवक की तलाश कर रही है।

मदद को बढ़े हाथ | थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में गरीबों और असहायों को कंबल वितरित कर बटोरी दुआएं

कंबल की गर्माहट से चेहरे पर लौटी मुस्कान

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: ठिठुरन भरी सर्दी में कंबल की गर्माहट पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। मूसानगर थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित करने के साथ खिचड़ी भोज का आयोजन खूब दुआएं बटोरी। रेउना ग्राम प्रधान अरविंद कपाड़िया ने भी कस्बे में कंबल वितरण किया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

मूसानगर थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने भीषण ठंड में गरीबों को लगातार कंबल वितरित कर रहे हैं। उन्होंने मूसानगर और आसपास के पुरंदर, चांदपुर, जरसेन, गुलौली, खेड़ा, नगीना आदि गांवों में पहुंचकर गरीबों व असहाय महिलाओं को कंबल वितरित किए। थानाध्यक्ष के इस नेक कार्य की गली-गली, गांव-गांव चर्चा हो रही है। महिलाएं दिल से दुआएं दे रही हैं। रेउना ग्राम प्रधान अरविंद कपाड़िया की ओर से भी गरीबों को कंबल वितरण किया गया। ठिठुरन भरी सर्दी में कंबल की गर्माहट पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उनका कहना है कि प्रयास किया जा रहा है कि ग्राम पंचायत में कोई भी गरीब और असहाय व्यक्ति सर्दी में मुसीबत नहीं झेले। हर जरूरतमंद को कंबल पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

गरीबों को कंबल बांटते थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह। अमृत विचार

सरसौल में ब्लाक प्रमुख ने बांटे कंबल। अमृत विचार

गरीब महिलाओं और दिव्यांगजनों को बांटे गए कंबल

सरसौल। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए रोटरी क्लब एलीट की ओ्र से मंगलवार को कस्बे के विवेकानंद इंटर कालेज में गरीब, वृद्ध, विधवा और दिव्यांग महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख डॉ. विजय रत्ना तोमर ने एक सैकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को कम्बल दिए गए। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि रोटरी क्लब के सामाजिक दायित्वों की प्रशंसा की जानी चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब एलीट की अध्यक्ष प्रीति बग्गा की ओर से किया गया। इस मौके पर रोटेरियन सतीश चंद्र गुप्ता, अश्वनी दीक्षित, देवेंद्र सिंह, एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश, सतीश चंद्र कुशवाहा, ग्राम प्रधान रामकुमार उर्फ देवेगौड़ा, रानू, उमेश चंद्र कुशवाहा, सत्यार्थ विक्रम, आरपी पाल आदि मौजूद रहे।

एक नजर

बाइक अनियंत्रित होने से छात्र घायल

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्रीकला निवासी धर्मेंद्र अचलगंज क्षेत्र के बेथर स्थित पं. राम दुलारे मिश्रा डिग्री कालेज में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र हैं। मंगलवार सुबह बाइक से पेपर देने कालेज गया था। जहां से घर आ रहा था। तभी अचलगंज-पुरवा मार्ग पर भूलेमऊ गांव के पास लोन नदी पुल पर अचानक बाइक अनियंत्रित होने से वह सड़क पर गिर गया। ग्रामीणों की मदद से उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया।

बार चुनाव 30 को

उन्नाव। बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी ने नए चुनाव कार्यक्रम को घोषणा की है। कार्यक्रम के अनुसार 17 जनवरी को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व छह वरिष्ठ सदस्य पद के लिए नामांकन होंगे। वहीं 18 जनवरी को महामंत्री, संयुक्त मंत्री प्रशासनिक, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय, संयुक्त मंत्री प्रकाशन और छह कनिष्ठ सदस्य पदों के लिए नामांकन होंगे। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 जनवरी को नाम वापसी होगी। 30 जनवरी को प्रात: नौ बजे से शाम पांच बजे तक वोट पड़ेंगे अगले दिन सुबह नौ बजे से मतगणना शुरू होगी।

बर्फीली हवाओं ने शरीर किया सुन्न, घर में भी कांप रहे लोग

बीते बीस दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने लोगों को जीना दुश्वार किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बर्फीली हवाएं अब घरों के अंदर भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही हैं। इससे जहां हाथ-पैर सहित शरीर के अन्य खुले हिस्से सुन्न होने लगते हैं, जिससे सभी को जरूरी कामकाज निपटाना मुश्किल साबित हो रहा है। लगातार पानी में काम करने वाली महिलाओं की उंगलियों में सूजन आ रही है।

पिछले करीब एक सप्ताह से चल रहीं बर्फीली हवाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सर्द हवाओं के प्रभाव से लोगों के हाथ-पैर की उंगलियों में सूजन की समस्या बढ़ रही है। साथ ही अधिक समय तक सीधे बर्फीली हवाओं में रहने वालों की स्किन फट रही है। वहीं विपरीत मौसम में भी अधिक समय तक पानी संबंधी काम करने वालों खासकर घरों में चौका-बर्तन करने वाली महिलाओं की उंगलियां फटकर घाव में तब्दील हो रही हैं। इसका खामियाजा गृहणियों को भुगतना पड़ रहा है। विपरीत मौसम में बर्तन आदि धुलना उनके बुते के बाहर का काम बना है। शरीर के लिए पीड़ादाई बर्फीली हवाएं जीविकोपार्जन के लिए अन्य काम करने वालों के लिए भी चुनौती साबित हो रही है।

आग तापकर सर्दी से निजात पाने की कोशिश करते लोग। अमृत विचार

मोतीनगर सब्जी मंडी के दुकानदार राजेश के मुताबिक पहले जहां रात आठ बजे तक दुकानदारी जारी रहती थी। वहीं अब छह बजे से ही ग्राहकों की आवक कम होने लगती है। दुकानदारों के मुताबिक अलग-अलग कारोबार में 30 50 फीसदी तक गिरावट है।

भीषण ठंड से धंधे हो गए मंदे

छोटे-बड़े सभी दुकानदार मौसम की मार से धंधा प्रभावित होने की बात स्वीकारते हैं। किराना कारोबारी राधेश्याम गुप्ता के मुताबिक बहुत जरूरी होने पर ही लोग खरीदारी को घरों से बाहर निकलते हैं। आमतौर पर बाजार न आकर लोग अगल-बगल की दुकानों से कामचलाऊ खरीद कर काम चला रहे हैं।

हाड़कंपाऊ सर्दी ने तोड़े रिकॉर्ड, सभी बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। जनवरी माह में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सोमवार को पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुये। वहीं मंगलवार को सुबह से बर्फीली हवाओं ने हर किसी को झकझोर दिया। जिस कारण हर कोई ठिठुरता रहा। दोपहर के समय धूप निकलने से लोगो ने राहत की सांस ली। वहीं शाम को एक बार फिर से सर्दी का प्रकोप बढ़ गया।

मंगलवार को सर्दी के प्रकोप के साथ ही कोहरे ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। जिससे लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। जिससे जरूरी काम को जाने वाले ही घरों से निकले। वहीं कुछ लोग घरों में ही दुबके रहे। जिससे इस भीषण सर्दी में राहगीरों के अलावा आम लोग सर्दी में ठिठुर रहे हैं। वहीं कोहरा अधिक पड़ने के कारण रेल संचालन बुरी तरह प्रभावित है। कोहरे की धुंध ट्रेन संचालन पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। रिकॉर्ड तोड़ सर्दी होने के कारण हर कोई आग के सामने बैठकर पूरा दिन काटा। इसके बावजूद सर्दी में सबकी कंपकंपाती छूट गई। वहीं इलेक्ट्रानिक दुकानों में हीटर, ब्लोअर के अलावा अन्य गर्म हवाएं देने वाले उपकरणों की खूब बिक्री हुई। अधिक सर्दी पड़ने के कारण मंगलवार को पूरे दिन लोग आग के सहारे बैठे रहे। दोपहर के समय धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं शाम को एक बार फिर से गलन बढ़ने से हर लोग कंपकंपाते रहे।

राजधानी मार्ग पर आग तापते लोग। अमृत विचार

100 बुजुर्गों को कंबल देकर कमाया पुण्य

उन्नाव। इस भीषण ठंड में यदि कोई गरीबों, असहायों व जरूतमंदों की मदद करना चाहता है तो वह शहर के अलावा गावों में जाकर ऐसे लोगों की मदद करे जिन्हें वास्तव में जरूरत है। ऐसे प्रयास से उनकी मदद होगी और आपको आत्म संतुष्टि भी मिल सकेगी। यह बात किरण फाउंडेशन के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने गांव सुरौली ब्लॉक हसनगंज में कंबल वितरण के दौरान कही। संस्था के सचिव डॉ. प्रेम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि इस सर्दी में बहुत ही कम संसाधनों में जीवन यापन कर रहे 50 परिवारों के एक सैकड़ा से अधिक बुजुर्गों को संस्था द्वारा कंबल बांटे गए। इस दौरान सहयोगी संस्था अभ्युदय सेवा संस्थान के नीरज सिंह, अंशुमान तिवारी के अलावा मुख्य रूप से सुखबीर सिंह ब्लॉक प्रमुख हंसनगंज, समरजीत सिंह प्रधान सुरौली, अरुण भास्कर बाजपेयी, महेंद्र बाजपेयी, शुभम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

जिले को मिले चार नए बीईओ दो पदों पर अभी तैनाती बाकी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पहले से तैनात 12 बीईओ की संख्या अब बढ़कर 16 हो जाएगी
- हालांकि अभी भी दो पद हैं रिक्त, वहां कार्यवाहक बीईओ संभालेंगे काम

अमृत विचार। शासन ने जिले में चार नए बीईओ को तैनाती दी है। इस तरह अब सभी स्थानांतरित होकर आने वालों के कार्यभार ग्रहण करने पर जिले में बईईओ की संख्या 16 हो जाएगी। इसके बावजूद भी दो पद खाली रहेंगे, जहां कार्यवाहक बीईओ तैनात कर पहले की तरह काम निपटाया जाता रहेगा।

उल्लेखनीय है कि जिले में 16 ब्लाक क्षेत्र हैं, जहां प्रत्येक बीआरसी पर बीईओ कार्यालय संचालित है। इसके अलावा नगर क्षेत्र सहित बीईओ मुख्यालय का पद भी सृजित है। इस तरह जिले में 18 बीईओ तैनात कर सभी पदों को भरा जा सकता है। सत्र शुरू होने पर जिले में तैनात करीब आधा दर्जन बीईओ गैर जिलों को स्थानांतरित कर इससे कम बीईओ जिले को उपलब्ध कराए गए। इससे बीईओ की रिक्त पदों की समस्या पहले से गंभीर हो गई। बीएसए संगीता सिंह की ओर से शासन को समस्या से अवगत कराते हुए लगातार बीईओ तैनात किए जाने की मांग उठाई जाती रही, जिसके परिणामस्वरूप पहले एक और अब चार बीईओ को उन्नाव स्थानांतरित किया गया है। मकर संक्रांति के दिन जारी स्थानांरण सूची के अनुसार पहले जिले में दो सफल पारियां खेल चुके तेज-तर्रार बीईओ में गिने जाने वाले राजेश सिंह को एक बार उन्नाव स्थानांतरित किया गया है। अब तक वह लखनऊ में तैनात रहकर सरकार की होने वाले विविध आयोजनों में सहभागिता करते दिखाई देते थे। इसके अलावा देवेंद्र सिंह, कन्हैया लाल व मधुलिका वाजपेयी को भी जिले में तैनाती दी गई है। आमतौर पर राजधानी के इस निकटस्थ जिले में कार्यभार संभालने से अधिकारी इंकार नहीं करते हैं।

इसलिए उम्मीद की जा रही है कि सभी नवागत बीईओ इसी सप्ताह बाकी बचे दिनों में कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। सभी चार नए बीईओ के कार्यभार संभालने के बावजूद दो पद अभी भी रिक्त रहेंगे। हालांकि बीईओ मुख्यालय व बीईओ नगर पद एक ही बीईओ को सौंपकर सुविधाजनक ढंग से काम चलाया जा सकता है, क्योंकि दोनों कार्यालय शहर में ही संचालित होते हैं।

व्यापार मंडल चुनाव में सूरज बने अध्यक्ष

पुरवा उन्नाव। मंगलवार को मंगतखेड़ा कस्बे में व्यापारिक मंडल चुनाव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष समेत 7 पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया।

व्यापार मंडल चुनाव मंगतखेड़ा कस्बे में चुनावी दंगल में दो पार्टियों ने पर्चा दाखिल किया। जिसमें अध्यक्ष पद में सूरज सिंह व संजय सिंह गौर ने पर्चा दाखिल किया। वहीं अन्य 6 व्यापारी कार्यकर्ताओ में महामंत्री निखिल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार, उपाध्यक्ष बब्लू गुप्ता, मंत्री विकास सिंह, संगठन मंत्री अखिलेश सिंह, संयुक्त मंत्री महेश साहू ने पर्चा दाखिल कर निर्विरोध चुनाव जीता। अध्यक्ष पद के दावेदारों को 102 मतों में सूरज सिंह को 61 मत व संजय सिंह गौर को 39 मत मिले।

घर में लगी आग, झुलसने से रिटायर्ड शिक्षक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- घटना के वक्त रजाई ओढ़ कर सो रहे थे वृद्ध
- शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से हुआ हादसा

अमृत विचार। बारासगवर थाना अंतर्गत रिटायर्ड शिक्षक की सोते समय शार्ट सर्किट से लगी आग से जलकर मौत हो गई। घटना के वक्त वह रजाई ओढ़ कर सो रहा था। कमरे से धुआं उठते देख परिजन दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और आग बुझाई। कमरे में जली वायरिंग को देख कर शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से रजाई में आग लगने के कयास लगाए जा रहे हैं।

बारासगवर थानांतर्गत करनाईपुर गांव निवासी छेदीलाल (86) पुत्र स्व. माखनलाल रिटायर्ड शिक्षक थे। बीती शाम वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में दरवाजा बंद कर सोने चले गए। थोड़ी बाद कमरे से धुआं उठते देख परिजन पहुंचे और आवाज लगाने के साथ दरवाजा खटखटाया अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला तो बेटे कृष्णा ने पड़ोसियों की मदद से कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। जहां वृद्ध की रजाई सहित पहने हुए कपड़े जले हुए थे और उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे के मुताबिक कमरे की पूरी वायरिंग जली हुई थी। अनुमान लगाया गया कि शार्टसर्किट के दौरान उठी चिंगारी रजाई में गिरी। जिसके बाद आग की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं भी हैं। हालांकि परिजनों की आग से जलने की ही तहरीर दी गई है। वहीं, विभिन्न आशंकाओं को देखते हुए पोस्टमार्टम के दौरान बिसरा सुरक्षित किया गया है। दिवंगत की पत्नी ननकई गांव की पूर्व प्रधान भी रह चुकी है। पिता की मौत से उसके चार बेटे बेहाल रहे। उसके दो बड़े बेटे महेंद्र व राकेश मुंबई में नौकरी करते है। घर में छोटे बेटे कृष्णा और विजय मौजूद थे।

रिटायर्ड शिक्षक के गमगीन परिजन। अमृत विचार

आग तापते समय झुलसा दिव्यांग हुई मौत

उन्नाव। अचलगंज थानांतर्गत कोरारी कला गांव निवासी अमनदीप (14) पुत्र अशोक पैर से दिव्यांग था। मंगलवार को घर के बाहर वह आग ताप रहा था। तभी अचानक वह आग की चपेट में आकर झुलस गया। परिजन दोपहर करीब 12 बजे उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज के दौरान एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया और शव लेकर चले गए। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के पहली खेड़ा गांव निवासी रामा (55) पत्नी विजय शंकर मंगलवार को आग की चपेट में आकर झुलस गई। बेटे रिंकू ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

समाजसेवी ने सर्दी से बचाव के लिये जलवाया अलाव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पहाड़ों पर बर्फ़बारी होने से प्रदेश भर मंब भीषण गलन के साथ पड़ रही हाड़कपाऊ ठंड ने लोगों को परेशान कर रखा है। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं के साथ समाज सेवा में लगे लोगों ने भी निराश्रित, बेसहारा व गरीबों की समस्याओं को देखते हुए जगह-जगह अलाव जलवाने का काम तेज कर रखा है। इसी क्रम में अमित मिश्रा ने शहरियों को अलाव की व्यवस्था कराई है। उन्होंने शहर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को प्रशासन की ओर से अलाव की सुविधा नहीं मिल रही है उन्हें उनकी टीम अलाव की व्यवस्था करा रही है।

अलाव तापते लोग। अमृत विचार

चंद्रशेखर आजाद पार्क का निर्माण कराया ध्वस्त

ध्वस्तीकरण के दौरान मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी। अमृत विचार

अवैध निर्माण गिराती जेसीबी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। शहर के हरदोई द्वार को नया लुक देने का कार्य अमलीजामा लेने लगा है। शहर सीमा पर अवैध कब्जे की शिकार भूमि पर चंद्रशेखर आजाद पार्क का निर्माण कराना प्रस्तावित है, जिसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी ने मौके पर मौजूद रहकर अवैध निर्माणों पर जेसीबी चलवाई। दो जेसीबी से वहां कराए गए अतिक्रमण को गिरवाया गया।

नए साल में ही हरदोई को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग पर सौंदर्यीकरण कार्य कराना तय हुआ था। प्रस्तावित योजना के तहत हरदोई रोड पर शहर सीमा स्थित सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कर चंद्रशेखर आजाद पार्क का निर्माण होगा। इससे जहां आसपास विकसित हो रही आबादी के निवासियों को पार्क की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं हरदोई सहित अन्य जिलों व प्रदेशों को जोड़ने वाली इस सड़क पर आवागमन करने वालों पर शहर की बेहतर तस्वीर बनेगी। इधर स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहरों को साफ-सुथरा बनाते हुए सुंदर दिखाने के अभियान पर काफी जोर दिया जा रहा है। इससे पहले जिला प्रशासन दो महानगरों के बीच स्थित मुख्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए जहां लखनऊ बाईपास पर कार्य करा चुका है। वहीं कानपुर की ओर गांधीनगर तिराहा पर भी सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा चुका है। यही नहीं शहर के मध्य ओवरब्रिज तिराहा, निराला उद्यान व एसपी आफिस तिराहा भी सौंदर्यीकृत हो चुके हैं।

रायबरेली रोड पर पर अभी निर्माण जारी है, लेकिन तय माना जा रहा है कि लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाई ओवर का कार्य पूर्ण होते ही डीएम अपूर्वा दुबे गदनखेड़ा चौराहा का भी सौंदर्यीकरण कराएंगी।

मंदिर की भूमि पर गोशाला बनवाने का लगाया आरोप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- क्षेत्रीय लोगों ने नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर जताई नाराजगी

अमृत विचार। नगर पालिका प्रशासन करीब 400 वर्ष पुराने मंदिर की भूमि पर जबरन गोशाला निर्मित करा रहा है। श्रद्धालुओं ने नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर गोशाला अन्यत्र स्थापित कराने की मांग की है।

नगर के श्रद्धालुओं द्वारा प्रदेश के नगर विकास मंत्री को प्रेषित पत्र में कहा कि बाईपास मार्ग पर करीब 400 वर्ष पुराना बाबा सिद्धनाथ मंदिर है। भूमिधरी जमीन मंदिर के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। मंदिर के पास नजूल की भूमि है। चूंकि मानक के अनुसार गोशाला निर्माण के लिए 100 मीटर लंबी व 60 मीटर चौड़ी जमीन की जरूरत है। जबकि नजूल की भूमि काफी कम है। इसीलिए पालिका प्रशासन नजूल की भूमि में मंदिर की भूमि मिलाकर जबरन गोशाला का निर्माण करना चाहता है। पालिका द्वारा मंदिर की जमीन पर आरसीसी पिलर भी निर्मित करवा दिए गए हैं। जिससे श्रद्धालुओं में पालिका प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश है।

नगर के कमल रस्तोगी, राघवेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम रस्तोगी, राजेश कुमार, ओमप्रकाश पाल, आकाश, अभय व दीपू आदि ने मंदिर की भूमि से पालिका का कब्ज़ा हटवाने और गौशाला अन्यत्र भूमि में निर्मित कराने की मांग की है।

भारत संकल्प यात्रा | विधायक ने लोगों को बताई केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं

आयुष्मान विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। विधायक श्रीकांत कटियार ने नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, कमलापुर व भिखारीपुर कस्बा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर आम जनता को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही आयुष्मान, आवास, स्वच्छ भारत मिशन व उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाणपत्र बांटे। उन्होंने गांव भिखारीपुर कस्बा में आंगनबाड़ी बच्चों का अन्नप्रासन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की।

भिखारीपुर कस्बा में विधायक ने कहा कि मोदी गारंटी की गाड़ी आपके गांव आई है। यह करोड़ों गरीबों के विश्वास और भरोसे की गाड़ी है। जो लोगों के सपनों को पूरा करेगी। कहा कि भारत विकसित तभी बनेगा जब हर व्यक्ति का विकास होगा और सरकार इसी पर काम कर रही है। कहा कि आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। जिससे भारत की आधी आबादी से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। इसमें एलईडी वाहन द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा सभी कल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार प्रधान, ब्लाक प्रमुख अर्जुनलाल दिवाकर, चेयरमैन रामजी गुप्ता, भगवानदीन, चिरंजू, राम लखन, महेश प्रसाद, जमुना प्रसाद, लक्ष्मी नारायण व अशोक कुमार व माता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

विधायक श्रीकांत कटियार का स्वागत करते राकेश प्रधान। अमृत विचार

- लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाणपत्र बांटे गये

विधायक ने लाभार्थियों को किया सम्मानित

नवाबगंज। विकासखंड के गांव सधीरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक बृजेश रावत व रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का प्रधान प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने स्वागत किया। विधायक ने विभिन्न सरकारी योजनाओं आवास, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड आदि के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान वीडीओ राकेश यादव, सुरेंद्र कुमार, शरद चंद पांडेय समेत अन्य विभागों के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं गांव जैतीपुर में हुए कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके साथ बालेंद्र प्रताप सिंह ने योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडीओ मनोज कुमार, वीडीओ सुरेंद्र कुमार, तारिक अंसारी, आकाश शुक्ला, चंद्रजीत आदि रहे।

कार्यशाला में बाल एवं पुष्टाहार विभाग ने दी जानकारियां

पुरवा। बाल एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा स्वास्थ्य व पोषण प्रबंधन पाठशाला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और कन्या सुमंगला कार्यक्रम के तहत कार्यशाला हुई। बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, सीडीपीओ संजीता यादव, सुपरवाइजर सुमिता मिश्रा, अनामिका तिवारी, स्वास्थ्य विभाग से उपासना सिंह, अर्चना मौजूद रही। कार्यक्रम में बताया गया कि 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से वजन, लंबाई व ऊंचाई लेने के उपरांत अतिकुपोषित, सैम व गंभीर चिह्नित नाटेपन के बच्चों को डाक्टर से परीक्षण कराना व रेफर हुए बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना बताया गया। साथ ही सैम बच्चों को मिलने वाली छह प्रकार की दवाइयों की जानकारी दी गई। इसके अलावा पंजिका को सही से बनाने की बात कही गई।

अमन व नवरत्न के खेल से जीती मुस्कान

जिला क्रिकेट लीग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पं. दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में डीसीए की ओर से आयोजित स्व. रजनींद्र दीक्षित अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग का चौथा मैच मुस्कान इंटरप्राइजेज व शिवा फर्नीचर टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मुस्कान इंटरप्राइजेज ने विजेता बनी।

मुस्कान इंटरप्राइजेज के कप्तान नवरत्न राजपूत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। इसलिए पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवा फर्नीचर टीम ने निर्धारित 30 ओवर की पारी में 180 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें अंकित यादव ने चार शानदार चौके जड़ते हुए 32 रन की पारी खेली। इसके अलावा अभय और गाजी ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 28 व 24 रन की पारियां खेलीं। वहीं शिवा फर्नीचर की ओर से अमन यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट प्राप्त किए, जबकि माण्विक और श्रीओम ने भी दो-दो बल्लेबाजों को वापस पवेलियन लौटाया। जवाब में बैटिंग करने उतरी मुस्कान इंटरप्राइजेज टीम ने कप्तान नवरत्न की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत केवल तीन विकेट के नुकसान पर बड़ी आसानी से निर्धारित लक्ष्य पूरा कर मुश्किल दिखने वाली जीत को आसानी से प्राप्त कर लिया। टीम के कैप्टन ने 10 चौकों व दो छक्के लगाकर 75 रन की बेहतरीन पारी खेलते हुए टीम प्रबंधन से खूब सराहना प्राप्त की। सुनील यादव ने भी नाबाद रहते हुए 47 रन की पारी खेली, जबकि अरुण विमल ने 21 रन बनाए। शि अमन यादव को अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मैन आफ द मैच घोषित किया गया। मैच के मुख्य अतिथि खेल सचिव माध्यमिक नवीन सिन्हा ने प्रदान किया उन्हें पुरस्कृत किया। मैच में मुख्य रूप से जिला कीड़ा अधिकारी कल्पना कमल, सुनील पटेल, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, विकास सिन्हा, अनुज यादव, संजय श्रीवास्तव, राकेश आदि रहे।

विजेता टीम के साथ डीसीए के पदाधिकारी। अमृत विचार

घर के बाहर युवक का पेड़ से लटका मिला शव, हत्या की जताई आशंका

मां ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया, कहा कि गांव के दो युवकों के साथ निकला था

संवाददाता पुरवा/नवाबगंज

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली अंतर्गत सोमवार देररात गांव के दो युवकों के साथ घर से बिना बताए निकले युवक का शव सुबह पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मां ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र में देररात युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सूचना पर संबंधित कोतवाली क्षेत्रों की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। जिसमें दोनों की हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई।

अंकित।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगत खेड़ा गांव निवासी मुन्नीलाल रावत का 25 वर्षीय पुत्र अंकित इंदौर में अपनी बुआ के घर रहकर मजदूरी करता था। तीन दिन पूर्व घर लौटा था। सोमवार रात लगभग 11 बजे किसी का फोन आने के बाद किसी से मिलने जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे बहन तन्नू बाहर निकली तो भाई का शव घर के सामने लगे नीम के पेड़ से लटका देख उसने शोर मचाया। मां वेद कुमारी ने बताया कि बेटे अंकित को रात को गांव के ही दो युवक ने फोन कर बुलाया था। जिसके बाद एक बार वह लौट भी आया था। लेकिन रात कब निकल गया इसकी उसे जानकारी नहीं हो पाई। बताया कि वह घरों में खाना बनाने का काम करती है। सुबह पांच बजे जब वह निकली तब पेड़ पर बेटे का शव नहीं लटका था। सूचना पर पहुंचे एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मां ने बताया कि करीब साढ़े चार साल पहले उसके बड़े बेटे भानु प्रताप की मौत हो गई थी। पति मुन्नी लाल गांव में चार अप्रैल को हुई एक वृद्ध की हत्या के आरोप जेल में है।

रोते बिलखते परिजन ।

▸▸ देर रात गांव के दो युवकों के साथ निकला था युवक

अजगैन में युवती ने अपने कमरे में लगाई फांसी

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी राज कपूर निर्मल खाड़ी देश में नौकरी करता है। उसकी पत्नी की करीब 15 साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी थी। घर पर दो बेटियां प्रीति (24) और छवि (17) रहती हैं। सोमवार रात खाना खाने बाद वे सोने चली गईं। इसी दौरान राज कपूर की बड़ी बेटी ने अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के हुक के सहारे फांसी लगा ली। बताते हैं कि कमरे में पालतू तोते के चिल्लाने से छोटी बेटी जागकर कमरे में पहुंची तो बड़ी बहन को फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। उसने चाकू से दुपट्टा काटकर नीचे उतारा। इसी बीच चीख सुनकर पड़ोसी भी पहुंच गए। सभी उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की सूचना विदेश में पिता को दी गई तो वह रो पड़ा। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पाए। लेकिन चर्चा रही कि युवती की शादी की बात चल रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

पढ़ाई बंद होने पर स्टाफ ने विद्यालय में रोपे 33 पौधे

विद्यालय में पौधे रोपित करते हुए प्रधान शिक्षक सहित अन्य स्टाफ।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। भयंकर ठंड में जब लोग सिकुड़े बैठे रहना चाहते हैं। तब जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी संजय कनौजिया ने तैनाती वाले विद्यालय में बच्चों की अनुपस्थिति का बेहतर उपयोग करते हुए स्टाफ के सहयोग से पौधे लगाए।

शिक्षक नेता की जूनियर हाईस्कूल शिवपुर (पड़री) में प्रधानाध्यापक पद पर नियुक्ति है। बीएसए संगीता सिंह के आदेश पर मंगलवार को बच्चों को विद्यालय नहीं पहुंचना था, लेकिन स्टाफ को उपस्थिति दर्ज कराते हुए गैर शैक्षणिक कार्य निपटाने थे। शिक्षण कार्य कराए बिना विद्यालय में घंटों समय बिताने के बजाए प्रधान शिक्षक शहर से जाते समय निजी नर्सरी से पौधे खरीदते हुए रवाना हुए। दोपहर में प्रधान शिक्षक सहित सहायक शिक्षिका नीतू कुमारी, रंजीत कुमार, रसोइया शशी, भगवान देई, आगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा और सहायिका सुमन व मीरा देवी के साथ मिलकर 33 पौधे रोपे, जिसमें सर्वाधिक 15 पौधे मनोकामनी, 10 फाइकस, अमरूद व चाइना पाम के दो-दो और गुलाब के चार पौधे शामिल थे।

सार-संक्षेप

मामूली बात पर दो जगह हुए विवाद व मारपीट

पाटन। बिहार थानाक्षेत्र के गांव बसंत खेड़ा के मजरा सहिला निवासी अंजू देवी पुत्री जगदीश ने पुलिस को दिए शिकायतीपत्र में बताया कि वह अपने घर के बाहर अलाव ताप रही थीं। जहां मुन्नीलाल की पत्नी ऊषा व उसकी बेटी ज्योति भी आग ताप रही थीं। दोनों में मामूली बात पर कहासुनी हो गयी। मां-बेटी ने उसे लाठी-डंडो से पीट दिया। बचाने आयी मां नारायणी देवी व गर्भवती बहन मंजू को भी उन लोगों ने मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। इसमें घायल नारायणी देवी व मंजू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में भर्ती कराया गया है। जहां मां-बेटी का इलाज चल रहा है। अंजू ने मुन्नीलाल, उसकी पत्नी ऊषा व बेटी ज्योति के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। वहीं एक अन्य घटना में बिहार थानाक्षेत्र के गांव कैलाश खेड़ा निवासी ननकई ने थाना में प्रार्थनापत्र में बताया कि मंगलवार को गांव का बुद्धीलाल पुत्र लल्लू लोध पुराने नाले को बंद कर उसकी पुस्तैनी जमीन से जबरिया नया नाला निकाल रहा था। मना करने पर उसे पीट दिया। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

अभियान चलाकर 25 दुकानों से वसूला शमन शुल्क

सफीपुर उन्नाव। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर अतिक्रमण के चलते लगने वाले जाम की समस्या के निराकरण के लिए एसडीएम व नगर पंचायत द्वारा चिह्नित स्थानों पर आगे बढ़े पटरी दुकानदारों पर मंगलवार को नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर शमन शुल्क वसूला गया। नगर पंचायत ने मंगलवार को निर्धारित स्थान से आगे अतिक्रमण करने वाले 25 पटरी दुकानदारों से 2900 रुपये का शमन शुल्क वसूलकर भविष्य में अतिक्रमण करने पर भारी आर्थिक दंड देने की हिदायत दी। नगर के मुख्य बिलग्राम-अलाहाबाद राजमार्ग पर शंकरी देवी मंदिर से पीखी रोड मोड़ के आगे तक सड़क पर चाय, पान की दुकानों सहित फल व सब्जी के ठेला आदि लगाकर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण होने से मार्ग पर रोज जाम की स्थित बनी रहती है। जाम से निजात दिलाने को पटरी दुकानदारों का रोजगार बना रहे इसके लिए एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व ईओ नगर पंचायत विनीत श्रीवास्तव ने निर्धारित सीमा में दुकानें लगाने हेतु पटरी पर पीली पट्टी से सीमा निर्धारण किया था। साथ ही साथ ऐलान करवाया था कि सीमा से बाहर अतिक्रमण मिलने पर जुर्माना वसूला जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत टीम ने भ्रमण कर अतिक्रमण करने वाले 25 दुकानदारों से 2900 रुपये का शमन शुल्क वसूला। साथ ही हिदायत दी कि अगली बार अतिक्रमण पाए जाने पर अधिक शमन शुल्क में भारी रकम वसूल की जाएगी।

कलह के चलते किशोरी गंगा में कूदी, गोताखोर ने बचाया

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के परमसुख खेड़ा निवासी एक किशोरी ने पारिवारिक कलह से ऊबकर गंगा में कूद गई। यह देख तट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और गोताखोर ने उसे बाहर निकाला। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। सुबह करीब सात बजे परमसुख खेड़ा निवासी एक किशोरी रेलवे पुल के नीचे पहुंची। जहां कुछ देर टहलने के बाद उसने गंगा में छलांग लगा दी। यह देख तट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने शोर मचाया और उसे बचाने के लिये दौड़े। इसी दौरान गोताखार भी वहां पहुंच गया। जहां उसे किसी तरह बाहर निकाला। जिसके बाद उससे पूछताछ की। श्रद्धालुओं ने किशोरी को परिजनों को बुलाया। जहां परिजन उसे समझा बुझाकर अपने साथ ले गये।

नवीन पुल के नीचे खड़ी मिली लावारिश बाइक

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नवीन पुल के नीचे आनंद घाट के पास कई दिनों से एक लावारिश बाइक खड़ी थी। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी है। नवीन पुल के नीचे तीन दिनों से एक लावारिश बाइक खड़ी थी। जिस पर मंगलवार को क्षेत्रीय लोगों ने बाइक के नंबरों के आधार पर वाहन मालिक के पता लगाने का प्रयास किया लेकिन नंबर फर्जी निकला। जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने आशंका जाहिर की किसी घटना या फिर चोरी की बाइक होगी। जिसे चोर खड़ी कर भाग गये। क्षेत्रीय लोगों ने लावारिश बाइक की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी।

छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव । गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लोचन खेड़ा निवासी एक विवाहिता ने ससुरालियों पर आरोप लगाया कि अतिरिक्त दहेज की मांग करते हैं। जिस पर पुलिस ने सास, ससुर समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लोचन खेड़ा निवासी सुमन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि सास रूपमणि, ससुर सुखलाल, देवर पिंटू, देवरानी अनूपा, देवर मनोज, देवरानी नीलम उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करती हैं न देने पर मारपीट की और उसे घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज की है।

किशोरियों को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव और मोहल्ले में रहने वाली दो किशोरियों को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गये। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव के रहने वाले पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि कन्नौज जनपद के तिर्वा थाना निवासी विवेक कुशवाहा उसकी 17 वर्षीय बेटी को भगा ले गया हैं। वहीं मोहल्ले में रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हैं। परिजनों को शक है कि अंकित यादव नाम का युवक उसे भगा ले गया है।

हिस्सा मांगने पर पति पत्नी को पीटा

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द निवासी कोमल सिंह ने गंगाघाट पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति ने चचिया ससुर करन सिंह से मकान में बने कमरे का हिस्सा मांगा। जिस पर चचिया ससुर ने पिता को पीट दिया। बीचबचाव करने पर उसे भी पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पत्नी को भगा ले जाने की दी तहरीर

पाटन। बिहार थानाक्षेत्र के गांव परसंडा निवासी एक युवक ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 11 जनवरी को उसकी पत्नी दो वर्ष के बच्चे को लेकर मायके गई थी। वह 13 जनवरी को अपने प्रेमी के साथ बच्चे व शादी के ज़ेवरात लेकर कहीं चली गई है। पति ने परसंडा निवासी ज्ञानू द्वारा पत्नी को भगा ले जाने की शिकायत की है।

छप्पर में आग लगने से गौवंश की मौत

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी इलाके के रमचरामऊ निवासी जोधा के घर में सोमवार रात लोग आग ताप रहे थे। जिसके बाद परिवार के सदस्य घर के अंदर चले गये। मध्य रात्रि बारह बजे आग की चिंगारी छप्पर पर पहुंच गई। जिससे छप्पर धू धू कर जलने लगा। आग को देख आस पास के लोगों ने शोर मचाया। जिस पर अंदर सो रहे लोग बाहर निकले। ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान छप्पर के नीचे बंधी एक गोवंश की आग में झुलसने से मौत हो गई।

एचटी लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। औरास थानाक्षेत्र में बैडमिंटन खेलते समय शटलकाक पेड़ में फंस गई। जिसे उतारते समय वह एचटी लाइन की चपेट में आ गया इससे 13 वर्षीय किशोर झुलस गया। लखनऊ ले जाते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो गई।

औरास कस्बा के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी जैश शर्मा (13) कस्बे के ही सरस्वती ज्ञान मंदिर में कक्षा आठ का छात्र था। मंगलवार शाम पांच बजे वह साथियों के साथ छत पर बैडमिंटन खेल रहा था। तभी शटलकाक नीम के पेड़ में फंस गई। जिसे वह एल्युमिनियम की राड से उतारने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पेड़ के पास से निकली एचटी लाइन में राड छूने से वह करंट की चपेट में आ गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे लखनऊ रेफर किया गया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।

▸▸ पेड़ में फंसी शटल उतारते समय हुआ हादसा

कोर्ट में पेश हुए विधायक सांगा

उन्नाव। एमपी, एमएलए कोर्ट में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में तारीख पर बिठूर से बीजेपी विधायक अभिजीत सिंह सांगा अपने अन्य आरोपियों के साथ कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में सभी के बयान दर्ज हुए। अब मुकदमे की अगली तिथि 23 जनवरी लगाई गई है। कानपुर नगर के बिठूर विधानसभा से बीजेपी के विधायक अभिजीत सिंह सांगा, बीनू गिरी, राना गिरी व हरिओम समेत अन्य कई लोगों पर वर्ष-2008 में तत्कालीन एसओ सफीपुर ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। मुकदमा तब से न्यायालय में विचाराधीन है।

चोरों ने तीन घरों से उड़ाये जेवर व नकदी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आदमपुर हड़ैया गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर नकदी व जेवर बटोर ले गए। पीड़ितों के अनुसार चोर 4.60 लाख नकदी सहित करीब 5 लाख कीमत के गहने बटोर ले गए।

कड़कड़ाती सर्द रात चोरों के लिए मुफीद बनी हुई है। चोरी की बढ़ती घटनाएं पुलिस के रात्रि गस्त की पोल खोल रही हैं। बीती रात सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आदमपुर हड़ैया गांव में प्रताप नारायण द्विवेदी के घर पर छत के रास्ते से चढ़कर घर में दाखिल हुए चोरों में ढाई लाख नकद व लगभग दो लाख के जेवरात उठा ले गए। इसके साथ ही उनके पड़ोसी श्याम सुंदर के घर में भी चोर छत के रास्ते से नीचे पहुंचे और 10 हजार रुपये पार कर दिए। इसके बाद उनके पड़ोसी धर्मेंद्र मिश्रा के घर पर भी बेखौफ चोरों ने धावा बोला। गृह स्वामी ने बताया चोर घर में रखे दो लाख रुपये नकद तथा लगभग दो लाख के जेवरात पार दिए। सुबह जानकारी होने पर गृह स्वामियों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

बिखरा पड़ा समान।

शिव मंदिर में भंडारा व श्रृंगार के लिये मांगा जा रहा था चंदा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर ढाल के पास व मृतक किसान नेता विनोद के घर से चंद दूरी पर बने प्राचीन शिव मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराने के साथ ही भव्य श्रृंगार व भंडारे के लिये चंदा एकत्र किया जा रहा था। जय श्री राम के गगनभेदी जयकारे लगाना हिस्ट्रीशीटर को नागवार गुजरा और उसने किसान नेता की हत्या कर दी थी। पत्नी ने उसी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराने की बात कही है।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसको लेकर विनोद कश्यप ने अपने छोटे भाई दुर्गाशंकर, साले कल्लू को भंडारे और श्रृंगार के लिये क्षेत्र में चंदा एकत्र करने के लिये कहा था। मिश्रित आबादी में जय श्री राम के नारे लगाने पर हिस्ट्रीशीटर ने किसान नेता की हत्या कर दी थी। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि शिव मंदिर प्राचीन है। शिवरात्रि, सावन के सोमवार के अलावा अन्य दिनों में अक्सर मंदिर के बाहर भंडारा, श्रंगार और ठंडाई वितरण का कार्यक्रम आयोजित होता है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने पर भी धार्मिक अनुष्ठान होना था लेकिन विनोद की मौत के बाद धार्मिक अनुष्ठान न होने की बता कही। जिस पर मृतक विनोद की पत्नी भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष प्रीती ने रोते हुये कहा कि वह पति की अंतिम इच्छा पूरी करेगी और मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराने के साथ ही भंडारा करवाने का प्रयास करायेंगी।

घर के सामने इसी शिव मंदिर में होना था धार्मिक अनुष्ठान। अमृत विचार

▸▸ पत्नी बोली पति की इच्छा पूरी करने के लिये 22 जनवरी को होगा भव्य श्रृंगार

कारखाने से चोरों ने नकदी और जेवर किया पार

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के बिंदा नगर चौकी के अवधपुरी इलाके स्थित एक कारखाने से चोरों ने जेवर नकदी समेत हजारों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर महिला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अवधपुरी निवासी स्व. संतलाल की पत्नी सुषमा ने मंगलवार को गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुये बताया कि मोहल्ले में उसके दो मकान हैं। जिसमें एक मकान में साड़ी में चरक लगाने का कारखाना है। सोमवार रात उस मकान में रहने वाले परिवार के सदस्य दूसरे मकान में सोने चले आये। सूना कारखाना पाकर अज्ञात चोर घर में घुस गये। जहां से चोरों ने पांच हजार की नकदी, छह हजार के चांदी के जेवर पार कर दिये। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

ट्रेनों के निकलने से बैराज मार्ग पर लगा भीषण जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार दोपहर अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक तीन ट्रेनें निकलीं। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इस दौरान कानपुर से लखनऊ मरीज को लेकर जा रही एक एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई।

दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकली। कुछ ही देर में तीन ट्रेनों के निकलने से कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की कतार लग गई। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे क्षतिग्रस्त और संकरे मार्ग में बड़े वाहन फंस गये। जिससे जाम और भी विकराल हो गया। जाम के कारण वाहन सवारों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। इसी बीच कानपुर से लखनऊ मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। एम्बुलेंस फंसने पर राहगीरों ने किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

कार की टक्कर से दो घायल

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर पक्षी विहार के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा दो हिस्सों में बंट गया और रिक्शा चालक सुनील पुत्र छेदीलाल व गोकुल प्रसाद पुत्र छोटई निवासी बरुआ अजगैन घायल हो गए। जिन्हें नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची नवाबगंज चौकी पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में सड़क से हटवाकर चौकी में खड़ा कराया है।

विनोद हत्याकांड | सिर में गंभीर चोट होने से थाने में गश खाकर गिर गया दुर्गाशंकर उर्फ बउवा, क्षेत्र में अभी भी दहशत का माहौल

लापरवाही : पुलिस ने तीसरे दिन दो घायलों का कराया मेडिकल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में हिस्ट्रीशीटर ने किसान नेता की निर्मम हत्या कर दी थी। किसान नेता के छोटे भाई और साले को भी पीटकर घायल कर दिया था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल नहीं कराया। मंगलवार दोपहर पुलिस ने पीड़ित परिवार को बुलाया। जहां गंभीर घायल गश खाकर कोतवाली में गिर गया। जिस पर पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिये भेजा।

चंपापुरवा निवासी भारतीय किसान यूनियन के सक्रिय सदस्य विनोद कश्यप का छोटा भाई दुर्गा शंकर कश्यप अपने साथियों के साथ 22 जनवरी को घर के बाहर बने शिव मंदिर में श्रृंगार और भंडारा कराने के लिये चंदा मांग रहा था। इस दौरान जय श्री राम के जयघोष लगा दिये। जिस पर गोताखोर मोहल्ले में रहने वाला गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर शमशेर उर्फ काले खान अपने साथियों के साथ पहुंचा और उसने दुर्गा शंकर का सिर फोड़ दिया तो उसने किसान नेता से शिकायत की। वह मौके पर पहुंचे। जहां काले खा ने उसपर ईंट पत्थर, लाठी डंडे और कट्टे की बट से हमला कर दिया। जिससे किसान नेता की मौत हो गई थी। वहीं छोटा भाई दुर्गाशंकर उर्फ बउवा और साला कल्लू भी घायल हो गये थे। घटना के दिन परिजनों ने बउवा का प्राथमिक उपचार कराया। इधर तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने घायलों का मेडिकल नहीं कराया। परिजनों ने बताया कि उसके सिर पर गंभीर चोटें हैं। पुलिस ने कोई सक्रियता नहीं दिखाई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उसे बार-बार चक्कर आ रहे हैं। मंगलवार दोपहर विनोद की पत्नी प्रीती कश्यप, घायल भाई दुर्गाशंकर और साले कल्लू को थाने बुलाया गया। इस बीच थाने पहुंचते ही बउवा का सिर चकरा गया और कराहता हुआ थाना परिसर में गिर गया। जिस पर उसके साथ मौजूद लोगों ने उसे उठाया। जिसके बाद पुलिस ने कल्लू और दुर्गाशंकर को मेडिकल के लिये भेजा।

थाने में गश खाकर गिरा मृतक का भाई दुर्गाशंकर उर्फ बउवा। अमृत विचार

काले खान का पारिवारिक इतिहास खंगालेगी पुलिस

शुक्लागंज। जय श्री राम बोलने पर किसान नेता विनोद कश्यप की विशेष समुदाय के हिस्ट्रीशीटर काले खा बेरहमी से पीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। जिस पर शासन स्तर से मामले को संज्ञान में लिया गया। काले खा से जुड़े सभी लोगों की पुलिस कुंडली खंगाल रही है। इसके साथ ही उसके पारिवारिक सदस्यों का भी डाटा खंगाला जा रहा है। काले खान से जुड़े लोगों व पारिवारिक सदस्यों का अपराधिक इतिहास भी देखा जा रहा है। यदि अपराध में संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही होना लगभग तय है।

तीसरे दिन भी घटनास्थल, आरोपी और मृतक के घर तैनात रहा फोर्स

शुक्लागंज उन्नाव। रविवार को किसान नेता विनोद कश्यप की हत्या के बाद मंगलवार को भी घटनास्थल, मृतक किसान नेता व हत्यारोपी के घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। पुलिस आने जाने वाले पर नजर रखते हुये अधिकारियों को पल-पल की सूचना देती हुई दिखाई पड़ी। किसान नेता की हत्या के बाद क्षेत्रीय लोगों के अलावा परिजनों में हत्यारोपी के खिलाफ खासा रोष देखने को मिला। जहां क्षेत्रीय लोग आरोपी काले खा के घर पर बुलडोजर चलाने और एनकाउंटर करने की मांग कर रहे थे। जन आक्रोश को देखते हुये अधिकारियों ने आरोपी के घर के बाहर फोर्स तैनात किया था। जहां तीसरे दिन मंगलवार को असोहा थाना प्रभारी राजबहादुर व करीब एक दर्जन पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किये गये हैं। चौबीस घंटे पुलिस नजर रखे हुये हैं। इसके अलावा घटना स्थल पर भी पुलिस फोर्स तैनात रहा। वहीं मृतक विनोद के घर के बाहर भी सुरक्षा को देखते हुये भारी पुलिस फोर्स रहा। जहां पुलिस परिजनों से मिलने आने जाने वाले लोगों से पूछताछ करती हुई दिखाई पड़ी और अधिकारियों को पल-पल की खबर देते रहे।

आरोपी काले खां के घर के बाहर मौजूद पुलिस बल।

विनोद के घर के बाहर तैनात पुलिस फोर्स।

मम्मी पापा अब कब आयेंगे सुन फफक पड़ी प्रीती

शुक्लागंज उन्नाव। किसान नेता विनोद की हत्या के तीसरे दिन दोपहर के समय मृतक के पांच वर्षीय बेटे देवांश मां प्रीती के साड़ी का पल्लू पकड़कर रोते हुये पूछ रहा था कि मम्मी, मम्मी पापा अब कब आयेंगे। यह सुनकर प्रीती फफक कर रो पड़ी और देवांश को सीने से लगा लिया। वहीं मृतक की बेटी अंशिका (14), कृष्णा उर्फ चुलबुल पांडे (10) का भी रो रो कर बुरा हाल हो गया। सभी टकटकी लगाकर पिता की राह निहार रहे हैं। इसके अलावा भाई मन्ने, दुर्गाशंकर, शैलेन्द्र और बहन माया, भावना के अलावा रिश्तेदारों और पड़ोसियों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

तीन दिन बीतने के बाद भी किसी पर नहीं हुई कार्यवाही

रविवार को सुबह से ही मोहल्ले में विवाद हो रहा था, इस दौरान मृतक विनोद का परिवार कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस को सूचना दी कि उसके भाई को काले मार रहा है, इसके बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। अंत में काले ने विनोद की हत्या कर दी। परिजन उसे इलाज के लिये नगर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जिसके बाद हैलट पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हत्या के एक घंटे बाद कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे। जिस पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा परिजनों में रोष रहा। सभी पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। तीन दिन बाद भी लापरवाही बरतने वाले किसी भी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई।

पति को याद कर रोती पत्नी प्रीती। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता ।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता ॥

संसार में उन्नति के अभिलाषी व्यक्तियों को नींद, तंद्रा (ऊंघ), भय, क्रोध, आलस्य तथा देर से काम करने की आदत–इन छह दुर्गुणों को सदा के लिए त्याग देना चाहिए।

संपादकीय

भारत-रूस की सहमति

भारत और रूस ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने पर एक बार फिर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास युद्ध, गाजा में हूतियों के हमले समेत तमाम मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। साथ ही रूस की अध्यक्षता में प्रस्तावित ब्रिक्स सम्मेलन पर विचार किया। रूस ने 1 जनवरी, 2024 से ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की। पिछले दिनों पुतिन ने कहा था कि 2024 में कजान में रूस की अध्यक्षता में अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन निष्पक्ष विश्व व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित होगा। ध्यान रहे यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देश का दौरा नहीं किया है लेकिन फोन पर कई बार बातचीत हुई है। पिछले महीने ही विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत और रूस के बीच सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए मॉस्को का दौरा किया था। विदेश मंत्री के रूस दौरे में दोनों देशों ने आधुनिक हथियारों के निर्माण सहित सैन्य और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का फैसला किया था। लाल सागर में बिगड़ते हालात के बीच दोनों नेताओं की बातचीत को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गाजा युद्ध शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही हूती ने लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले शुरू कर दिए थे। हूती को सबक सिखाने के लिए जब अमेरिका ने एयर स्ट्राइक की, तो अरब में महायुद्ध का खतरा बढ़ गया। ऐसे में अरब में खाड़ी युद्ध जैसे हालात बन गए हैं।

इजरायल, अमेरिका और ब्रिटेन के सामने ईरान, तुर्किए, रूस और चीन एक मंच पर आ गए हैं। तुर्किये ने भी कहा है अमेरिका ने लाल सागर को खून का समंदर कह दिया है। इसके बाद मध्य पूर्व में खाड़ी जैसे हालात बन गए हैं। रूस-चीन ने अमेरिका को धमकी दे दी। लाल सागर में बिगड़े हालात की वजह से तेल के दामों में भी तेजी आ गई है। तेल के दामों में चार प्रतिशत का उछाल आया है। लाल सागर में आए उबाल का असर पूरी दुनिया में हो रहा है। आज किसी भी वैश्विक संकट के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत की ओर देखती है। ऐसे में दोनों नेताओं की बातचीत कूटनीतिक नजरिए से अहम कही जा सकती है।

भारतीय सांस्कृतिक विरासत की महत्ता

डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा।

विविधता में एकता भारत के भीतर सद्भाव और सरलता के उन्नयन में उत्प्रेरक की भूमिका प्रदान करते हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। भारत के पवित्र भूमि पर पुष्पित पल्लवित धर्म यथा हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म सहित सभी धर्म भारत की आध्यात्मिक मननशील परंपरा और दार्शनिक परंपरा का भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को प्रभावित किया,बल्कि वैश्विक विचार आध्यात्मिक प्रभाव और सामाजिक संस्कृति पर गहरा मूल्यवान प्रभाव पर कार्य कर रहे हैं। धर्म,कर्म और योग की जीवंत अवधारणा वैश्विक स्तर के व्यक्तित्व के साथ जोड़ती है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित धारिता प्रदान करने के लिए यह अनमोल, अनुपम और महत्वपूर्ण योजना है। विविधता में एकता का सूत्र वाक्य भारतीय आध्यात्मिक और भारतीय दर्शन के गहरे संबंध के प्रभाव को मनोरम कला, साहित्य, सुप्रसिद्ध भारतीय व्यंजन,अनुश्रुति,परंपरागत वेशभूषा, हस्तकला और भारत की सांस्कृतिक विरासत के अंतर संस्कृतिवाद,देशाटन, संस्कृति, राजनय और कूटनीति की भूमिका को अनुसमर्थित करने में महत्वपूर्ण महत्व प्रदान किए हैं। भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रत्यय को गत्यात्मक दिशा और उर्जित सामर्थ्य प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण उपादेयता है। भारत के सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर वह सिरमौर प्राप्त हो रहा है,जो भारतीय मेधा के बौद्धिक और सांस्कृतिक गौरव का उच्चतर स्तर प्राप्त हो रहा है।

यह अखंड भारतीयता के धारणा के मजबूती में गौरवशाली धरोहर का प्रतीक है। इनके समासीक सहयोग से धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन संस्कृति का उन्नयन होगा, जो भारतवर्ष के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) के वृद्धि में समावेशी सहयोगी होगा। संस्कृति को भारतीयों ने 'मानव संस्कृति' (मानव धर्म) के रूप में बढ़ाया है,इसलिए भारत में मानव सेवा ही ईश्वरीय सेवा है। भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, ज्वाला सांस्कृतिक उद्बोधक के प्रणेता स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा को ही नारायण सेवा की संज्ञा दी है। विविधता में एकता का सिद्धांत प्रकृति, ब्रह्मांड और जीवन का अंतर्निहित नियम है। भारत में विभिन्न समुदायों के लोग, विभिन्न भाषाओं के बोलने वाले व्यक्ति और विभिन्न रीति-रिवाज का पालन करने वाले व्यक्ति आपस में सामंजस्य पूर्ण सह-अस्तित्व से जीवनयापन करते हैं। भारत की सांस्कृतिक विरासत की आत्मा इस तत्व में निहित है कि भारतीय धर्म,परंपरा, रीति-रिवाज,वेशभूषा और मान्यताएं सर्वस्पर्शी संगम है।

भारत की सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परंपरा को प्रमुखता प्रदान करने वाली वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व के ऊर्जावान महत्ता के कारण समृद्ध विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रमुख मान्यता प्राप्त हो रहा है। वर्तमान सरकार अपने समृद्ध संस्कृति पर गर्व कर रही है,जो अपने राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत को उच्चतर मूल्य के साथ उच्चतर स्थान दिलाने के लिए गंभीरता से प्रयासरत है। भारत एक समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत वाला देश है जिसे वर्षों के इतिहास,परंपरा और बौद्धिक प्रत्यय द्वारा सिंचित किया गया है। प्राचीन वैदिक परंपरा हिंदू संस्कृति, बौद्ध परंपरा और जैन परंपरा के संस्कृतियों की विस्तृत श्रृंखला का बेला रही है जिसने राष्ट्र के अद्वितीय सांस्कृतिक परिदृश्य पर अनूठा प्रभाव डाला है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत भारतीयों के लिए गर्व का प्रतीक है,बल्कि वैश्विक स्तर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भारत के मंदिरों की शोभायमान,इसके वेशभूषा की गंभीरता,भारत के शास्त्रीय संगीत और नृत्य की रस्लोलुप्त दृष्टि और भारतीय दर्शन की ओजस्वी प्रकृति सार्वभौमिक स्तर पर लोगों में आकर्षण का शोभायमान संस्कृति का प्रसार कर रहा है।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है,जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा ,साहित्य, पंचांग, खगोल ,रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म,बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है।

भारतवर्ष के इस वृहद विरासत भंडार को वैश्विक स्तर पर अपना अनोखा सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में वैद्यता प्राप्त है। भारतीय संस्कृति वैश्विक स्तर की सर्वाधिक प्राचीन भारतीय संस्कृति है। भारतीय संस्कृति समकालीन में प्रासंगिक है। भारतीय संस्कृति में ग्राम पंचायत,न्याय पंचायत,परंपरागत परिवार व्यवस्था,मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के चरित्र,श्रीकृष्णजी के समताभाव,बौद्ध दर्शन के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध के समकालीन विचार और जैन धर्म (सभी दर्शन हिंदू धर्म/ दर्शन के अभिन्न भाग है)। शिक्षाएं वर्तमान में प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। हजारों वर्षों के ऐतिहासिक गतिशीलता के साथ भारत विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं, परंपराओं, धर्म और भाषाओं का संगम स्थल है। भारत की सांस्कृतिक विरासत स्वदेशी रीति-रिवाज और बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों का सामंजस्यपूर्वक मिश्रण है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में कलात्मक अभिव्यक्तियों, वस्त्र,शिल्प का करिश्माई पुंजों और दार्शनिक परंपराओं की वृहद श्रृंखला है।

धार्मिक विविधता भारत की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न भाग है। भारत की सांस्कृतिक विविधता अत्यधिक प्रभावशाली है। 1600 से अधिक भाषाओं के साथ भाषाई विविधता है। प्रत्येक भाषा अपना अनोखा साहित्य,काव्य और सांस्कृतिक तकनीकी है,जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में सहयोग दे रहे हैं। शास्त्रीय संगीत की आत्मा को प्रेरित करने वाले शास्त्रीय गायनों के धुनों ने वैश्विक स्तर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। भारत का सांस्कृतिक विरासत संसार के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह हमको स्वीकृति, सह - अस्तित्व और मत्तांतरण के महापर्व का मूल्य को सिखाता है। विविधता विकास और उन्नति का सुअवसर है। भारत संसार की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। हमारी सभ्यता 4000 साल पहले की सिंधु घाटी संस्कृति से संबद्ध है। इस प्राचीन विरासत ने पुरातात्विक स्थलों,ऐतिहासिक स्मारकों और प्राचीन ग्रंथों की धरोहर सुरक्षित रखा है,जो मानवीय सभ्यता के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। भारत की प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी में पुष्पित पल्लवित हुई है और हड़प्पा सभ्यता के नाम से ख्याति प्राप्त किया था। इस उच्चकृत सभ्यता के उन्नत जल निकासी प्रणालियों, मानकीकृत वजन, माप और लेखन की वैज्ञानिक प्रणाली के साथ नियोजित शहरों का विकास किया है और इसके विषय में अभी भी अन्वेषण जारी है।

भारत की एक और उच्चकृत सभ्यता जो मानव इतिहास में वैदिक सभ्यता के नाम से जानी जाती है जिसका समय 1500 ईसा के पूर्व के आसपास थी। इस समय में वेद सर्वाधिक मान्य ग्रंथ हैं और हिंदू धर्म का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रंथ है। वैदिक सभ्यता ने हिंदू सभ्यता, हिंदू दर्शन, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं की नींव रखी है,जो वर्तमान में भारतीय संस्कृति के प्रसार में योग दे रहा है। भारत के प्राचीन सभ्यता ने विज्ञान, गणित, चिकित्सा ,साहित्य, पंचांग, खगोल ,रेखा गणित, तर्कशास्त्र और दर्शन में शाश्वत योगदान दिया है। भारत की महान धरती हिंदू धर्म,बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली रही है। इन आध्यात्मिक परंपराओं ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का आधार विकसित किया है। धर्म-कर्म और योग की अवधारणा ने वैश्विक विचार और आध्यात्मिकता की उर्वरा में सहयोग प्रदान किया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत आध्यात्मिक (मनोवैज्ञानिक धारणा) और दर्शन (मनोनैतिक धारणा) को आधार प्रदान करती है।

प्रसंगवश

आमंत्रण के मुद्दे पर घमासान

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धर्मगुरुओं की राय को आधार बनाकर राजनीतिक दलों के मध्य मचा घमासान औचित्यपूर्ण नहीं कहा जा सकता। विचारणीय बिंदु यह है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र किसी राजनीतिक दल द्वारा नहीं, अपितु राम मंदिर न्यास द्वारा बांटे जा रहे हैं।

सुधाकर आशावादी
मेरठ

ऐसे में भले ही विश्व हिंदू परिषद की आयोजन में पूर्ण भागीदारी हो,मगर प्रत्यक्ष रूप से भाजपा की इसमें कोई भूमिका नहीं है। ऐसे में यदि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक दल इस आयोजन में अपनी भागीदारी निश्चित नहीं करना चाहते, तब यह उनकी राजनीतिक विवशता हो सकती है या राम मंदिर से दूरी बनाना उनकी तुष्टिकरण नीति का अंश हो सकता है,किंतु उनके प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार के निर्णय पर समर्थक राजनीतिक दलों की आलोचना कतई तर्कसंगत नहीं ठहराई जा सकती। राजनीतिक दल चाहे कोई भी हो,वह केवल सत्ता के गणित के हिसाब से ही अपने निर्णय लेता है जिसका उसे पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

राजनीतिक दल किस धार्मिक आयोजन से दूरी बनाएं तथा किस धार्मिक आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं,इसमें किसी अन्य को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं होना चाहिए। रहा सवाल मंदिर मसले पर शंकराचार्यों के मंतव्यों का, शंकराचार्य भी धर्मानुसार अपनी राय देने के लिए स्वतंत्र हैं। देश, काल और परिस्थितियां उनके लिए कोई अर्थ रखती हैं या नहीं,यह वही जानें, किंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी भूमिका का आंकलन करते हुए उनके मंतव्यों पर हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है कि जब श्रीराम लला तिरपाल की अस्थाई व्यवस्था में स्थापित थे,उस समय श्रीराम मंदिर परिसर के मुक्ति अभियान में जगद्गुरुओं की भूमिका कितनी सार्थक थी? वैसे भी स्वस्थ लोकतांत्रिक राष्ट्र में जनभावनाओं एवं जन आस्थाओं को नकारकर निर्णय लेना या विमर्श स्थापित करना आसान नहीं रह गया है।

उजाले का मसीहा मार्टिन लूथर किंग

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं।

अमेरिका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा शपथ लेने के बाद भाषण दे रहे थे। उन्होंने एक खास व्यक्ति का उल्लेख किया था जिनका सपना उनके राष्ट्रपति बनने से साकार हुआ। वे हैं मार्टिन लूथर किंग जूनियर जिनके सूत्र 'हम होंगे कामयाब एक दिन' (वी शैल ओवरकम वन डे) को विश्वभर के वंचित हमेशा से दुहराते रहे हैं। किंग के तीन दशकों पहले से मानवीय समता तथा स्वतंत्रता के लिए जंग चलती रही। अश्वेतों का संघर्ष शुरू हुआ,जब अफ्रीका से 1619 में खरीदा गुलाम अमेरिका लाया गया था।

मार्टिन को हमेशा अचरज होता रहा कि रंगभेद का प्रचलन संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे राष्ट्र में है जिसकी स्थापना का आधारभूत उसूल था कि सब बराबर हैं। उन्होंने पाया कि हर रविवार के ग्यारह बजे गिरजाघरों में प्रत्येक ईसाई दोहराता है,'ईसा के घर में न पूर्व है,न पश्चिम,सभी समान है।' फिर भी गोरे और काले अलग-अलग पक्तियों में खड़े रहते हैं। रंगभेद की नृशंसता के शिकार रहे मार्टिन के जीवन और संघर्ष पर गौर करें तो भारतीयों को एहसास हो जाएगा कि ओबामा किस चिंतन के प्रतीक रहे। मार्टिन लूथर किंग की जिंदगी में कई ऐसे हादसे गुजरे,जब वह ग्लानि से खुदकुशी कर लेता या क्रोध में हत्या पर उतारू हो जाता,लेकिन ध्येय की श्रेष्ठता और धर्म की उत्कृष्टता ने उसे सहिष्णु बना दिया था। रेल में सफर करते मार्टिन को दो घंटे तक खड़ा रहना पड़ा था,क्योंकि उसे बलपूर्वक उठाकर एक गोरा उसकी सीट पर बैठ गया था। 'जोहांसबर्ग के निकट एक भारतीय को तो रेल से धक्का दे दिया गया था,वह व्यक्ति बाद में राष्ट्रपिता कहलाया', मार्टिन ने सोचा। मार्टिन को यकीन था कि यदि अश्वेत लोग आजादी का अभियान चलाएंगे,तो वे काले-गोरे के रिश्तों में दरार नहीं बनाएंगे,वरन समन्वयवादी समाज की नींव डालेंगे। अश्वेतों में जागृति आने से यथास्थिति वाली व्यवस्था भंग नहीं होती,वरन् शाश्वत शांति का प्रयास शुरू होता है। मार्टिन ने यही चाहा था कि नैतिकता भले ही कानून द्वारा क्रियान्वित न की जा सके,पर गोरों के आचरण को अमेरिकी सरकार नियमबद्ध तो कर ही सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं हर क्रांति की शुरूआत छोटी सी घटना से होती आई है।

1 दिसंबर 1955 को मांटगोमरी शहर के क्लीवलैंड एवेन्यू में बस पर अश्वेत युवती रोजा पार्क्स सवार हुई। बस में गोरों के लिए अगली दस सीट सुरक्षित रहती थी। इतना ही नहीं,यदि ज्यादा गोरे यात्री आ गए,तो बैठे हुए अश्वेत यात्रियों की सीटें खाली करवा ली जाती थी। बस कंडक्टर ने रोजा पार्क्स से गोरे मुसाफिर के लिए सीट देने को कहा। इंकार करने पर रोजा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस घटना से क्षुब्ध मार्टिन ने समस्त काले वर्ग को "बस बायकाट" के लिए संगठित किया। बहिष्कार 368 दिन चला। इसका तात्कालिक असर पड़ा कि निजी बस कंपनियों को भारी क्षति हुई। उधर सर्वोच्च न्यायालय ने इसी बीच बसों में सुरक्षित सीटों की प्रणाली को गैरकानूनी करार दिया। मार्टिन ने सत्याग्रह के अस्त्र को अमेरिकी अश्वेतों की मुक्ति का साधन बनाया। 'ब्लैक-पावर' के कई उग्रवादी अश्वेत नेतागण मार्टिन से असहमत थे। वे गोरे अत्याचारियों से लहू का प्रतिकार खून से चाहते है। मार्टिन की नीति थीः 'व्यक्ति से वैमनस्य नहीं,बस उसके बुरे आचरण से विरोध है' गोरों से घृणा नहीं है, उनके संकुचित दृष्टिकोण पर क्षोभ होता है।

एक प्रतिरोध वाले कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय राजधानी वाशिंगटन में शांतिमय प्रदर्शन करना तय हुआ। 28 अगस्त 1963 को दो लाख लोगों ने जिसमें कई गोरे भी शरीक हुए थे,राष्ट्रपति से मांग की कि रंगभेद की नीति वाले सारे कानून खत्म कर दिए जाएं। युवा राष्ट्रपति जॉन कैनेडी ने उनके नागरिक अधिकार बिल का मसौदा तैयार किया। कैनेडी की हत्या वस्तुतः उनका निजी उत्सर्ग था जिससे जनमानस में रंगभेद के प्रति नफरत जगी और कुछ ही महीनो में लाखों अश्वेतों को कानूनी मताधिकार मिल गया।

बिना प्रतिहिंसा किए विरोधी में हृदय-परिवर्तन करने की प्रक्रिया की विशिष्ट जानकारी के लिए मार्टिन ने 1959 में सत्याग्रह की प्रयोग-भूमि भारत की यात्रा की। उन्होंने गांधी स्मारक निधि के तत्वावधान में महात्मा के विचारधारा का विशद अध्ययन किया। संत विनोबा से मिले। गांधी शताब्दी समारोह में भाग लेने वे अहमदाबाद, पोरबंदर और सेवाग्राम (वार्धा) आने वाले थे, पर काल ने यह नहीं होने दिया। अपनी प्रथम भारत यात्रा पर उन्होंने कहा थाः "बुरे के जवाब में भला करना यीशु ने सिखाया था। भारत में गांधी ने दिखाया कि यह संभव है, कारगर भी।"

सोशल फोरम

किसान का दर्द

किसान अपनी फसल की रक्षा करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। कभी हम आवश्यकता से कम खाद्यान्न उत्पादन या भीषण अकाल से होने वाली भुखमरी के शिकार होते थे,कभी हम पेट भरने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के पीएल 480 योजना के अंतर्गत मिलने वाले गेहूं पर निर्भर रहा करते थे।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को जय जवान के साथ जय किसान का नारा देना पड़ा था,लेकिन विख्यात अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक डा.नार्मन बोरलॉग एवं डा. स्वामीनाथन की टीम के सत्प्रयास से आई हरित क्रांति के बौनी प्रजातियों से हम धीरे-धीरे खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हुए। रासायनिक खादों के उत्पादन में भी हम धीरे-धीरे आत्मनिर्भर हो रहे हैं। द्रव यूरिया तथा डीएपी का उत्पादन कर हम इन खादों की खपत भी कम कर रहे हैं। सिंचाई क्षेत्रों की वृद्धि तथा स्प्रिंकलर का प्रयोग कर सिंचित क्षेत्र भी बढ़ा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग एक चमत्कारी कार्य हुआ है। योगी सरकार ने सिंचाई वाले ट्यूब वेल का विद्युत शुल्क माफकर किसानों को तत्काल राहत दी है।

विगत कुछ वर्षों से छुट्टे पशु तथा सुअर, नील गाय, साही, हिरण (जंगली पशु) से किसान कुछ दुःखी हैं जिससे फसल की रक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के बाड़ लगा रहा है। खेत के चारों तरफ पक्की दीवार बनाना महंगा है, इसलिए कटीले तारों की बाड़ अधिक लग रही है। बिजली के तारों की बाड़ (झटका) भी प्रचलित हो रहा है। हमारे यहां आलू, शकरकंद की खेती की सुरक्षा हेतु पुरानी धोतियों को लकड़ी के छोटे खंभों के सहारे खेत को घेरकर बाड़ का रूप दिया जा रहा है। फिर भी अधिकांश खेत की सुरक्षा का उचित प्रबंध न हो पाने से फसल का नुकसान हो रहा है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का आंकलन करते समय सुरक्षा पर हुए खर्च का आंकलन नहीं करती है। इसी तरह कीटनाशकों का बढ़ता खर्च भी नहीं जोड़ा जा रहा है,जो फसल के अनिवार्य अंग बन गए हैं। पैदावार में वृद्धि के लिए गोशाला प्रबंध में सुधार तथा जंगली जानवरों से बचाव का कोई कारगर हल ढूंढना होगा।

-फेसबुक वॉल से

सत्ता सेवन से अधिक लोकमंगल को दिया महत्व

परम पवित्र और देवी माने जाने वाले वेदों में आर्य जनों और ऋषियों के शासक के रूप में जिस एक केंद्रीय महानायक का नाम बार-बार आता है वह तो इंद्र है। कुछेक पौराणिकों के मतानुसार वेदों में भी राम हैं,पर वे कहां है,यह वही जानें। राम सबसे पहले हमारी अपनी जानकारी में वाल्मीकि रामायण में आते हैं। यह तो फिर भी तय नहीं कि वे तभी थे जब वाल्मीकि थे और दोनों समकालीन थे,पर लोक को दोनों का समकालीन होना उनके अपने विश्वासों के संदर्भ में अच्छा लगता है।



विजय बहादुर सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, भोपाल

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई,क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था।

इसके अपने कारण भी हैं,जैसे गर्भवती सीता का वाल्मीकि के आश्रम में निवास करना,पर यह कथा समस्त भारतीय पंडितों को एकमत से मंजूर नहीं। ढेर सारे भारतीय विद्वान यह मानते हैं कि वाल्मीकि के द्वारा रचे गए तो कुल छह अध्याय ही हैं। बालकांड और उत्तरकांड बाद के लोगों द्वारा अपने मत के समर्थन और स्वार्थपूर्ति के लिए जोड़ दिए गए हैं। इनमें एक सर्व प्रतिष्ठित विख्यात भारतीय अन्वेषक चिंतामणि विनायक वैद्य जी भी हैं,जो पश्चिम के तमाम जाने माने संस्कृत विद्वानों के साथ यह मानते हैं कि रामायण बुद्धकाल से पूर्व की रचना है। इन्हीं पश्चिमी और भारतीय विद्वानों में से कुछेक इसे कभी तीसरी शती ईसा पूर्व तो कुछेक पाणिनि (500 ईसापूर्व) से पहले की रचना मानते हैं। संस्कृत भाषा का पहला व्याकरण इन्हीं पाणिनि के द्वारा लिखा गया है,जो अफगानिस्तान के आसपास के रहने वाले थे। एक परंपरा यह भी मानती है कि इसकी रचना हद से हद आठ सौ से छह सौ ईसा पूर्व हुई होगी। यानी बुद्ध से सौ दो तीन सौ साल पहले। यह तो सब मानते हैं कि कालिदास जो ईसवी संवत से सत्तावन साल पहले के शासक विक्रमादित्य के समय में थे,तब वाल्मीकि की रामायण का वर्तमान प्रचलित रूप आ गया था यानी चौबीस हजार श्लोकों और सात कांडों वाली रामायण का।

भगवान सिंह जैसे रामायण के शोधकर्ता यह मानते हैं कि बौद्धों के सामाजिक वर्चस्व को धूल चटाने के लिए यज्ञवादी रामायण और महाभारत की पुनर्योजना की गई,क्योंकि बौद्ध धर्म यज्ञ और वर्णव्यवस्था का विरोध करता आया था। पुराण विशेषज्ञ पार्जिटर जैसे विश्वमान्य आचार्य और शोधकर्ता वंशावलियों के आधार पर यह मानते हैं कि राम-रावण और कौरव-पांडव युद्धों के बीच पांच शताब्दियों का अंतर है। उनके अनुसार महाभारत का युद्ध 1100 ईसा पूर्व और राम रावण युद्ध 1600 ईसा पूर्व में घटित हुआ,पर कई महाभारत की रचना का काल केवल 900 सौ साल ईसा पूर्व मानते हैं। यों कई हाथों का होने के कारण उसका लिखा जाना अशोक काल तक भी होता रहा।

इससे दो बातें तो साफ हो ही जाती हैं कि रामामण महाभारत वेदों,ब्राहण ग्रंथों और उपनिषदों के बाद की कृतियां हैं। पार्जिटर यह भी मानते हैं कि सूतों द्वारा रचित वंशावलियां जब चतुर ब्राहणों द्वारा हथियाई गईं तो उन्होंने मूल कथाओं में अपने मतलब की बातें भी जोड़ दीं,जो भी हो राम की मनुष्यता देवोपम होने के नाते समस्त भारतीय लोकजीवन के लिए पूज्य हो उठती है। इसमें तो कोई शक नहीं कि वे एक अप्रतिम शासक थे। इस रूप में वे थे एक असाधारण महामानव। इसलिए यह भारतीय समाज ऐसे शासक को भला क्यों भूलना चाहेगा? दूसरे वे ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने पत्नी के रूप में सीता को ग्रहण करने के बाद अन्य किसी भी स्त्री की कामना अपने जीवन में कभी नहीं की। तीसरे सत्ता सेवन से कहीं अधिक महत्व उन्होंने लोकमंगल को दिया और प्रजा के संतोष के लिए प्राणों से प्रिय गर्भवती पत्नी तक को भी वनवास दे डाला। इसलिए उन जैसा तो दूसरा कोई भी नहीं। यही बात महामुनि नारद ने आदिकवि से कही कि उन जैसा दूसरा इस लोक में कोई नहीं। न वैसा उदार,न कृपालु,न प्रजापालक न वीर। इकबाल जैसे महान शायर यों ही नहीं उनको याद करते हुए यें पंक्तियाँ लिखते है- है राम के वजूद पे हिन्दोस्तां को नाज/ अहले नजर समझते हैं उसको इमामे हिंद।

राम भारत के प्रकाश केतु हैं। इसीलिए धर्मध्वजा भी। अकबर जहांगीर के शासनकाल में जन्मे और राममय हुए तुलसीदास ऐसे राम के उदार चरित्र का वर्णन करते हुए,जो पद लिखते हैं वह आज स्मरण योग्य है- ऐसो को उदार जग माहीं।/ बिनु सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।।

यह तो स्पष्ट है कि तुलसी के राम क्षत्रिय राम नहीं विष्णु के अवतार वाले राम हैं। तब भी तुलसी उनको लेकर यह कामना तो करते ही हैं कि शासक हो तो राम जैसा हो,जो अपने प्रत्येक आचरण में मर्यादा और सत्य का पालन करता हो और मर्यादाएं जिसके आचरण से परिभाषित और पहचानी जाती हों। वही तो राम हैं। आधुनिक समयों में अगर इसकी व्याख्या करें तो समझ में आ जाएगा कि राम को लेकर हमारी जो दीवानगी है,वह किस कोटि की है? खुद हमारा अपना जीवन कौन से राम के समीप है? हमारी राजनीति किस राजनीति की याद दिला रही है?

व्यक्ति स्वार्थ के पीछे विश्व बाजार

एक ओर संगठित व्यक्ति स्वार्थ है और दूसरी ओर असंगठित समष्टिहित है। व्यक्तिस्वार्थ के पीछे विश्वबाजार की शक्ति मौजूद है,क्योंकि बाजार का आधार भी व्यक्तिस्वार्थ है। यह संघर्ष आज से नहीं,उसी दिन से शुरू हो गया था,जिस दिन उदारीकरण वैश्वीकरण भूमंडलीकरण के नाम पर विश्व बाजार देश में आया था।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह व्यक्तिस्वार्थ ही है,जो लोक की शक्ति को निर्बल बनाने के लिए कभी मजहब तो कभी जाति के बहाने से भेद विभेद पैदा कर रहा है। न मार्क्सवाद और जाति वाले लोक की ओर ध्यान दे रहे हैं और न धर्म वाले इस खतरे को पहचान रहे हैं। लड़ाई धर्म से नहीं है,पाखंड से है। जरूरत लोक में जाकर धर्म और पाखंड के अंतर को स्पष्ट करने की थी पर वे धर्म से लड़ रहे हैं,वे लोकजीवन से जुड़े होते तो समझ पाते कि धर्म लोक की संपदा है और पाखंड राजसत्ता का आयुध है। इस्लाम खतरे में है का नारा हो या धर्म खतरे में हो का नारा हो। वास्तव में तो खतरे में लोकजीवन है। यदि बाजार उद्योग व्यापार तक सीमित रहता तो बात एक थी,लेकिन विश्व बाजार ने शिक्षा पर अधिकार किया, चिकित्सा पर कब्जा किया, कृषि पर अधिकार किया,संस्कृति पर अधिकार किया,मीडिया पर अधिकार किया,देश के प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार किया, अब तीर्थ भी बाजार का विषय बन गए हैं,पर्यटन उद्योग। राजसत्ता से उसकी संधि है। वह संधि लोक के विरुद्ध है। लोक के जागरण के बिना इसका मुकाबला किया नहीं जा सकता।

फिर एक बार मोदी सरकार इस बार भाजपा चार सौ पार

श्री विश्वकर्मा मंदिर की दीवार पर कमल का फूल बनाकर मुख्यमंत्री ने लिखे स्लोगन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में होंगी तीन बड़ी रैलियां

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश भरा। दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को गोरखपुर के जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखा कि फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार।

भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी है। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर

दोनों स्लोगन (फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे।

मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे। कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। बीते करीब दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जनता करीब से महसूस कर रही है। सरकार की योजनाओं से नागरिकों में नया विश्वास पैदा हुआ है।

अयोध्या में अब गोली नहीं चलेगी, मिलेंगे लड्डू के गोले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने 12 लाख हस्तशिल्पियों से तैयार रामलला के वस्त्र श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंपा

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई अयोध्या में अब कभी कर्फ्यू नहीं लगेगा, बल्कि राम नाम संकीर्तन होगा। अब यहां कभी गोली नहीं चलेगी, बल्कि रामभक्तों को लड्डू के गोले मिलेंगे। अब अयोध्या में कोई पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा रोकने का साहस नहीं करेगा।

वे मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को हेरिटेज हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 12 लाख हस्तशिल्पियों द्वारा वस्त्र तैयार करने के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा इस वस्त्र में रामभक्ति का ताना है और हस्तशिप का बाना है। मुख्यमंत्री ने वस्त्र को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी जी को सौंपा।

इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि रामायण पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। स्वामी गोविंद देव गिरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 22 जनवरी को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में राम के बगैर कोई काम नहीं होता। राम तो परमपिता परमेश्वर हैं, कण-कण में व्याप्त हैं, लेकिन अयोध्या जी में नव्य मंदिर में राम के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा लोकआस्था और जनविश्वास की पुनर्प्रतिष्ठा है। अलग-अलग कालखंड में लोगों ने इस विषय को जीवित रखा।

राम को जो भजा वह हनुमान जो भागा मारीच की मौत मरा

राम नाम महिमा की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस किसी ने भी राम का नाम लिया वह तर गया। दैवीय योनि में जन्म लिया हो, सामान्य मानव के रूप में जन्म पाया हो या फिर अधम योनि में। जिसने राम को भजा वह हनुमान की तरह तर गया और जो भागा वह मारीच की तरह पशुवत मारा गया। यह अकेला ऐसा नाम है जो आजीविका का साधन भी है।

सरकार दिलाएगी निजी स्कूलों में फ्री दाखिले

लखनऊ। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों के मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया 20 जनवरी से शुरू होगी। चार चरणों में यह प्रक्रिया सात जुलाई तक चलेगी। अनिवार्य रूप से एक शिक्षाधिकारी को हर ब्लाक में नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।

उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डा. मुकेश कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को बैठक कर जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि अधिक से अधिक बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश कराया जाएगा।

विधायक विपक्ष का हो या सत्ता का, एक दूसरे का करें सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्पीकर सतीश महाना ने 'संवाद कार्यक्रम' के तहत विधायकों को किया संबोधित

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधायक किसी का अपमान नहीं करना चाहते हैं लेकिन अपना सम्मान भी चाहते हैं। विधायिका और कार्यपालिका को अपनी सीमा में रहकर हमेशा अपना काम करते रहना चाहिए। महाना ने सुझाव दिया कि विधायक एक दूसरे का सम्मान करें। चाहे वह विपक्ष का विधायक हो अथवा सत्ता पक्ष का।

विधान सभा अध्यक्ष मंगलवार को यहां होटल सेंट्रम में क्षेत्रवार हो रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत पश्चिमी क्षेत्र के विधायको को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने फिर दोहराया कि विधानसभा के आगामी

सत्र में सदन जितने दिन भी चले सदस्यों की उसमें भागीदारी बराबर बनी रहनी चाहिए।

उन्होंने सुझाव दिया कि सभी विधायकों को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बराबर प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि यह एक सतत प्रक्रिया है और यह कभी खत्म नहीं होती है। इस मौके पर डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि हर छह महीने में विधायकों के सुझाव लिए जाने चाहिए। पंकज मलिक ने कहा कि आपने विधानसभा की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। तेजपाल नागर ने विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाए जाने पर जोर दिया। अनिल पाराशर ने विधानसभा वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति किए जाने की जरूरत बताया। विधायक संजय कुमार ने कहा कि पहले जब चालू सत्र में ही विधानसभा अध्यक्ष से भेंट होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। कार्यक्रम में मंत्री बेबी रानी मौर्य और केपी मलिक के अलावा प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

वीआईपी सुरक्षा के लिए ट्रेंड हुई पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अति विशिष्ट और विशिष्ट हस्तियों की सुरक्षा के लिए युवा पुलिस अफसर-कर्मी को प्रशिक्षित किया गया। 20 दिसम्बर से 12 जनवरी तक दो चरणों में सुरक्षा मुख्यालय में पहली बार हुए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के 33 कमिश्नरेट और जनपद से छांटे गए युवा पुलिस अफसर-पुलिसकर्मी शामिल थे। मंगलवार 16 जनवरी को तीसरे चरण का कार्यक्रम यूपी-112 में

डीजीपी विजय कुमार। अमृत विचार

हुआ। यहां 570 प्रशिक्षणार्थियों का एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के इस कार्यक्रम में सादेवेश में की जाने वाली सुरक्षा ड्यूटी तथा वीआईपी के निकटस्थ सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। इस मौके पर वीआईपी सुरक्षा के सिद्धांतों तथा निकटस्थ सुरक्षा के प्रति सजगता के संबंध में सुरक्षा विभाग की ओर से तैयार की गई लघु फिल्म का भी दिखाई गई। इस अवसर पर कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने अपने संबोधन में सादेवेश में सुरक्षा ड्यूटी को लेकर कई टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में एडीजी सुरक्षा रधुबीर लाल, डीआईजी सुरक्षा और डीआईजी प्रशिक्षण एवं सुरक्षा समेत सुरक्षा इकाई के अफसर मौजूद थे।

ई-बसों की समय सारिणी व रूट दर्शाने को लगाएं होर्डिंग

अयोध्याः अयोध्या में संचालित ई-बसों की समय सारिणी व रूट की जानकारी के लिए जगह-जगह पर होर्डिंग लगाई जाएं। बसों को चलो एप से लिंक किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए। ये निर्देश मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिए। वो सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य सचिव ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से सभी आवश्यक जन सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस पर मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि दिव्य अयोध्या एप से सभी जानकारी श्रद्धालुओं को मिल सकती है।

इससे पहले दुर्गाशंकर मिश्र ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां सूचना केंद्र व गेट के बाहर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के दृष्टिगत यात्रियों के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विभिन्न होटलों का निरीक्षण कर संचालकों को आतिथ्य भाव के लिए निर्देशित किया।

विभागीय जांच में फंस रहे कमांडेंट मनीष दुबे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला पीसीएस से अफेयर और महिला होमगार्ड के उत्पीड़न मामले में निलंबित हैं
- व्हाट्सएप चैट और फोन पर अश्लील बातचीत के मिल रहे हैं साक्ष्य

अमृत विचार। पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या केस की जांच के बाद निलंबित चल रहे होमगार्ड के कमांडेंट मनीष दुबे विभागीय जांच में भी फंस रहे हैं। जांच करीब-करीब पूरी होने वाली है। सूत्रों के मुताबिक विभागीय जांच में अधिकांश आरोपों की पुष्टि हो रही है। पीसीएस अफसर से व्हाट्सएप चैट और महिला होमगार्ड से फोन पर अश्लील बातचीत के भी साक्ष्य मिल रहे हैं। ऐसे में उनको दंड मिलना तय माना जा रहा है। बर्खास्तगी की कार्रवाई की भी संभावना जताई जा रही है।

पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या के साथ अफेयर, फिर उनके पति की हत्या की साजिश के आरोपों के बाद होमगार्ड के कमांडेंट मनीष दुबे के खिलाफ जांच शुरू हुई थी। इस दौरान मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने वाली एक महिला होमगार्ड के लिखित और कई अन्य महिला होमगार्ड द्वारा उनके चरित्र को लेकर की गई मौखिक शिकायत को भी जांच के दायरे में लाया गया था। इसमें उपीड़न के भी आरोप सामने आए थे। डीआईजी होमगार्ड प्रयागराज की जांच रिपोर्ट के बाद डीजी होमगार्ड ने मनीष दुबे को सस्पेंड करने की सिफारिश की थी। हालांकि उसके बाद लंबे समय तक शासन स्तर से कार्रवाई लटकी रही। बाद में कारागार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने भी मनीष दुबे को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। फिर उन्हें निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए गए।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 23 जनवरी को

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि राज्य सरकार की अधिसूचना द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिये जाने के कारण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 01 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी के स्थान पर अब 23 जनवरी को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

मायावती को चाहते थे पीएम बनाना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- इंडिया गठबंधन के लिए काम कर रही सपा : अखिलेश

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां कहा कि समाजवादियों की कोशिश रही कि सभी दलों को जोड़ने का प्रयास हो। एक समय ऐसा भी था जब हम लोगों ने संकल्प लिया था कि देश का प्रधानमंत्री ऐसे वर्ग से हो जिसने हजारों साल से अपमान और पीड़ा झेली है। हम तो उन्हें प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। हमारी कोशिश लगातार यह रहेगी की इंडिया गठबंधन कैसे मजबूत हो। उसमें नए दल कैसे जुड़ें।वे (मायावती) शायद इसलिए ऐसा कह रही होंगी कि उन पर कहीं न कहीं से कोई दबाव होगा। दबाव की वजह से वह ऐसा कह रही होंगी।

अशर्फी लाल यादव के श्रद्धांजलि सभा में आए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि अखिलेश यादव गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपनों को लाभ पहुंचा रही है जिससे महंगाई बढ़ रही है। जितना भ्रष्टाचार पिछले 10 सालों में हुआ देश में कभी नहीं हुआ। सपा सुप्रीमो ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए । कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे जिसे सपा सरकार ने शुरू किया था पर मानक के अनुसार कार्य नहीं हुआ। भाजपा सरकार पाकिस्तान पर आरोप लगाती रह गई इसी दौरान चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बुलडोजर से नहीं बल्कि उस संविधान से चलती है जिसे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने बनाया था।

असम गया 42 हजार क्विंटल आलू सड़ा

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पिछले सप्ताह फर्रुखाबाद से दो रैकों से असम भेजा गया 42 हजार क्विंटल आलू पूरी तरह से सड़ गया है। इससे आलू मंडी सातनपुर के व्यापारियों को चार करोड़ रुपये का घाटा हुआ है।

आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार उर्फ रिंकू वर्मा बताते है कि मंडी समिति सातनपुर के व्यापारियों ने सामूहिक रूप से आलू खरीद कर दो रैकों से असम भेजा था। एक रैक में 42 डिब्बे होते हैं। एक डिब्बे में एक हजार पैकेट

मंडी सातनपुर में लगा आलू। अमृत विचार

आलू लोड किया जाता है। एक पैकेट में 50 किलो आलू भरा जाता है। इस तरह एक रैक में 21 हजार क्विंटल लोड किया गया। दो रैक में 42 हजार क्विंटल आलू व्यापारियों ने असम के जोराठ और सिल्चर भेजा। रैक पहुंचते पहुंचते दोनों रैकों में लोड पूरा आलू सड़ गया। आलू आढ़ती रिंकू वर्मा बताते है कि असम भेजे गए आलू के सड़ने की खबर पर व्यापारियों को भारी सदमा हुआ है। उनका मानना है कि व्यापारियों को तकरीबन चार करोड़ का घाटा हुआ है। आलू सड़ने की खबर पर कई व्यापारी असम के लिए रवाना हो गए हैं। उनका कहना है कि व्यापारियों ने असम रैक ले जाने के लिए ऊंची कीमत में मंडी समिति सातनपुर से किसानों का आलू खरीदा था, लेकिन असम तक आलू पहुंचते ही व्यापारियों की किस्मत दगा दे गई। आलू आढ़ती अरविंद राजपूत का कहना है कि इस तरह की घटना पहली बार घटी है। गर्मियों की सीजन में भेजा जाने वाला आलू कभी रैक में नहीं सड़ा। आलू सड़ने से व्यापारियों को जो घाटा हुआ है उसकी भरपाई दस साल तक नहीं हो पाएगी। अरविंद बताते है कि आलू सड़ने की खबर पर कई व्यापारियों के घर में चूल्हा नहीं जला है। आलू विकास अधिकारी रामनरायन वर्मा का कहना है कि अभी आलू कच्चा है। कच्चे आलू को लोड करते समय बहुत सावधानी बरती जाती है। पल्लेदार जिस तरह पटक पटक कर आलू की लोडिंग करते है उससे आलू चुटहिल हो जाता है। चुटहिल आलू पानी छोड़ने लगता है। नतीजतन वह पानी जिस आलू में लग जाता है वह भी सड़ जाता है।

कंचौसी रेलवे स्टेशन का हो रहा विस्तार

कंचौसी, औरैया। कंचौसी रेलवे स्टेशन का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। स्टेशन पर आने-जाने के लिए फुटओवरब्रिज, पानी की टंकी, टीन शेड दो नम्बर प्लेटफार्म पर बन कर तैयार है।

अब एक नंबर प्लेटफार्म को सुधारने की तैयारी तेजी से चल रही है। इसकी लम्बाई बढ़ाने के साथ टाइल्स, पत्थर, शौचालय, पानी की टोटी एवं दूधिया रोशनी लगाने का एस्टीमेट बना कर वरिष्ठ रेल अधिकारियो को मंजूरी के लिए भेजा गया है। भविष्य में कम्प्यूटर आरक्षण केंद्र एवं रेल कर्मचारियों के नए आवास बनाने का भी प्रस्ताव है।

अमिताभ ने चुकाई 22 लाख की स्टांप ड्यूटी

अयोध्या कार्यालय

- प्राण प्रतिष्ठा से पहले बॉलीवुड के शहंशाह ने 9 करोड़ की जमीन खरीद सबको चौंकाया

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 10 हजार स्क्वायर फीट की भूमि अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप की ओर से विकसित की जा रही आवासीय कॉलोनी द सरयू में ली है। रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्रार शांति भूषण चौबे ने मंगलवार को बताया कि अमिताभ बच्चन के पावर ऑफ अटार्नी राजेश ऋषिकेश यादव की तरफ से भूमि की रजिस्ट्री कराई गई है। नौ करोड़ रुपये से अधिक प्रॉपर्टी की कीमत आई है। भूमि के लिए 22.7 लाख रुपये स्टांप ड्यूटी चुकाई है।

यह जमीन अयोध्या के पूरब में लगाए जा रहे सोलर प्लांट के पास है। श्रीराम मंदिर से यह 15 मिनट और हवाई अड्डे से 30 मिनट की दूरी पर है। शांति भूषण चौबे ने बताया कि एचओएबीएल रिपब्लिक प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि पवन शाडा की तरफ से रजिस्ट्री कराने के लिए दो एग्रीमेंट सेल पेश किया गया। सेकेंड पार्टी अमिताभ बच्चन हैं। उनकी तरफ से राजेश ऋषिकेश यादव मौजूद रहे। शांति भूषण चौबे ने बताया कि अमिताभ के जमीन खरीदने के बाद और भी लोग आगे आएंगे और पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या और भी मजबूत होगी। अयोध्या में प्लॉट खरीदने के बाद सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन ने लिखा कि मैं अयोध्या में द सरयू के लिए द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा के साथ इस जर्नी को शुरू करने के लिए एक्साइटेड हूं।

ये एक ऐसा शहर है जो मेरे दिल में एक विशेष जगह रखता है। अयोध्या की शाश्वत आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक समृद्धि ने भौगोलिक सीमाओं से परे एक इमोशनल कनेक्शन बनाया है। यह अयोध्या की आत्मा में एक जर्नी की शुरुआत है। मैं वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी में अपना घर बनाने की आशा कर रहा हूं।

नारी सशक्तीकरण | गुवाहाटी से निकलकर साइकिल से पूरा कर रहीं 2305 किलोमीटर का सफर, 70 हजार एनसीसी कैडेट्स में चुनी गईं लड़कियां

जज्बे से आसमान छूने निकलीं उत्तर प्रदेश की 14 बेटियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। दौर बदल चुका है। सोच बदल रही है। अब बेटियां किसी से कम नहीं हैं। यूपी के 70 हजार एनसीसी कैडेट्स से चयनित की गईं 14 कैडेट्स (छात्राएं) साइकिल लेकर 20 दिसंबर 2023 को गुवाहाटी से निकली हैं, जो नई दिल्ली तक 2305 किमी का सफर पूरा करेंगी।

नारी सशक्तीकरण का संदेश लेकर यात्रा मंगलवार को कन्नौज पहुंचीं, जहां सेना के अधिकारियों व कैडेट्स ने उत्साह बढ़ाया। 26 जनवरी को देश की राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी टीम की मुलाकात होगी। सेना के अफसरों ने उनके परिजनों को राजी करने के लिए पूरा सहयोग किया। वाराणसी की 19 वर्षीय हिमांशी सिंह ने बताया कि टीम में शामिल 14 लड़कियां

गेस्ट हाउस में पहुंची महिला कैडेट्स का किया गया स्वागत। अमृत विचार

एनसीसी निदेशालय यूपी से चयनित हुईं हैं।

इसमें 11 वाराणसी और तीन प्रयागराज से हैं। करीब 100 किमी का प्रतिदिन सफर होता है। पहले परिजनों ने अनुमति नहीं दी, लेकिन सेना के अधिकारियों ने अभिभावकों संग बैठक कर उनको पूरी तरह से सुरक्षा का आश्वासन दिया। एनसीसी कैडेट्स संध्या ने बताया कि तीन तरह का प्रशिक्षण देकर यह यात्रा शुरू हुई। पहले 40 से 60 किमी की साइकिल चलवाकर देखी गई। सप्ताह में पांच किमी दूरी बढ़ाई गई। उसके बाद 60 से 100 किमी की साइकिलिंग हुई। सप्ताह में 10 किमी की वृद्धि हुई।

तीसरे चरण में शॉर्ट साइकिलिंग, फिजियोथेरेपी व मसल्स रिकवरी टेस्ट हुए। टीम में दिव्या, घोषणा, श्रुति, कुसुमा, अश्रिता, सितारा, शिवांगी, मुस्कान, स्मिता, नंदिनी, अंकिता, दिव्यांशी भी शामिल हैं जो इंटर से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहीं हैं।

यह है यात्रा का मुख्य उद्देश्य

टीम के साथ कन्नौज पहुंचीं अमीषा ने बताया कि 20 दिसंबर से शुरू हुई साइकिल यात्रा नारी सशक्तीकरण के साथ फिट इंडिया का संदेश देने के लिए निकली है। टीम में शामिल सभी लड़कियो का कहना है कि देश की कोई भी महिला किसी से कम नहीं है। रास्ते में लोगों को बताया कि पुरुष व महिलाएं समान हैं। रास्ते में कई समस्याएं आईं हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर आगे बढ़ते रहे।

मेजर जनरल बोले, 1700 किमी का सफर हो चुका

मेजर जनरल व एडिशनल डायरेक्टर जनरल एनसीसी डायरेक्ट्रेट यूपी विक्रम कुमार ने बताया कि टीम में शामिल सभी लड़कियां एनसीसी कैडेट्स हैं। टीम ने 20 दिसंबर 2023 को गुवाहाटी से साइकिल यात्रा शुरू की थी। पहले 2107 किमी का सफर था, जो अब बढ़कर 2305 किमी का हो गया है। 26 जनवरी को दिल्ली में यात्रा समाप्त होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां टीम की हौसलाफजाई करेंगे। करीब 1700 किमी का सफर पूरा हो चुका है। इस यात्रा का मकसद लोगों को नारी सशक्तीकरण, फिटनेस व प्रदूषण रहित भारत का संदेश देना है। महिलाएं अगर साहस व दृढ़ संकल्प ले लें तो जो ठान लें, उसे पूरा कर सकतीं हैं। असम, प. बंगाल, बिहार, यूपी से होते हुए यात्रा दिल्ली में समाप्त होगी।

मैं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाऊंगा : निर्मल खत्री

संवाददाता,अयोध्या

- पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने फेसबुक पर किया पोस्ट

अमृत विचार : कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने के बाबजूद भी पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल खत्री ने इस मामले को लेकर नया पैतरा अपना लिया है। उन्होंने कहा... राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के संदर्भ में राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के व्यक्तिगत निमंत्रण का सम्मान करते हुए मैं इस कार्यक्रम में भाग लूंगा। ये बातें मंगलवार को उन्होंने ने अपने फेसबुक पेज पर लिखी हैं। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस पार्टी का ऐसा कोई निर्देश नहीं है कि कोई कांग्रेसी इस 22 तारीख के कार्यक्रम में भाग न लेवे सिर्फ हमारे सर्वोच्च नेताओं ने ही 22 तारीख के निमंत्रण में आने की असमर्थता व्यक्त की है। अब तो प्रदेश कांग्रेस इकाई ने भी 15 तारीख को अयोध्या यात्रा, सरयू में डुबकी, दर्शन करके 22 के निमंत्रण को हर हाल में स्वीकार करने के लिये प्रेरित कर दिया है।

मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं प्रभु राम की नगरी का निवासी ही नहीं वरन मेरी जन्मस्थली व कर्म भूमि भी अयोध्या है। मैं धर्म के पाखंड का विरोधी, धर्म के सहारे राजनीतिक लाभ लेने के हथकण्डे का विरोधी हूँ। मैं व्यक्तिगत जीवन मे न कोई व्रत रखता हूँ और न ही पूजा पाठ। हाँ रामभक्त हनुमान जी का हृदय में स्थान है व उन्ही को रोज याद कर अपना प्रत्येक दिन व्यतीत करता हूँ। ईश्वर के प्रति भक्ति और आस्था मुझ में है।

एक नजर

अयोध्या में इस्कॉन ने खोला भोजनालय व अस्पताल

अमृत विचार, अयोध्या : पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत अस्पताल और भोजनालय की स्थापना की है। इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। एनआरआई अभिषेक अग्रवाल दुबई से इसी कारण अयोध्या में हैं। भक्ति वेदांत अस्पताल वृंदावन के जन संपर्क अधिकारी सुरपति दास एवं अग्रवाल बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय और राम घाट चौराहे पर कार्यशाला के सामने अस्पताल स्थापित किया गया है। अस्पताल में अभी तीन चिकित्सक और दस अन्य स्टाफ हैं। इसमें अभी चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

मदरसा बोर्ड अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा है। जिसमें अधिकारियों की हीलाहवाली का हवाला देते हुए शिक्षकों के छह साल के वेतन भुगतान की बात की है। इनका कहना है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत शिक्षक बच्चों को मॉडर्न शिक्षा दे रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारियों की उदासीनता के चलते शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है।

अयोध्या में दिख रही अलौकिक आभा

भव्यता के साथ नव्यता का दर्शन करा रही रामनगरी, भाव विभोर हो रहे आने वाले भक्त

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

▸▸ बदलाव की तस्वीर दिखा रहे सजे द्वार, सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग और चमक रहीं चौड़ी सड़कें

अमृत विचार : रामलला को गर्भगृह में विराजने का सात दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को शुरू हो गया। इसी के साथ हाइवे से लेकर सरयू घाट और राम मंदिर तक रंग-बिरंगी रोशनी में अलौकिक आभा दिखाई दे रही है। नव्य अयोध्या को देखकर हर कोई विस्मित सा है। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा और एक ही पैटर्न पर बनाई गई सजी-धजी दुकानें नई अयोध्या के दर्शन करा रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या का ऐसा कायाकल्प किया है कि जो लोग अब अयोध्या आएंगे, उन्हें त्रेतायुग जैसा ठाट-बाट सम्मोहित कर देगा। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का असर है कि मामूली का हवाई अड्डा अब चमचमाता हुआ अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। लोग कहते हैं कि 14 सौ करोड़ से बने इस महर्षि बाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में राज्य सरकार का 11 सौ करोड़ का योगदान शायद किसी राज्य के राज्यांश का ऐतिहासिक उदाहरण होगा।

> ईवी बसों का अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। अभी शुरुआत में 50 बसों का संचालन शुरू किया है। योजना के अनुसार और बसें आने के बाद बसों के रूट को और अधिक विस्तार दिया जाएगा। फिलहाल 5 रूट पर इसका संचालन किया जा रहा है। इसमें अयोध्याधाम कटरा से सहादतगंज (रामपथ) पर, सलारपुर से अयोध्याधाम, भरतपुर से रेलवे स्टेशन कैंट, अयोध्या कैंट से बारून बाजार और पूरा बाजार से रेलवे स्टेशन कैंट तक संचालित की जा रही हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भी बसों का संचालन शुरू कराया जा रहा है।
>
> –विशाल सिंह, नगर आयुक्त

सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दोगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है कि आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी, जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। दूधिया रोधनी में सरयू घाट से रामलला के मंदिर जाने वाले लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक का अलग ही नराजा है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने यहां बीते दिनों सेल्फी ली थी, अब तो हर कोई सेल्फी के लिए आतुर दिखता है। अवध विवि के ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर ऐसी मनोरम रंगोली बना रहे हैं कि लोग फोटो खींचते नहीं थक रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने 105.65 करोड़ के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला सजाई है। यहां तरह-तरह के स्टेज, कार्यक्रम, लोगों के साक्षात्कार, साधु-संतों की चर्चा देखने काफी भीड़ जुट रही है।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सजाया गया अयोध्या का लता चौक।

भगवा रंग में पुती हुई दुकानें और मकानों की श्रृंखला

हनुमानगढ़ी मंदिर के रास्ते में घुसते ही पक्की सड़क, दोनों तरफ भगवा रंग में पुती हुई एक ही तरह की दुकानों का सिलसिला राम मंदिर तक बना हुआ है। पूरी अयोध्या दुल्हन की तरह सज गई है। दूर से रामलला के मंदिर की भव्यता देखते बन रही है। मंदिर के पास भंडारा भी चल रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल से भक्त आ रहे हैं। बड़ी तादाद में सिख भी श्रीरामलला के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। साधु संत भक्ति में लीन हैं। माला जाप हो रहा है। राम जी के गाने बज रहे हैं, नगरी हो अयोध्या सी..। हर पर्यटक का मन प्रफुल्लित है, रोमांचित है। वह कहते हैं, यहीं बस जाने का मन चाहता है।

ई-बसों को लेकर यात्रियों में दिख रहा आकर्षण

रामपथ पर बड़ी संख्या में लोग ईवी बसों का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस रूट पर सबसे ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। यात्रियों की बड़ी संख्या इन बसों में सफर कर रही है। खासकर बाहर से आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को इससे काफी राहत मिल रही है। देवरिया से आई सुशीला के अनुसार, लता चौक से हर 5 मिनट में बस मिल रही है जो हमें राम पथ पर पहुंचा देती है। 80 वर्षीय बुद्धदेव चंदौली से आए हैं। बताया कि इन बसों में बैठने और चढ़ने व उतरने में भी काफी सुविधा रहती है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी ईवी बसों का आदि लाभ मिल रहा है।

सोने, चांदी व हीरे से बनाई राम मंदिर की अनुकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रभु श्रीराम की आस्था के सागर में पूरा देश सराबोर हो चुका है। गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और हीरे से 108 दिनों की मेहनत से श्रीराम मंदिर की रेप्लिका यानी अनुकृति बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है।

वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है, जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लंबी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर निर्मित किया गया है। मंदिर की अनुकृति में रामलला की सोने की मूर्ति भी है।

▸▸ 108 दिनों की कारीगरी से गुलाबी मीनाकारी के नेशनल अवॉर्डी हस्तशिल्पी का कमाल

मोदी और योगी विश्व के नेताओं को देते हैं गुलाबी मीनाकारी के उपहार

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरीस, ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री और फ्रांस के मैनुअल माइक्रोन की पत्नी को भी जीआई प्रोडक्ट के अनोखे तोहफे दे चुके हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पंख लग गया है।

पर्यटकों के लिए अयोध्या में शुरू होगी देश की पहली सोलर बोट

प्राण प्रतिष्ठा के पहले सरयू में संचालन शुरू करने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू नदी में देश की पहली सोलर बोट के संचालन को हरी झंडी दे दी है। इसका संचालन हर हाल में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले शुरू करने का निर्देश दिया है। इसका संचालन यूपीनेडा नया घाट से गुप्तारघाट तक करेगी। इसमें 30 पर्यटकों के एक साथ बैठने का इंतजाम है।

अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित करने का मुख्यमंत्री योगी के विजन में सोलर बोट भी एक पड़ाव है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व दो क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी।

बताया कि 17 से 18 जनवरी के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी, जिसमें जलावतरण भी शामिल होगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी उच्च तकनीक से भी लैस है। 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

▸▸ नया घाट से यूपीनेडा करेगी संचालन, देश में निर्मित बोट में 30 यात्रियों के बैठने की क्षमता

एक घंटे में मंदिरों का दर्शन कराएगी बोट

यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है, जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मैटेरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार की ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट संचालन समयावधि एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा, जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे।

पीएफआई की गतिविधियों पर एसटीएफ-एटीएस की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्राण-प्रतिष्ठा से पहले पूर्वांचल में बरती जा रही अतिरिक्त सतर्कता

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले एसटीएफ और एटीएस ने पूर्वांचल के एक दर्जन जिलों में पीएफआई से जुड़े लोगों पर अपनी नजरें टिका दी है। सौ से अधिक लोगों की गतिविधियों पर खास नजर रखी जा रही है। उनके करीबियों और शरणदाताओं की भी खोजबीन हो रही है।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की गैरकानूनी और राष्ट्रविरोधी संदिग्ध गतिविधियों में उनकी संलिप्तता मौके-बेमौके सामने आती रही है, इसलिए सुरक्षा एजेंसियां कोई जोखिम लेना नहीं चाहती हैं। राममंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भी पीएफआई की ओर से गड़बडी की कोशिश हुई थी। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि कोई अप्रिय हरकत होने से पहले ही शिलान्यास कार्यक्रम के दिन ही पीएफआई के एक सक्रिय सदस्य को मड़ियांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया था। पकड़े जाने के बाद पता चला था कि उस सदस्य का कार्य क्षेत्र वैसे तो दिल्ली था, लेकिन यहां वह किराए का मकान लेकर रह रहा था। दो माह पहले भी लखनऊ, कानपुर, भदोही, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर और वाराणसी आदि जिलों में भी एनआईए के ऑपरेशन में पीएफआई की पूर्वांचल जड़ें गहरी होने का पता चला था, इसीलिए प्राण प्रतिष्ठा से पहले सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां उच्च स्तरीय अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं। प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े और पूर्व हुए सांप्रदायिक घटनाओं में प्रकाश में आए लोगों के भी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

भोग के लिए आगरा से आए 56 किस्म के 560 किलो पेठा

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : गर्भगृह में प्रतिष्ठित होने जा रहे रामलला के लिए अनेक अमूल्य उपहार आ रहे हैं। इसी क्रम में आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से छप्पन अलग-अलग स्वाद में श्री रामलला के भोग के लिए 56 किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार जुटा है। पेठे के अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल, पूजा सामग्री आदि भी उपहार स्वरूप मंदिर ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मंडल की ओर से लाया गया पंछी पेठा कारसेवकपुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, विश्व हिन्दू परिषद के राजेन्द्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में स्वीकारा गया।

▸▸ मुख्यमंत्री की अपील पर हर कोई सामर्थ्य के अनुसार अर्पित कर रहा भेंट

वर्ग पहेली-315

बाएं से दाएं

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।

6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।

8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

ऊपर से नीचे

1. 1. भद्दा

2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।

3. थिगली।

5. रात, रात्रि।

7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।



वर्ग पहेली - 314 का हल

	1 ब		2 नृ	3 रँ
	4 ज	नो	प	यो	गी
5 ठौं	र		नं		ला
		6 अ	द	ब	
	7 उ	ड़	न		8 के
9 ओं		ती			ला
ठ		10 स	ह	वा	स

आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवक्ता बन सकेंगे प्रधानाचार्य

200 पदों पर नियुक्ति को समाज कल्याण निदेशालय ने आयोग को भेजा अधियाचन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▸▸ पांच वर्ष तक प्रवक्ता रहे कर्मियों को बनाया जाएगा प्राचार्य

▸▸ विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य भी रखने होंगे, शासन ने दिया आदेश

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षिकों के अब दिन बहुरेंगे। पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे शिक्षकों को अब प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। साथ ही आश्रम पद्धति विद्यालय में उप प्रधानाचार्य भी नियुक्त किए जाएंगे।

समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश के सभी जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हो रहे हैं और लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। इन विद्यालयों में प्रवक्ता और सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड) के पद रिक्त चल रहे हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापकों के 373 पद खाली हैं। विद्यालयों में पद खाली होने के कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। दो सौ पदों पर नियुक्त के लिए अधियाचन आयोग को भेजा गया है।

> लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर सेवारत लोगों को प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। प्रवक्ताओं को सूचीबद्ध किया जा रहा है। प्रयास होगा कि अगले माह तक कुछ विद्यालयों में प्रवक्ताओं की पदोन्नति कर दी जाए। साथ ही उप प्रधानाचार्यों की नियुक्त को लेकर भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
>
> –कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

समाज कल्याण विभाग अब 2004 की नियमावली के अनुरूप पांच वर्षों से अधिक प्रवक्ता के पद पर सेवाएं दे रहे अध्यापकों को प्रधानाचार्य बनाने की तैयारी में है। इसके लिए सभी का विवरण एकत्र किया जा रहा है। निदेशालय स्तर पर ब्योरा तैयार करने के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शासन से मंजूरी मिलने के बाद प्रथम चरण में कुछ प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य बनाया जाएगा। जबकि शासन के आदेश के अनुरूप सभी विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य नियुक्त किए जाएंगे। उप प्रधानाचार्यों की नियुक्ति को लेकर भी विभागीय प्रक्रिया शुरू हो गई है।

एक फरवरी को डीजी बनेंगे तिलोत्मा वर्मा व राजीव कृष्णा

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटीं 1990 बैच की आईपीएस अफसर तिलोत्तमा वर्मा एक फरवरी को डीजी बन जाएंगी। साथ ही 1991 बैच के आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को भी डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाएगा। दरअसल, डीजी स्तर के दो अफसर, कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी एसके माथुर इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उसके बाद डीजी के दो पद खाली हो जाएंगे। पहले खाली हो रहे इन दोनों पदों पर वरिष्ठता के आधार पर 1990 बैच के प्रशांत कुमार और तिलोत्तमा वर्मा को प्रमोशन मिलना था, लेकिन पिछले माह हुई डीपीसी में प्रशांत को डीजी बना दिया गया। लिहाजा उस खाली पद का लाभ राजीव कृष्णा को मिल जाएगा। एक फरवरी को वह डीजी विजिलेंस बन जाएंगे।

सुडोकू -32

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			9					2
	5		4		8			7
3		1	6			8		5
			8			2		3
9								1
4		6			7			
7		8			5	3		6
2			7		3		9	
1					4			8

सुडोकू - 31 का हल

5	3	4	6	7	2	1	8	9
8	2	6	1	9	5	7	3	4
1	7	9	4	8	3	6	5	2
7	8	2	9	3	1	5	4	6
4	1	5	7	2	6	3	9	8
6	9	3	8	5	4	2	7	1
2	4	7	5	6	8	9	1	3
9	6	8	3	1	7	4	2	5
3	5	1	2	4	9	8	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 22.06 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.55-12.38 तक।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 18 जनवरी 03.33 तक तत्पश्चात अश्विनी।

मेष – आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति में निवेश करने से बचें। अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

वृष – आज बॉस आपके प्रमोशन को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

मिथुन – आज रियल एस्टेट संबंधित प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का समाधान होगा। राजनीति से जुड़े लोग अपनी वक्तव्य शैली से जनता को प्रभावित करेंगे। आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा।

कर्क – आज आप काफी अनुशासन में रहेंगे। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। मेहनत का बढ़िया फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार को लेकर आप लोन वगैरह के लिए आवेदन भी दे सकते हैं।

सिंह – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन लोग इसका क्रेडिट आपको नहीं देंगे। आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। व्यर्थ बहसबाजी से बचें। कुछ कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

कन्या – आज करियर संबंधित अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे।

तुला – आज अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी। परिजनों से मतभेद हो सकते हैं। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें। दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ सकती है।

वृश्चिक – आज धैर्य की कमी के कारण अनावश्यक बातों पर अपना मूड खराब कर सकते हैं। बच्चे आज्ञा का पालन करेंगे। इच्छानुसार काम होने के बावजूद असंतुष्ट रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं।

धनु – आज बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए।

मकर – आज नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंद होने के योग बन रहे हैं। आपके लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे।

कुंभ – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाये रखें। लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा। बच्चों की जिद और हठ से आपको बुरा लग सकता है।

मीन – आज बनते कार्य बिगड़ने के कारण थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। कमीशन संबंधित कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पुकार – सुबह : 10.52
- धड़कन – रात : 07.00

SONY MAX
- मुबारकां – सुबह : 10.03
- मेरी प्यारी बिंदु – रात : 07.01

SONY PIX
- द मॉस्क – दोपहर : 12.27
- इट – रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सिर्फ तुम – सुबह : 10.30
- 100 – रात : 07.30

colors CINEPLEX
- स्टूडेंट ऑफ द ईयर – सुबह : 09.38
- कांटे – रात : 10.28

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से कहती है बाबू जी इलाइची खत्म हो गई है। आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलाइची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु ने कुछ ऐसा कहा की ससुर के होश उड़ गए...
बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना।

पति-तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है ?
पत्नी- ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे ?
पत्नी- खाना है तो खाओ ...नहीं तो रहने दो।

मोदी और योगी जैसा योग्य कोई नेतृत्व नहीं : आचार्य सत्येंद्र दास

रामलला के मुख्य पुजारी बोले- रामलला की इच्छा से हूं, उनकी ही इच्छा से हटूंगा, भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी नहीं चलता परिवारवाद

आचार्य सत्येंद्र दास, मुख्य पुजारी, रामलला

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : पांच वर्ष के बाल रूप में भव्य मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में केवल पांच दिन शेष रह गए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। **अमृत विचार** ने मंगलवार को रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से विभिन्न बिन्दुओं पर बातचीत की। आचार्य ने कहा कि मोदी और योगी जैसा कोई नेतृत्व वर्तमान में नहीं है। रामलला की इच्छा से हूं और उन्हीं की इच्छा से हटूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। प्रस्तुत है मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास से बातचीत के प्रमुख अंश...

- रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पुजारी भी नियुक्त किए गए हैं। ऐसे में ट्रस्ट आपको सेवानिवृत्त करता है तो क्या कहेंगे?
- रामलला की इच्छा से पूजा करता आया हूं, उनकी जैसी इच्छा होगी वैसा होगा। ट्रस्ट सेवानिवृत्त करता है तो कारण अवश्य पूछूंगा, उचित कारण बताया तो दायित्व छोड़ दूंगा। मुख्य पुजारी के अनेक दायित्व होते हैं, नियुक्त किए गए सभी सहायक पुजारी हैं।
- आपने पहले उत्तराधिकारी मुख्य पुजारी की बात की थी, उस पर ट्रस्ट ने कुछ जवाब दिया या नहीं?
- भाजपा की तरह ट्रस्ट में भी परिवारवाद नहीं चलता है। मैंने दो-तीन लोगों के लिए बात कही थी, लेकिन वह परिवार से थे इसलिए उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई। इसे लेकर ट्रस्ट से कोई अप्रसन्नता भी नहीं है। नियम सबके लिए बराबर हैं।
- प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर सपत्नीक पूजा की काफी बात सामने आ रही है, आप क्या कहेंगे?
- यह अज्ञानी लोग भ्रम फैला रहे हैं। सपत्नीक पूजन यज्ञ में प्रतिबंध है। यह आंशिक प्राण प्रतिष्ठा है। इसमें सपत्नीक पूजन की प्रतिबद्धता कदापि नहीं है। जो ऐसा कह रहे हैं उन्हें धार्मिक मान्यता का ज्ञान नहीं है।
- यदि आप स्वैच्छिक रुप से सेवानिवृत्त होना चाहे तब मुख्य पुजारी के रूप में किस संप्रदाय के आचार्य की नियुक्ति चाहेंगे?
- स्वयं को रामलला की पूजा में असमर्थ पाने पर ही ऐसी स्थिति आयेगी। नियमानुसार तो रामानंदी संप्रदाय से ही मुख्य पुजारी नियुक्त किया जाना चाहिए, चूंकि यह ट्रस्ट का विषय है इसलिए कोई टिप्पणी उचित नहीं है।
- इसी वर्ष आम चुनाव भी हैं, ऐसे में आपको क्या लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही होना चाहिए?
- चुनाव में तो मतदाता का अधिकार है किसे चुने यह हमारा विषय नहीं। मेरा तो मानना है कि नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना चाहिए। उनके और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कोई दूसरा नेतृत्व देश में नहीं है। आज राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा मोदी ही की देन है।
- कांग्रेस के राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के लिए आशीर्वाद लेने आपके पास आते हैं तो क्या कहेंगे?
- आते हैं तो आएं, किसने रोका है। संत सभी को आशीर्वाद देते हैं उन्हें भी देगें। हम थोड़ी न प्रधानमंत्री बनाते हैं, जनता चुनती है।
- राजनीति बड़ी है या धर्मनीति, आपको राजनीति के लिए अवसर मिला तो क्या प्रतिक्रिया होगी?
- मैं क्यों राजनीति में जाऊंगा, मेरा वहां क्या काम, जहां तक धर्मनीति और राजनीति का विषय है दोनों अपने में महत्वपूर्ण हैं। मैं धर्मनीति का पालन करूंगा।
- कथित रूप से एक चर्चा है कि नए मंदिर में गर्भगृह अलग हट कर है, जहां रामलला प्रकट हुए वह गर्भगृह अलग है?
- यह भी वही भ्रम फैला रहे हैं जो पुनः अधिग्रहीत क्षेत्र में मस्जिद के लिए भूमि चाह रहे हैं। मूर्ति गर्भगृह में ही स्थापित हो रही है। अब मुगलों का शासन नहीं, मस्जिद के लिए जहां भूमि दे दी गई वहां बनाएं। अधिग्रहित क्षेत्र की एक इंच भूमि नहीं मिलने वाली। सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दे दिया उसे मानें। यही समय की आवश्यकता है।

प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का श्रीगणेश सपत्नीक यजमान बने डॉ. अनिल

विवेक सृष्टि में प्रायश्चित व कर्म कुटी पूजन के साथ हुआ आगाज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पहले दिन प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन के लिए वाराणसी के वैदिक विद्वान रामसेवकपुरम स्थित विवेक सृष्टि में पहुंचे। यहां मुख्य यजमान के रूप में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा व उनकी पत्नी ने विधि विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान रामलला की प्रतिमा का निर्माण करने वाले अरुण योगीराज भी मौजूद रहे।

22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह प्रधानमंत्री के हाथों से स्थापित कराया जाएगा। विवेक सृष्टि में शुरू हुआ अनुष्ठान आगे राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा, जिसे संपन्न कराने के लिए देश भर से 121 विद्वान पहुंचे हैं। यह सभी विधि विधान काशी के विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित की मौजूदगी में होगा।

सरयू घाट पर स्नान-आचमन करते यजमान ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा।

रामलला की पहली आरती उतारेंगे मोदी

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक के लिए ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा मुख्य यजमान के रूप में होंगे। 22 जनवरी को रामलला को गर्भगृह में विराजमान कराया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अनुष्ठान को संपन्न कराएंगे और रामलला की पहली आरती उतारेंगे, लेकिन इसके पहले 17 जनवरी को पूजन के लिए रामलला की पांच वर्षीय प्रतिमा को राम जन्मभूमि परिसर में लाया जाएगा। 18 जनवरी को गर्भगृह में रामलला विराजमान होंगे।

प्राण प्रतिष्ठा और संबंधित आयोजनों का विवरण

आयोजन तिथि और स्थल

भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा योग का शुभ मुहूर्त, पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी, विक्रम संवत 2080, यानी सोमवार, 22 जनवरी को आ रहा है।

शास्त्रीय पद्धति और समारोह -पूर्व परंपराएं:

सभी शास्त्रीय परंपराओं का पालन करते हुए, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शुभ संस्कारों का प्रारंभ 16 जनवरी से हुआ, जो 21 जनवरी तक चलेगा।

द्वादश अधिवास निम्नानुसार आयोजित होंगे

- 17 जनवरी : मूर्ति का परिसर प्रवेश
- 18 जनवरी (शाम) : तीर्थ पूजन, जल यात्रा, जलाधिवास और गंधाधिवास
- 19 जनवरी (सुबह) : औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास
- 19 जनवरी (शाम) : धान्याधिवास
- 20 जनवरी (सुबह) : शर्कराधिवास, फलाधिवास
- 20 जनवरी (शाम) : पुष्पाधिवास
- 21 जनवरी (सुबह) : मध्याधिवास
- 21 जनवरी (शाम) : शय्याधिवास

अधिवास प्रक्रिया एवं आचार्य : सामान्यत: प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं और न्यूनतम तीन अधिवास अभ्यास में होते हैं। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। श्री गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे। काशी के श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित मुख्य आचार्य होंगे।

- **विशिष्ट अतिथिगण :** प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगी।
- **विविध प्रतिष्ठान :** भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, पूजा पद्धति, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तातवासी, द्वीपवासी आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी। जो श्रीराम मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन हेतु पधारेंगे।
- **ऐतिहासिक आदिवासी प्रतिभाग :** भारत के इतिहास में प्रथम बार पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, द्वीपों आदि के वासियों द्वारा एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अपने आप में अद्वितीय होगा।
- **समाहित परंपराएँ :** शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निम्बार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, गौड़ीय, कबीरपंथी, वाल्मीकि, शंकरदेव (असम), माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, गायत्री परिवार, अनुकूल चंद्र ठाकुर परंपरा, ओडिशा के महिमा समाज, अकाली, निरंकारी, नामधारी (पंजाब), राधास्वामी और स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव इत्यादि कई सम्मानित परंपराएं इसमें भाग लेंगी।
- **दर्शन और उत्सव :** गर्भ-गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद, सभी साक्षी महानुभावों को दर्शन कराया जाएगा। समारोह के पूर्व विभिन्न राज्यों के लोग लगातार जल, मिट्टी, सोना, चांदी, मणियां, कपड़े, आभूषण, विशाल घंटे, ढोल, सुगंध इत्यादि के साथ आ रहे हैं। उनमें से सबसे उल्लेखनीय थे मां जानकी के मायके द्वारा भेजे गए भार (एक बेटी के घर स्थापना के समय भेजे जाने वाले उपहार) जो जनकपुर (नेपाल) और सीतामढ़ी (बिहार) के ननिहाल से अयोध्या लाए गए। रायपुर, दंडकारण्य क्षेत्र स्थित प्रभु के ननिहाल से भी विभिन्न प्रकार के आभूषणों आदि के उपहार भेजे गए हैं।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ने जलाई 108 फीट लंबी धूपबत्ती

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार से अनुष्ठान की शुरुआत हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्स के लिए गुजराज के वडोदरा से आई 108 फीट लंबी धूपबत्ती को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर पूजन-अर्चन के बाद जलाया।

3610 किलो वजनी धूपबत्ती बनाने में हुआ गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल

गुजरात निवासी धूपबत्ती का निर्माण करने वाले बिहा भाई बरवाड़ ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बनाई गई 3,610 किलो वजनी व 108 फीट लंबी इस धूपबत्ती को बनाने में गाय के घी व हवन सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यह धूपबत्ती 44 दिन तक जलती रहेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि विशालकाय धूपबत्ती को राम जन्मभूमि परिसर तक पहुंचाना संभव नहीं था। ऐसे में उसे शहर से सटे अयोध्या धाम बस स्टैंड परिसर के अंदर ही रखकर यही जलाया गया है। रामभक्तों की ओर से आ रहे भेंट का सम्मान करना हमारा धर्म है। ऐसे में ट्रस्ट अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने इसे स्वीकार किया और अपने हाथों से जलाया।

अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड पर जलाई गई 108 फीट लंबी अगरबत्ती। अमृत विचार

कोठारी बंधुओं की स्मृति में सजल हो रहीं आंखें

अंकित सेन, अयोध्या

अमृत विचार : टेढ़ी बाजार चौराहे से कुछ ही दूरी पर मंगलवार दोपहर 1:15 बजे कड़ाके की ठंड एक बस आकर रुकती है। बस से परिचालक उतरता है तो वहां हाथ जोड़कर खड़े कुछ लोग जय सियाराम, जय सियाराम के उद्बोधन के साथ बड़ी ही विनम्रता पूर्वक बोलते हैं.... आइए! चाय, प्रसाद ग्रहण कीजिए। चाय की चुस्कियों के दौरान जब लोगों का पता चलता है कि श्रद्धालुओं की सेवा कोठारी बंधु की स्मृति में की जा रही है तो उनकी आंखें सहज ही सजल हो उठीं।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान राम शरद कोठारी स्मृति संघ से जुड़े करीब 70 सदस्यीय लोगों का दल इन दिनों कोलकाता से यहां आकर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहा है। संघ से जुड़े अरुण कुमार का कहना है कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1990 में कोठारी बंधुओं ने जो शहादत दी थी। वो आज सार्थक हुई है। अब जब भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और 22 जनवरी को रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा होने जा रही है। कोठारी बंधुओं की शहादत की स्मृति में यहां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को जलपान व भोजन कराकर उनकी सेवा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोठारी बंधुओं के परिवारीजन भी यहां आएंगे।

राम शरद कोठारी स्मृति संघ की ओर से लगाया गया शिविर। अमृत विचार

- शहीद राम-शरद कोठारी स्मृति संघ कर रहा श्रद्धालुओं की सेवा
- कोलकाता से आए 70 सदस्यों का दल करा रहा जलपान व भोजन


अरुण कुमार।

26 जनवरी तक अनवरत जारी रहेगी सेवा

अरुण कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा के लिए यूं तो शिविर 14 जनवरी से शुरू कर दिया गया था लेकिन इसकी औपचारिक शुरूआत मंगलवार को नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने की। यह शिविर 26 जनवरी तक अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि भोजन व जलपान के लिए ज्यादातर सामग्री कोलकाता से लेकर आएं हैं, कुछ चीजें यहीं पर व्यवस्थित की गई हैं।

श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा हैदराबाद का दल

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हैदराबाद से रामनगरी पहुंचा एक दल भी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा है। आने जाने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क चाय, दूध व काफी का वितरण कराया जा रहा है। शिविर से जुड़े हैदराबाद के भाग्यनगर निवासी गौरीशंकर जोशी ने बताया कि हैदराबाद से लगभग 15 सदस्यों का दल यहां पहुंचा है।

शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को जलपान करा रहा हैदराबाद का दल।

ट्रस्ट अध्यक्ष को समर्पित किया गया सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार को सोमनाथ से आया आठ कुंडों का जल व तीन करोड़ 50 हजार मंत्रों से अभिमंत्रित स्वर्ण और रजत पत्र से पर अंकित पत्र श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को समर्पित किया गया। इसे सोमनाथ मंदिर के पुजारी कुणाल कापणिया, प्रबंधक दिलीप चावड़ा, पीआरओ धुव्र जोशी ने समर्पित किया। इस अवसर पर विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, भाजपा नेता दिवाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

रामलला को अर्पण के लिए आगरा से आया 56 प्रकार का 560 किलो पेठा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि प्रारम्भ दिवस पर मंगलवार को यहां रामलला के लिए 56 प्रकार का 560 किलो पेठा कारसेवकपुरम पहुंचा है। पेठा प्रसिद्ध नगरी आगरा से विशेष रथ पर सज्जा के साथ यहां पहुंची पेठे की सौगात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को विधि विधान के साथ अर्पित किया गया। आगरा से यहां पेठा लेकर पहुंचे देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 12 सदस्यों की टोली के साथ पूजन कर यह रथ वहां से चला। विशेष रथ पर छप्पन प्रकार के पेठे सजाए गए हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार के पेठे रंगबिरंगी सजीली टोकरियों में सजाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी टोली यहां मौजूद रहेगी। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि लगातार विभिन्न प्रांतों से उपहार और अन्य सौगातें रहीं हैं। उन्हें यहां कारसेवकपुरम में रखा जा रहा है, जिन्हें बाद में सूचीबद्ध किया जाएगा।

रामोत्सव तब 14 साल के थे बच्चों की टीम का नेतृत्व करने वाले रविंद्र, वर्तमान में निजी बैंक में वित्तीय सलाहकार, गाजियाबाद में घर - घर बांट रहे पूजित अक्षत

कुरमौली के जंगल में कारसेवकों को पहुंचाते थे भोजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को केवल छह दिन शेष बचे हैं। ऐसे में मंदिर आंदोलन की स्मृतियां पुनः स्मरण हो रहीं हैं। इन्हीं स्मृतियों में गोसाईगंज क्षेत्र का कुरमौली जंगल भी शामिल है, जब वहां हजारों कारसेवक अयोध्या कूच करने के लिए छिपे हुए थे। उस समय बड़े तो सेवा भाव से जुटे ही थे बच्चों में भी गजब का एक जुनून था। बताते हैं कि कुछ बच्चे टोलियां बना कर कारसेवकों को छिपते - छिपाते भोजन सामग्री पहुंचाते थे। अब आज वही बड़े होकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का पूजित अक्षत उल्लास के साथ घर - घर पहुंचा रहे हैं।

बच्चों की उस टोली के नायक रहे रवींद्र तिवारी वर्तमान में आईसीआईआई बैंक गाजियाबाद में वित्तीय सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए अब गाजियाबाद में ही साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरण कर रहे हैं। 'अमृत विचार' से मोबाइल से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उस समय उनकी आयु करीब 14 वर्ष रही होगी। सरस्वती शिशु मंदिर से निकल कर कक्षा नौ में प्रवेश लिया था। तब मंदिर आन्दोलन चरम पर था और रोज गांव से सैकड़ों कारसेवकों का जत्था गुजरता था। तत्कालीन सरकार द्वारा सख्ती के कारण एक हजार से अधिक कारसेवकों का जत्था कुरमौली जंगल में छिपा था। उम्र छोटी थी लेकिन राम मंदिर और कारसेवकों के प्रति आस्था कहीं बड़ी थी। उस दौरान छोटे बच्चों की टोलियां बना कर गन्ने के खेतों में छिपते-छिपाते हुए खाना, पानी और चना-चबैना पहुंचाते थे। बोले 90 और 92 का दशक मंदिर निर्माण के लिए उन्माद का था, तो 2023 और 2024 उल्लास एवं उत्सव का है। बताया 92 में जब ढांचा गिरा तो वह भी साथियों के साथ ढांचे की एक ईट सरयू में प्रवाहित कर आए थे।

गाजियाबाद में साथियों के साथ पूजित अक्षत वितरित करते रवींद्र तिवारी। अमृत विचार

साथियों के साथ पूजित अक्षत का वितरण कर रहे रविंद्र तिवारी

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के गाजियाबाद में ही रवींद्र तिवारी साथियों के साथ आजकल पूजित अक्षत वितरण कर रहे। उनके साथ सखा संतोष तिवारी, संजय महाजन, लव प्रकाश, विक्रांत सिंह, अंकित गुप्ता, नीरज शुक्ला, आशीष तिवारी आदि रोज सुबह घर से निकल पड़ते हैं और जय श्रीराम के उद्घघोष के साथ अक्षत वितरण करते हैं। बताया प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,128 .77	22,032 .30
नुकसान	199 .17	65 .15
प्रतिशत में	0 .27	0 .29

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 810 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200 -5400
अरहर	7500 -8000
मसूर	5500 -5600
मटर	4400 -4500
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14000-14200
अरहरस्पेशल1	11800-12000
चनादाल	6700-6800
मटरदाल	5600-5700
मसूरमलका	7000-7100
मसूरदाल	5600-5700
उड़ददाल	9000- 12000
उड़द धोवा	10500- 13000
मूँगदाल	8800 -10300
मूँग धोवा	9800-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5050-5100
अलसी	4500 -4600 रुपये।

निजी पूंजीगत व्यय में आएगी तेजी

एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा बोले-धीरे-धीरे बढ़ रहा स्थापित क्षमता का उपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि स्थापित क्षमता का उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में आगे निजी पूंजीगत व्यय भी जोर पकड़ेगा और इसमें तेजी आएगी। वर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने ही निवेश का बोझ उठाया है, जबकि निजी पूंजीगत व्यय बहुत कम रहा है।

उन्होंने बातचीत में कहा-क्षमता उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह उस स्तर के करीब पहुंच रहा है जो निजी क्षेत्र को कम-से-कम कुछ क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय करने के लिए प्रेरित करता है। भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि हाल के वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में हुए बड़े निवेश में निजी क्षेत्र के निवेश को भी आकर्षित करने की गुंजाइश बरकरार है।

उन्होंने कहा-कुल मिलाकर मुझे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में निजी पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी होगी और यह सार्वजनिक क्षेत्र से निवेश की कमान संभाल लेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मध्यम-आय के जाल में फंसने से बच सकता है, वर्मा ने कहा कि भारत के लिए इस बदलाव को अंजाम देना जरूरी है क्योंकि इसमें मिली नाकामी देश की विशाल आबादी के लिए बेहद नुकसान पहुंचाने वाली होगी। हालांकि, प्रोफेसर वर्मा ने यह माना कि ऐसा करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा-इसके लिए कई दशकों तक 7-8% की वृद्धि दर को बनाए रखने की जरूरत होगी और इस काम को ज्यादा देश नहीं पूरा कर पाए हैं।

चुनौतियों से पार पा सकता है भारतः जयंत

इसके साथ ही जयंत आर वर्मा ने कहा कि आशावादी नजरिया जाहिर करते हुए कहा कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर इस चुनौती से पार पा सकता है। मध्यम-आय का जाल एक ऐसी स्थिति है जिसमें मध्यम-आय वाला देश ज्यादा मजदूरी होने से मानकीकृत, श्रम-बहुल उत्पादों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है। इसके साथ ही यह देश तुलनात्मक रूप से बहुत कम उत्पादकता होने से उच्च मूल्य-वर्धित कार्यों में भी बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाता है। मध्यम आय वाले देशों में दुनिया की 75 प्रतिशत आबादी और 62 प्रतिशत गरीब रहते हैं। ये देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक वृद्धि के प्रमुख इंजन हैं।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने नवंबर में 15.92 लाख नए सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नवंबर 2023 में करीब 20,830 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए और ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए।

बयान के अनुसार, नियमित वेतन पर रखे गए कर्मचारियों के ईएसआईसी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में करीब 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा गया। युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ। नए पंजीकरण में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के 7.47 लाख कर्मचारी हैं। यह कुल कर्मचारियों का 47 प्रतिशत है। आंकड़े के अनुसार, नवंबर में शुद्ध रूप से 3.17 लाख महिलाएं पंजीकृत हुई।

हरित हाइड्रोजन भारत की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन यात्रा के लिए महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन भारत के शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में सफर की कुंजी है और इसपर आने वाली उच्च लागत को सौर ऊर्जा की तरह नीचे लाया जा सकता है।

अडाणी समूह के मुखिया ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के लिए लिखे एक ब्लॉग में कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन की दिशा में छलांग लगाने से भारत को ऊर्जा सुरक्षा हासिल करने और शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नवीकरणीय बिजली के इस्तेमाल से पानी को विभाजित करके हरित हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है। यह एक स्वच्छ ईंधन है और इससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है। इसका इस्तेमाल इस्पात और तेल

▸▸ विश्व आर्थिक मंच के ब्लॉग में बोले उद्योगपति गौतम अडाणी

रिफाइनरी जैसे उद्योगों में कच्चे माल और वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा सकता है।

अडाणी ने अपने ब्लॉग में कहा-नवीकरणीय ऊर्जा एक लंबा सफर तय कर चुकी है लेकिन यह अनुकूल मौसमी हालात पर निर्भर करती है। हरित हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन का एक व्यवहार्य विकल्प हो सकता है। हालांकि, हरित हाइड्रोजन का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भर है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,325
गिन्नी (प्रति नग)	47,900-48,100

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,100
चांदी तैयार	74,200
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	63,950
चांदी आभूषण	74,100।

सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः नितिन गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने सीआईआई के कार्यक्रम को किया संबोधित

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकड़ा आधा करने का लक्ष्य तय किया है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के '4ई' - इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग), एन्फोर्समेंट (प्रवर्तन), एजुकेशन (शिक्षा) और एमरजेंसी मेडिकल सर्विस (आपातकालीन चिकित्सा सेवा) को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय राजमार्ग मंत्री ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित लोगों से सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं।

मदर डेयरी ने बाजार में उतारा भैंस का दूध, दाम 70 रुपये प्रति लीटर

नई दिल्ली। दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति करने वाली मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में भैंस के दूध की बिक्री शुरू करने की मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि अगले साल मार्च तक इस नए खंड के 500 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने की उम्मीद है। मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35-36 लाख लीटर और पूरे भारत में 45-47 लाख लीटर दूध की आपूर्ति करती है। दिल्ली-एनसीआर में यह पाउच और मिल्क बूथ के जरिए दूध बेचती है। मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने बातचीत में कहा-हम भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर के दाम पर पेश कर रहे हैं।

स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में गुजरात, केरल और कर्नाटक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ डीपीआईआईटी ने जारी की राज्यों की रैंकिंग

उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई। केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों की श्रेणी में रखा गया है। उधर महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

डीपीआईआईटी के तहत रैंकिंग एक वार्षिक अभ्यास है जो स्टार्टअप वृद्धि के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के उनके प्रयासों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का मूल्यांकन करता है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया। एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले। गुजरात को लगातार चौथी बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता का दर्जा दिया गया है। कर्नाटक को लगातार दूसरे वर्ष इस खंड में स्थान मिला है।

राष्ट्रीय

भारत-चीन में झड़प की और घटनाएं आईं सामने

सेना के अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का दिया गया विवरण

नई दिल्ली, एजेंसी

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्व हुई झड़प की कम से कम दो अज्ञात घटनाएं सामने आई हैं। भारतीय सेना के जवानों को दिए गए वीरता पुरस्कारों के प्रशस्ति पत्र में इन झड़पों का उल्लेख किया गया है। पिछले सप्ताह सेना की पश्चिमी कमान द्वारा एक अलंकरण समारोह में दिए गए प्रशस्ति पत्र में इस बात का संक्षिप्त विवरण दिया गया था कि कैसे भारतीय सैनिकों ने एलएसी पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिकों के आक्रामक व्यवहार का डटकर जवाब दिया।

सेना की पश्चिमी कमान ने अपने यूट्यूब चैनल पर 13 जनवरी के समारोह का एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें वीरता पुरस्कार पर टिप्पणी की गई थी, लेकिन सोमवार को इसे 'डिएक्टीवेट' कर दिया। पश्चिमी कमान का मुख्यालय हरियाणा के चंडी मंदिर में है। प्रशस्ति पत्र में उल्लिखित घटनाएं सितंबर 2021 और नवंबर 2022 के बीच की थीं। सेना की ओर से इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। जून 2020 में गलवान घाटी में झड़प के बाद भारतीय सेना 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी पर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के भड़कने के बाद पिछले साढ़े तीन वर्षों में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच एलएसी पर झड़प की कई घटनाएं हुईं। चीनी सैनिकों ने एलएसी के तवांग सेक्टर में भी घुसपैठ की कोशिश की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना के चार दिन बाद संसद में कहा कि नौ दिसंबर, 2022 को पीएलए सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में एलएसी का उल्लंघन करने की कोशिश की और एकतरफा यथास्थिति बदल दी। सिंह ने कहा कि चीनी प्रयास का भारतीय सैनिकों ने दृढ़तापूर्वक और दृढ़ तरीके से मुकाबला किया। सूत्रों ने बताया कि चीनी अतिक्रमण के प्रयास का दृढ़ता से जवाब देने वाली टीम का हिस्सा रहे कई भारतीय सैनिकों को भी अलंकरण समारोह में वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सिंह ने उस वर्ष 13 दिसंबर को कहा था कि टकराव के कारण हाथापाई हुई और भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारे क्षेत्र में घुसने से रोका और उन्हें अपनी चौकी पर लौटने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि हाथापाई के कारण दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को चोटें आईं। सिंह ने कहा-मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसे भंग करने के किसी भी प्रयास को विफल करना जारी रखेंगी। मुझे विश्वास है कि पूरा सदन सैनिकों के प्रयास में उनका समर्थन करने के लिए एकजुट रहेगा।

कांग्रेस नेता की याचिका पर न्यायालय में 22 को सुनवाई

महिला आरक्षण विधेयक संबंधित मामला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता जया ठाकुर की उस याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा जिसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' को तत्काल लागू करने का आग्रह किया गया है ताकि आम चुनाव से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ है और मामले में सुनवाई की अगली तारीख 22 जनवरी निर्धारित की। ठाकुर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा-इस मामले में तात्कालिकता है। अगर कानून लागू होता है तो आम चुनाव के दौरान इसे प्रभावी बनाया जाएगा।

अदालत ने दिया निर्देश-यूपी सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करे

मुख्तार अंसारी को किसी अप्रत्याशित स्थिति से नहीं गुजरना पड़ेः उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों को जारी रखे, ताकि उन्हें किसी 'अप्रत्याशित स्थिति' से नहीं गुजरना पड़े। मुख्तार अंसारी फिलहाल उत्तर प्रदेश की बदायूं जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने मुख्तार अंसारी के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था को दर्शाने वाले चार्ट का जायजा लिया और पाया कि वे 'काफी मजबूत' प्रतीत होते हैं।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उमर ने याचिका में जेल परिसर के भीतर अपने पिता की सुरक्षा का मुद्दा उठाने के साथ उन्हें उत्तर प्रदेश के बाहर किसी अन्य राज्य की जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने पीठ के समक्ष मुख्तार अंसारी के खिलाफ विभिन्न चरणों में लंबित मामलों की संख्या और सुरक्षा व्यवस्था का विवरण रखा। पीठ ने कहा-सुरक्षा इंतजाम काफी मजबूत दिखते हैं। हमारी यही धारणा है।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ से मामले को जुलाई तक के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि एएसजी ने कुछ उपाय उसके संज्ञान में लाये हैं। पीठ ने कहा-सभी उपायों के बावजूद, चीजें घटित हो सकती हैं। हम इसके बारे में निश्चित नहीं हो सकते। फिलहाल जो कुछ भी किया जा रहा है, उसे जारी रहने दें। पीठ ने कहा कि उसे उत्तर प्रदेश सरकार को यह निर्देश देना उचित लगता है कि बंदी मुख्तार अंसारी के लिए किये गये सभी सुरक्षा उपायों को जारी रखा जाए, ताकि उन्हें किसी अप्रत्याशित स्थित से नहीं गुजरना पड़े।

एक नजर

परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत

पटियाला। पंजाब के पटियाला में सोमवार रात भीषण ठंड के कारण बंद कमरे में अंगीठी जलाए रखने से परिवार के चार सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि नवाब कुमार, उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटे के शव सुबह पड़ोसियों के सूचित करने पर कमरे से निकाले गए। संभवतः भीषण ठंड के कारण वह लोग रात में अंगीठी जलती हुई छोड़कर सो गए थे और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

शिक्षक और उसके दो बच्चे मृत पाए गए

बारासात (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में मंगलवार को एक स्कूल शिक्षक और उसके दो बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का शव शिवदासपुर थाना क्षेत्र में हलीशहर के रामचंद्रपुर गांव में उसके घर में पंखे से लटका मिला था। उन्होंने बताया कि उसके बेटे और बेटी के शव पास में खेत में मिले थे। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आप नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री का मामला

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणियों के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि की शिकायत पर निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में राज्यसभा सदस्य सिंह ने गुजरात की एक निचली अदालत के समक्ष लंबित मामले को राज्य के बाहर और विशेष रूप से कोलकाता में स्थानांतरित करने की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने गुजरात उच्च न्यायालय से कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की ओर से निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय ले। पीठ ने कहा कि इस बीच निचली अदालत के समक्ष सुनवाई पर रोक रहेगी।

सिंह ने वकील करण शर्मा के माध्यम से न्यायालय में दायर अपनी याचिका में निचली अदालत के समक्ष सुनवाई में पक्षपात का आरोप लगाया था और कहा था कि जब याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित थी, तो निचली अदालत के न्यायाधीश मामले में आगे की सुनवाई कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

गुजरात हाईकोर्ट द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मोदी की शैक्षणिक डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द करने के बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने केजरीवाल और सिंह के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर मानहानि का मामला दायर किया था।

कांग्रेस ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया

नई दिल्ली/अमरावती, एजेंसी

कांग्रेस ने मंगलवार को आंध प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई. एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी वाई. एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी की बहन शर्मिला चार जनवरी को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुई थीं।

आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद शर्मिला ने कहा कि वह आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के पुराने गौरव को बहाल करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगी। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने वाई एस शर्मिला रेड्डी को तत्काल प्रभाव से आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने निवर्तमान पीसीसी अध्यक्ष जी रुद्र राजू को कांग्रेस कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है।

राजस्थान : कांग्रेस ने जूली को नेता प्रतिपक्ष बनाया

नई दिल्ली/जयपुर। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री टीकाराम जूली को मंगलवार को राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही पार्टी ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। तीसरी बार के विधायक और दलित समाज से आने वाले जूली की कांग्रेस विधायक दल के नेता पद पर नियुक्ति को पार्टी के लिए राजस्थान में एक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अपनी नियुक्ति के बाद जूली ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी मुस्तैदी से निभाएंगे। जूली की नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जबकि नवगठित राज्य विधानसभा की बैठक 19 जनवरी से शुरू होने वाली है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की ओर से नई दिल्ली में जारी आधिकारिक पत्र में इसकी घोषणा की गई है।

कोविड के 180 नए मामले सामने आए तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,804 रह गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हो गई। दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। एक दिन में कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गई।

सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया जाएगा : राहुल

चिफोबोजू (नगालैंड), एजेंसी

▸▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले इंडिया गठबंधन भाजपा को लोस चुनाव हराएगा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के बीच परस्पर सम्मान है।

राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यह विचारधारा की यात्रा है। 'इंडिया' अच्छी तरह चुनाव लड़ेगा और जीतेगा... चुनाव प्रचार अभियान चलाया जाएगा जिसमें हम सभी भाग लेंगे। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की स्थिति बहुत अच्छी है। बातचीत अच्छी तरह से हो रही है... मुझे लगता है कि ज्यादातर जगहों पर यह आसान है। मुझे लगता है कि हम सीट बंटवारा और दूसरी चीजों को जल्द ही पूरा कर लेंगे। जद (यू) नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने दावा किया कि मीडिया इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करता है और गठबंधन की बैठकों के 'मूड' और भाईचारे को नहीं दिखाता है।

कांग्रेस ने नहीं किया कभी राममंदिर का विरोध

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज एक बार फिर अयोध्या के राम मंदिर को लेकर भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी राम मंदिर का विरोध नहीं किया, पर भाजपा को केवल ये मुद्दा हिंदू-मुस्लिम का बनाने के लिए मस्जिद गिराना था। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा-कांग्रेस ने कभी भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध नहीं किया। केवल विवादित भूमि में निर्माण हेतु न्यायालय के फ़ैसले तक इंतज़ार करने के लिए कहा था। ग़ैर विवादित भूमि पर भूमि पूजन भी राजीव जी के समय हो गया था। नरसिम्हा राव जी ने राम मंदिर निर्माण के लिए ग़ैर विवादित भूमि का अधिग्रहण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा, विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मंदिर निर्माण नहीं मस्जिद गिराना था। क्योंकि जब तक मस्जिद नहीं गिरेगी तब तक मुद्दा हिंदू मुसलमान का नहीं बनता। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से कहा0विध्वंस उनकी चाल व चरित्र में है अशांति फैला कर राजनीतिक लाभ लेना उनकी रण नीति है। इसीलिए उनका नारा था रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।

शृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगा भारत

आखिरी मैच में कुलदीप और आवेश को मिल सकता है मौका

बेंगलुरू, एजेंसी

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। कहा जा रहा है कि कुलदीप को रवि बिश्नोई या वॉशिंगटन सुंदर के स्थान पर और आवेश को मुकेश कुमार की जगह खिलाया जा सकता है। संजू सैमसन और तिलक वर्मा को चिन्नास्वामी स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका मिलेगा।

अब तक खामोश है रोहित का बल्ला

सीरीज में कप्तान रोहित का बल्ला अब तक नहीं चला है। पहले मैच में शुभमन गिल के साथ गलतफहमी से रन आउट हो गए। दूसरे मैच में फजलहक फारूकी की गेंद को भांप नहीं पाए और बोल्ड हो गए। रोहित से आखिरी मुकाबले में फॉर्म आकर बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही है।

बल्लेबाजों से शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद

भारतीय बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं और उसने कल होने वाले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। शृंखला में भारतीय टीम बल्लेबाजी में पहली गेंद से ही आक्रामक रही हैं। शिवम दुबे और विराट कोहली ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी में तो अच्छा प्रदर्शन किया है और उसे पीछे दो मैचों में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। अफगानिस्तान का गेंदबाजी पक्ष कमजोर रहा है।

टीमें

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार।

अफगानिस्तान : इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

मेस्सी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

लंदन, एजेंसी

अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी ने अर्लिंग हालैंड को टाइब्रेकर में हराकर फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार जीता है। राष्ट्रीय टीम के कोचों, कप्तानों, चुनिंदा पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा आनलाइन की गई वोटिंग के आधार पर मेस्सी और हालैंड दोनों को 48 अंक मिले।

टाइब्रेकर में फैसला राष्ट्रीय टीमों के कप्तानों ने 5 प्वाइंट स्कोर या पहले स्थान पर रखे जाने के आधार पर किया। मेस्सी को 15 साल में आठवीं बार यह पुरस्कार मिला है। काइलियान एमबाप्पे तीसरे स्थान पर रहे। कोई भी खिलाड़ी पुरस्कार लेने नहीं पहुंचा था। पेरिस सेंट जर्मेन छोड़कर इंटर मियामी से जुड़े मेस्सी ने पिछले साल अक्टूबर में हालैंड और एमबाप्पे को हराकर आठवीं बार बलोन डिओर पुरस्कार जीता था।



महिला वर्ग में स्पेन की ऐताना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

महिला वर्ग में स्पेन की विश्व कप चैंपियन ऐताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पिछले साल बलोन डिओर भी जीता था। वह विश्व कप और चैंपियंस लीग दोनों में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही थीं। मैनचेस्टर युनाइटेड के कोच पेप गार्डियोला को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच और इंग्लैंड की सरीना वीगमैन को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार मिला।

सुमित नागल ने ग्रैंडस्लैम में रचा इतिहास

पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे, कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया

मेलबर्न, एजेंसी

भारत के सुमित नागल ने पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया है। डेविस कप खेलने से इन्कार के कारण वह क्वालीफायर के रास्ते मुख्य ड्रॉ में पहुंचे हैं। उन्होंने बुबलिक को मैच में 6-4, 6-2, 7-6 से मात दी। सुमित नागल आस्ट्रेलियाई ओपन में पहली बार दूसरे दौर तक पहुंचे हैं। वह 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस से हार गए थे।

35 साल बाद कोई भारतीय पहुंचा दूसरे दौर में

1989 में रमेश कृष्णन पहुंचे थे दूसरे दौर में

विश्व रैंकिंग में 137वें स्थान पर काबिज नागल अपने कॅरिअर में दूसरी बार किसी ग्रैंडस्लैम का दूसरा दौर खेलेंगे। वह 2020 अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में डोमिनिक थिएम से हार गए थे, जो बाद में चैंपियन बने। नागल की जीत के साथ ही 35 साल में पहली बार किसी भारतीय ने ग्रैंडस्लैम एकल में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया है। आखिरी बार 1989 में रमेश कृष्णन ने मैट विलांडर को मात दी थी जो उस समय दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन में मौजूदा चैंपियन थे।

दूसरे दौर में जीतने पर स्पेन के कार्लोस से हो सकती है टक्कर

अब नागल का सामना चीन के जुंचेंग शांग से होगा। दूसरे दौर में जीतने पर उनकी टक्कर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज से हो सकती है। नागल को पहले दौर की जीत के साथ 120000 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि क्वालीफाइंग चरण में तीन जीत के 65000 आस्ट्रेलियाई डॉलर के भी वह हकदार बने।

शुरुआत से ही सुमित ने दिखाया शानदार खेल

मैच में सुमित नागल की शुरुआत शानदार रही और पहले ही गेम में उन्होंने बुबलिक की सर्विस तोड़ी लेकिन अपनी सर्विस भी बरकरार नहीं रख सके। उन्होंने फिर बुबलिक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 42 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बुबलिक की सर्विस दो बार तोड़ी और अपनी बढ़त बरकरार रखकर 43 मिनट में जीत दर्ज की। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने सातवें गेम तक अपनी सर्विस टूटने नहीं दी। इसके बाद नागल ने सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त बनाई और यह 5-3 कर दी। यह सेट टाइब्रेकर तक खिंचा, जिसमें नागल 7-5 से विजयी रहे।

2019 में सुमित ने अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ ग्रैंडस्लैम में पदार्पण किया था। उन्होंने फेडरर को एक सेट में हराया भी लेकिन मैच 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से हार गए। अमेरिकी ओपन 2020 के पहले दौर में उन्होंने अमेरिका के ब्राडले क्लान को 6-1, 6-3, 3-6, 6-1 से हराया था।

अब नहीं होगी रुपयों की कमी

उन्होंने 2023 सत्र के आखिर में कहा था कि उनकी जेब में बस 900 यूरो बचे हैं लेकिन अब करीब एक करोड़ रुपये ईनामी राशि सुनिश्चित होने पर उनका बोझ कुछ कम होगा। उन्होंने मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के बाद कहा था। अगर मेरा बैंक बैलेंस देखें तो 900 यूरो (80000 रुपये) बचे हैं। मुझे शीर्ष सौ में पहुंचने के लिए करीब एक करोड़ रुपये की फंडिंग चाहिए। उस इंटरव्यू के बाद नागल को काफी प्रायोजक मिले।

युकी और हासे की जोड़ी पहले दौर में हारकर हुई बाहर

भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में कोलंबिया के निकोलस बेरियेंतोस और ब्राजील के रफाएल मातोस के हाथों हारकर बाहर हो गई। युकी और हासे की जोड़ी को पहले दौर के मैच में 6-1, 6-7, 6-7 से पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली के 31 वर्षीय युकी 2014 में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर तक पहुंचे थे, जो ग्रैंडस्लैम युगल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

अल्कराज दूसरे दौर में पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी। कार्लोस अल्कराज ने पहले सेट में कड़ा संघर्ष करने के बाद मंगलवार को रिचर्ड गास्केट को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पहला सेट एक घंटे और 12 मिनट तक चला, जिसे अल्कराज ने टाईब्रेकर में जीता लेकिन इसके बाद अगले दो सेट जीतने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। अल्कराज ने यह मैच 7-6 (5), 6-1, 6-2 से जीता। उनका अगला मुकाबला लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिन्होंने डैन इवांस को 4-6, 7-6 (8), 6-2, 7-6 (4) से हराया।

उधर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को आस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मुकाबला जीता, जबकि एक दिन पहले ही जर्मनी में उत्पीड़न के एक मामले में उन्हें इस साल के आखिर में सुनवाई का सामना करने के आदेश दिए गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने जर्मनी के डोमिनिक कोफेर को 4-6, 6-3, 7-6, 6-3 से मात दी। ज्वेरेव पर बर्लिन में मई 2020 में एक महिला की पिटाई का आरोप है। वह इन आरोपों का खंडन करते आए हैं। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने सोमवार को बताया कि सुनवाई 31 अगस्त से होगी।

खेल डायरी

आईओए के सीईओ की नियुक्ति पर विवाद

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद के करीब एक दर्जन सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पीटी उषा ने सीईओ के रूप में रघु अय्यर की नियुक्ति करने के लिए उन पर दबाव डाला था। 12 सदस्यों के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा गया है कि कार्यकारी परिषद की पिछली बैठक के लिए जो एजेंडा जारी किया गया था, उसमें सीईओ की नियुक्ति को सूचीबद्ध नहीं किया था। इस मामले को एकतरफा तरीके से एजेंडे में शामिल करके जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की गई। उषा ने पत्र के जवाब में कहा है कि बैठक में सीईओ की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकतर सदस्यों ने अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि जिस दिन सीईओ ने औपचारिक तौर पर अपना पद संभाला, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों ने इस फैसले को लेकर आपत्ति जताई।

आईसीसी ने नासिर हुसैन पर लगाया प्रतिबंध

दुबई। बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन को अमीरात क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन आरोपों को स्वीकार करने के बाद मंगलवार को दो साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया, जिसमें छह महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है। आईसीसी ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में हुसैन पर सितंबर 2023 में आरोप लगाए थे। इस क्रिकेटर ने इनमें से तीन आरोप स्वीकार किए थे। आईसीसी के अनुसार हुसैन ने उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने के लिए की गई पेशकश के बारे में भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को जानकारी नहीं दी थी। यही नहीं उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया था। वह 7 अप्रैल 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

बातचीत से निलंबन हटवाना चाहता है डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ ने मंगलवार को तय किया कि वह निलंबन हटवाने के लिए खेल मंत्रालय से बातचीत करेगा और यह भी कहा कि फिलहाल वह सरकार से टकराव नहीं चाहता लेकिन बातचीत नाकाम रहने पर कानूनी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। डब्ल्यूएफआई ने पहले कहा था कि निलंबन हटवाने के लिए वह कानून की शरण लेगा लेकिन अपनी कार्यकारी परिषद की बैठक में उसने विचार बदल दिया। बैठक की अध्यक्षता डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने की, जिसमें 12 अन्य चयनित सदस्यों ने भाग लिया। महासचिव प्रेम चंद लोंचाब और सीनियर उपाध्यक्ष देवेंदर कादियान ने बैठक में भाग नहीं लिया। संजय सिंह ने बैठक के बाद कहा कि हम अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा रहे। हम मंत्रालय से समय मांगेंगे और सरकार से बात करने की कोशिश करेंगे।

नाडा ने 11 खिलाड़ियों का डोपिंग प्रतिबंध घटाया

नई दिल्ली। पिछले साल गोवा राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले तीन एथलीट उन 11 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 20 दिन के अंदर डोपिंग आरोप स्वीकार करने का फायदा मिला है और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया है। इन खिलाड़ियों में ट्रैक एवं फील्ड के तीन एथलीट कमलजीत कौर, अजय कुमार और हरजोधवीर सिंह भी शामिल हैं, जिन्होंने 25 अक्टूबर से 9 नवंबर तक गोवा में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। राष्ट्रीय खेलों के दौरान विभिन्न खेलों के कुल 20 खिलाड़ियों को डोपिंग का दोषी पाया गया था। नाडा ने अपनी नवीनतम सूची में उन खिलाड़ियों के नाम दिए हैं, जिनका प्रतिबंध घटाकर तीन साल कर दिया गया है। डोपिंग के दोषी पाए गए खिलाड़ियों पर अमूमन चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है। जिन खिलाड़ियों की प्रतिबंध की अवधि कम की गई है उनमें तीन भारोत्तोलक प्रियदर्शनी थुरम, मिथलेश सोनकर और एक नाबालिग भी शामिल हैं। राष्ट्रीय खेलों में सात भारोत्तोलक डोपिंग के दोषी पाए गए थे। इनमें राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वंदना गुप्ता भी शामिल थी। इनके अलावा पहलवान अनिल मलिक और साइकिलिस्ट अनीता देवी भी शामिल हैं।

प्रणय दूसरे दौर में, प्रियांशु ने लक्ष्य को किया बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के एचएस प्रणय ने मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की, जबकि प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

प्रणय की अगले दौर में प्रियांशु से होगी भिड़ंत

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय ने चीनी ताइपे के टिएन चेन चाउ को 21-6, 21-19 से हराया।

टिएन चेन के खिलाफ प्रणय की 13 मैच में यह छठी जीत है। अगले दौर में प्रणय की भिड़ंत प्रियांशु से होगी।

दूसरी तरफ लक्ष्य और प्रियांशु के बीच शुरुआत से ही प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। जूनियर बैडमिंटन के दिनों से ही एक-दूसरे के खिलाफ खेल रहे ये खिलाड़ी एक-दूसरे की कमजोरियों और मजबूत पक्षों से अच्छी तरह वाकिफ थे। लक्ष्य ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव की बदौलत शुरुआत में बढ़त हासिल की लेकिन प्रियांशु बार-बार बराबरी हासिल करने में सफल रहे। लक्ष्य ने अपने दमदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से काफी अंक जुटाए लेकिन प्रियांशु ने भी उन्हें परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लक्ष्य ब्रेक तक 11-10 के मामूली अंतर से बढ़त बनाने में सफल रहे।

भारत इटली को हराकर सेमीफाइनल में

रांची, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच क्वालीफायर में इटली को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

मैच के पहले ही मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को उदिता ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। उदिता ने पहले 55वें, दीपिका ने 41वें, सलीमा टेटे ने 45वें और नवनीत कौर ने 53वें मिनट में गोल किए। इटली की ओर से एकमात्र गोल कैमिला माचिन ने 60 मिनट में किया। पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत का मुकाबला जर्मनी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में जापान की टीम अमेरिका से भिड़ेगी।

अमेरिका की लगातार तीसरी जीत

अमेरिका ने मंगलवार को न्यूजीलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एलिजाबेथ येगर ने यह महत्वपूर्ण गोल किया। अमेरिका ने पूल बी में अपने तीनों मैच जीते। वह गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल में जापान से भिड़ेगा। न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ अपने अभियान का अंत किया और अगर अंतिम मैच में इटली मेजबान भारत को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा।

लारा दत्ता और बॉबी देओल की रामायण में एंट्री

बॉलीवुड में इन दिनों रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की आने वाली फिल्म रामायण की खासी चर्चा है। इस फिल्म में अब 2 और सितारों की एंट्री हो चुकी है। इनमें लारा दत्ता और बॉबी देओल का नाम शामिल है। निर्देशक नीतेश तिवारी की फिल्म रामायण में लारा दत्ता राजकुमारी कैकयी का किरदार निभाएंगी। लारा दत्ता ने इस किरदार के लिए हामी भी भर दी है और उनकी फिल्म में करीब-करीब एंट्री तय हो गई है, जबकि बॉबी देओल को भी मेकर्स ने अप्रोच किया है। बॉबी देओल को कुंभकरण का किरदार ऑफर किया गया है। हालांकि अब तक फिल्म स्टार ने इसे हरी झंडी नहीं दी है। ऐसे में अभी स्थिति साफ नहीं है कि वो इस फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं। फिल्म इसी साल मार्च महीने तक फ्लोर पर होगी।

15 मार्च को रिलीज होगी अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी

अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी 15 मार्च को रिलीज होगी। इससे पहले अदा शर्मा ने द केरल स्टोरी में काम किया था। बस्तर के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन हैं। मेकर्स ने फिल्म के तीन नए पोस्टर जारी कर रिलीज डेट का एलान किया है। अदा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के तीनों पोस्टर शेयर करते हुए लिखा कि फिल्म द केरल स्टोरी के साहसी कहानीकारों में से एक बस्तर जल्द रिलीज होगी।

बायोपिक में सिल्क स्मिता का किरदार निभाएंगी चंद्रिका रवि

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता की बायोपिक में ऑस्ट्रेलियन अभिनेत्री चंद्रिका रवि काम करती नजर आएंगी। दिवंगत दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सिल्क स्मिता के जीवन पर बायोपिक बनाई जा रही है। इस बायोपिक में उनकी लाइफ से जुड़े कई पहलू देखने को मिलेंगे। बायोपिक सिल्क स्मिता द अनटोल्ड स्टोरी का निर्देशन जयराम शंकरन कर रहे हैं। फिल्म में चंद्रिका रवि सिल्क स्मिता का किरदार निभाती नजर आएंगी। सिल्क स्मिता की जिंदगी पर कई फिल्म बन चुकी है। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी द डर्टी पिक्चर में विद्या बालन ने सिल्क स्मिता का किरदार निभाया था। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ समेत पांच भाषा में रिलीज होगी।

अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के नाम का किया एलान

डायरेक्टर अभिषेक कपूर ने अपनी अगली फिल्म के टाइटल का एलान कर दिया है। उनकी इस फिल्म का नाम शराबी होगा। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ट्वीट में बताया कि अभिषेक कपूर की नई फिल्म शराबी की बाकी डिटेल की जल्द ही घोषणा की जाएगी। ये फिल्म जल्द ही शुरू होगी। इस फिल्म के टाइटल से अमिताभ बच्चन का भी कनेक्शन है। अभिषेक कपूर एक फिल्म और बना रहे हैं जिसमें रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भांजे अमन देवगन डेब्यू करने वाले हैं।

द साबरमती रिपोर्ट में काम करेंगे विक्रांत मैसी

बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करते नजर आएंगे। 12वीं फेल के बाद अब विक्रांत मैसी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में काम करने जा रहे हैं। 27 फरवरी 2002 को हुई साबरमती एक्सप्रेस की घटना आज भी लोगों के जेहन में हैं। उस दिन सुबह गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के अंदर आग लगने से अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई थी। अब यह घटना पर्दे पर दिखाने के लिए विक्रांत मैसी तैयार हैं। फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी के साथ रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अहम किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रंजन चंदेल निर्देशित करेंगे।



फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे दलेर मेहंदी

जानेमाने गायक दलेर मेहंदी ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी की फिल्म हिंदुत्व में पार्श्व गायन करेंगे। टैग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। इसके लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फिल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। इस फिल्म में दलेर मेहंदी के अलावा अनूप जलोटा, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने गानों में आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।

हुमा कुरैशी की वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज

अभिनेत्री हुमा कुरैशी की आने वाली वेबसीरीज महारानी 3 का टीजर रिलीज हो गया है। हुमा कुरैशी की वेब सीरीज महारानी को काफी पसंद किया गया था। अब इस इस सीरीज का तीसरा सीजन आने वाला है। महारानी 3 के टीजर में दिखाया गया है कि नवीन कुमार (अमित सियाल) पूछते हैं कि हलवा किसलिए बंट रहा है, इस पर पास में मौजूद पुलिसकर्मी बताती हैं कि रानी भारती ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बंगाल में 22 जनवरी को निकलेगी सद्भावना रैली : ममता

कोलकाता , एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा प्राण प्रतिष्ठा नेताओं का काम नहीं

22 जनवरी को जब पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के रंग में सराबोर होगा, उस दिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में सभी धर्मों के लोगों के साथ एक सद्भावना रैली (जुलूस) का नेतृत्व करेंगी। ममता उस दिन मंदिर, मस्जिद व गुरुद्वारे में भी जाएंगी।

मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता ने मंगलवार को राज्य सचिवालय नवान्न से इसकी घोषणा की। ममता ने इसके साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से 22 जनवरी को राज्य के सभी जिलों व ब्लाकों में इसी तरह की सद्भावना रैलियां आयोजित करने को भी कहा। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह 22 जनवरी को कालीघाट मंदिर में देवी काली की पूजा करने के बाद कुछ दूरी पर स्थित हाजरा चौराहे से शुरू होने वाले जुलूस का नेतृत्व करेंगी।

तृणमूल द्वारा आयोजित इस सद्भावना जूलूस में सभी धर्मों के लोग हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी से इसमें हिस्सा लेने की अपील की। ममता ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का किसी अन्य कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं है। ममता ने कहा कि यह जुलूस पार्क सर्कस मैदान में समाप्त होगा और इससे पहले यह मस्जिदों, चर्चों और गुरुद्वारों सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगा।

राम मंदिर पर ममता ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा करना हमारा काम नहीं है। यह धर्माचार्यों का काम है। हमारा काम बुनियादी ढांचा तैयार करना है। बता दें कि इससे पहले ममता ने 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की नौटंकी बताया था। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए फिर दोहराया कि मैं धार्मिक आधार पर जनता को बांटने में विश्वास नहीं करती। उन्होंन साफ कहा कि जब तक जिंदा हूं, समाज में बंटवारा नहीं होने दूंगी।

भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर साधा निशाना

22 जनवरी को सद्भावना रैली निकालने की घोषणा पर राज्य में विपक्षी भाजपा ने ममता पर निशाना साधा है। भाजपा आइटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि जब पूरा भारत अयोध्या धाम में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का गवाह बनेगा, उस दिन यहां इस तरह के जुलूस निकालना हिंदू भावनाओं की घोर उपेक्षा होगी। यह उस दिन सांप्रदायिक टकराव के लिए जमीन तैयार करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा ममता जी को थोड़ा सोचना चाहिए यह पल देश के लिए गौरव का है, ना कि नफरत का। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री अपने राजनीतिक एजेंडा चला रहीं हैं।

अगले कुछ दिन सामान्य रहेगा अंतरिक्ष का मौसम

▸▸ मंगलवार को शांत रहा सूर्य एकमात्र सी क्लास का विस्फोट किया गया दर्ज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : मंगलवार को सूर्य सक्रियता सामान्य रही। कुछ सी क्लास के विस्फोट दर्ज किए। अगले कुछ दिन अंतरिक्ष मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। अलबत्ता अभी भी सूर्य के बड़े हिस्से में सन स्पॉट बने हुए हैं।

नासा के अनुसार पिछले लंबे समय से सूर्य जबरदस्त तरीके से सक्रिय बना हुआ था। जिसके चलते भयानक विस्फोट सूर्य की सतह पर आग उगलते रहे। मगर मंगलवार को सूर्य काफी हद तक शांत नजर आया। जिसके चलते सूर्य से आने वाले सौर तूफान अगले कुछ दिन शांत रहने की उम्मीद है।



सूर्य की फाइल फोटो

मगर सूर्य का दक्षिणी ध्रुव अभी सक्रिय बना हुआ है। यह भाग पृथ्वी के दूसरी ओर होने के कारण कोई असर नहीं हो सकता। सूर्य से आने वाले उच्च ऊर्जावान कण स्पेस वेदर यानी अंतरिक्ष मौसम को बनाते व बिगाड़ते हैं। जिसका पृथ्वी पर ही नही बल्कि पूरे सौर मंडल में असर पड़ता है। जिस कारण सौर वैज्ञानिकों की नजर सूर्य पर रहती है। भारत के भी वैज्ञानिक अब सूर्य के अध्ययन के लिए प्रयास कर रहें हैं। खासकरके इसरो इसमें शामिल है।

कुछ हफ्तों में सूर्य की खबर देगा आदित्य एल 1

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व आदित्य एल 1 साइंस ग्रुप व आउट रीच के सह अध्यक्ष प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि आदित्य एल 1 के अभी तक सभी परीक्षण सफल रहे। लैग्रेंज बिंदु से आदित्य ने सूर्य पर नजर रखनी शुरू कर दी है। आदित्य ने पहले चरण में सूर्य की तस्वीर लेने का परीक्षण भी सफल रहा है। फिलहाल अन्य उपकरणों की टेस्टिंग कार्य चल रहा है। आदित्य में सात अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। जिनके परीक्षण में दो माह तक का समय लग सकता है। बता दें कि, सूर्य के अध्ययन के लिए इसरो प्रयास जारी है।

एक नजर

छात्रा को टक्कर मारने के मामले में भारतवंशी डॉक्टर दोषी करार

लंदन। ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक डॉक्टर को एक छात्रा को 1.41 करोड़ रुपये बतौर मुआवजा देने का आदेश दिया है। दरअसल डॉक्टर की कार से छात्रा को टक्कर लग गई थी, जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हुई थी और उसे स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। घटना साल 2018 में घटी थी। डॉ. शांति चंद्रन बंकिघमशायर में अपनी बीएमडब्लू कार से अपने काम पर जा रहीं थी। इसी दौरान ऑक्सफोर्डशायर में उनकी कार से स्कूल जा रही 12 साल की बच्ची की टक्कर हो गई थी। अब पीड़िता 18 साल की हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब टक्कर हुई तो ग्रीन सिग्नल था और पीड़िता पैदल पार पथ से सड़क क्रॉस कर रही थी।

तुर्किये में सड़क हादसा, नौ लोगों की गई जान, 30 से ज्यादा घायल

अंकारा। तुर्किये के दक्षिणी प्रांत मेर्सिन में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत व 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। मीडिया के मुताबिक मुगला प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी जिले मार्मारिस से मार्डिन प्रांत की ओर जा रही यात्री बस एक बैरियर से टकराकर पलट गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया है कि जेंडरमेरी टीमों ने राहत और बचाव अभियान जारी है। मेर्सिन के गवर्नर अली हमजा पेहलीवान ने बताया कि 40 यात्रियों को ले जा रही यात्री बस से चालक ने नियंत्रण खो दिया और खाई में पलट गई। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के कारण सड़क गीली होना से दुर्घटना हुई है।

एफआईआर रद करने की मांग वाली याचिका पर अब सीजेआई करेंगे सुनवाई

नायडू की याचिका पर जज एकमत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर अब सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ सुनवाई करेंगे। दरअसल दो जजों की पीठ ने याचिका पर अलग-अलग फैसला दिया। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है।

याचिका में पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू ने स्किल डेवलेपमेंट घोटाले के मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करने की मांग की है। याचिका पर सुनवाई के बाद जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आज जब पीठ ने फैसला सुनाया तो दोनों जजों ने अलग-अलग फैसला दिया और उनके फैसले में सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद पीठ ने इस मामले को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के पास भेज दिया है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला त्रिवेदी की पीठ पीसी एक्ट की धारा 17ए के लागू होने को लेकर सहमत नहीं हो सकी। इस धारा के तहत जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेने का प्रावधान है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस का मानना था कि तेदेपा चीफ चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले मंजूरी ली जानी चाहिए थी। वहीं जस्टिस बेला त्रिवेदी का मानना था कि इस मामले में पीसी एक्ट की धारा 17ए लागू नहीं होती है। ऐसे में उन्होंने चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद करने से इनकार कर दिया। सीबीआई ने 9 दिसंबर 2021 को स्किल डेवलेपमेंट घोटाले में एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें 25 लोगों को आरोपी बनाया गया था। उस वक्त एफआईआर में चंद्रबाबू नायडू का नाम नहीं था। मार्च 2023 में सीआईडी ने जांच के आधार पर घोटाले की एफआईआर में चंद्रबाबू नायडू को 37वां आरोपी बनाया गया।

अवमानना मामले में वकील जजों से बिना शर्त मांगें माफी: शीर्ष कोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट के कई न्यायाधीशों के खिलाफ अनुचित, निंदनीय, आधारहीन आरोप लगाने के लिए एक वकील को आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया गया था, जिसमें छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। इस मामले पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने वकील को आदेश दिए कि उन्हें निंदनीय आरोपों के लिए न्यायाधीशों से बिना शर्त माफी मांगनी होगी। पीठ ने कहा कि यह माफी नहीं है, वह कैसे कह सकते हैं कि यह अनजाने में हुआ। शीर्ष अदालत ने उन्हें माफी मांगने का एक और मौका दिया और मामले की सुनवाई 19 जनवरी को तय की। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने नौ जनवरी को वकील को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था और उन पर दो हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी।

हेलीकॉप्टर घोटाला: राजीव के खिलाफ सीबीआई की याचिका खारिज

अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद घोटाले मामले में सरकारी गवाह राजीव सक्सेना को जमानत न देने वाली सीबीआई की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट से मना कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूडड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने जमानत देते समय उनके स्वास्थ्य स्थिति पर पूरा ध्यान दिया था, वे जांच में सहयोग कर रहे थे। अदालत ने जमानत रद्द करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि आप इस मामले पर निचले कोर्ट का रुख कर सकते हैं। सीबीआई की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सक्सेना जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और वे पूछे गए सवालों के जवाब नहीं दे रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली की एक अदालत ने 16 फरवरी, 2021 को मेडिकल कारणों पर राजीव सक्सेना को जमानत दे दी थी।

ब्राजील: वजन घटाने की सर्जरी कराने पर दिल का दौरा, मौत

सल्वाडोर। ब्राजील की इन्फ्लुएंसर मिला डी जीसस, जो पूरी दुनिया को फिट रहने का मंत्र देती थीं। वो खुद महज 35 साल की उम्र में जिंदगी से हार गईं। दरअसल, उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। बता दें, जीसस उस समय फेमस हुई थीं, जब उन्होंने वजन घटाने के लिए सर्जरी कराई थी। परिवार ने उनकी मौत की खबर की पुष्टि की है।

बता दें, इंस्टाग्राम स्टार का जन्म ब्राजील में हुआ था, लेकिन वह बोस्टन में रहती थीं। चार महीने पहले ही उन्होंने दूसरी शादी जॉर्ज कोवस्जिक से की थी। पहली शादी से उनके चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बेटी अन्ना क्लारा ने अपनी मां की मौत पर इंस्टाग्राम पर एक दुख भरा पोस्ट साझा किया। अन्ना क्लारा ने लिखा, 'हमारी मां नहीं रहीं। यह दुख भरी खबर आप लोगों के साथ साझा कर रही हूं। हम सभी प्रार्थनाओं और संवेदनाओं की सराहना करते हैं।

शारीरिक संबंध से इनकार करना मानसिक क्रूरता: कोर्ट

जबलपुर, एजेंसी

▸▸ पत्नी संबंध नहीं बनाती जज साहब तलाक दे दो

18 साल से परेशान पति की अर्जी पर मप्र हाई कोर्ट ने सुनाया हक में फैसला

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि शादी से इनकार करना और शारीरिक संबंध बनाने से इनकार मानसिक क्रूरता है। ये दोनों बातें वैध तलाक का आधार हैं। न्यायमूर्ति शील नागू और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने तलाक को लेकर बीते 3 जनवरी को एक फैसला सुनाया।

पीठ ने एक व्यक्ति को इस आधार पर तलाक दे दिया कि उसकी पत्नी ने शादी को जारी रखने और उसके साथ संबंध बनाने से मना कर दिया था। पीठ ने कहा, 'हम समझते हैं कि शारीरिक अक्षमता या वैध कारण के बिना काफी समय तक यौन संबंध रखने से एकतरफा इनकार करना मानसिक क्रूरता के बराबर हो सकता है।' इसी के साथ ही पीठ ने फैमिली कोर्ट के आदेश को भी रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत ने यह गलत ठहराया था कि पत्नी की ओर से शादी को पूरा करने में विफलता तलाक का आधार नहीं हो सकती है। शख्स द्वारा दायर अपील के अनुसार, जुलाई 2006 में उसकी शादी हुई थी।

हालांकि, शादी के बाद से ही पत्नी ने उसके साथ रहने और शादी को जारी रखने से इनकार कर दिया था। महिला ने अपने पति को बताया था कि वह किसी और से प्यार करती है। याचिका में कहा गया कि शख्स साल 2006 में ही काम के लिए अमेरिका चला गया। इसके बाद महिला अपने परिवार के साथ रहने चली गई और फिर कभी वापस नहीं लौटी। हालांकि, साल 2011 में पति ने तलाक के लिए भोपाल की फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे खारिज कर दिया गया था।

विदेश में रहने वाले 30 लाख ब्रिटिश नागरिक चुन सकेंगे नेता

लंदन, एजेंसी

▸▸ ऑनलाइन मतदान करने की अनुमति, जनमत संग्रह व आम चुनाव में मिला अधिकार

विदेश रह रहे ब्रिटिश नागरिक भी अब मतदान कर सकेंगे। दुनिया भर में ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। विदेशों में रहने वाले भारतीयों सहित 30 लाख से अधिक ब्रिटिश नागरिक है। इन लोगों को चुनाव अधिनियम 2022 के लागू होने के बाद ब्रिटिश आम चुनावों और जनमत संग्रह में मतदान का अधिकार मिल गया है।

यह 1928 में पूर्ण महिला मताधिकार की शुरुआत के बाद से ब्रिटिश चुनावी मताधिकार में सबसे बड़ी वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। दरअसल, मतदान करने के अधिकारों पर लागू 15 साल की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। दुनिया भर में ब्रिटिश नागरिक ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, चाहें वे कितने समय से विदेश में हों। यह ब्रिटेन के मतदाताओं से जुड़ा हुआ होगा, जहां पर वे या तो मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं या रहते हैं। पंजीकरण के बाद, वे तीन साल तक मतदाता सूची में बने रहेंगे। इसके अलावा, पंजीकरण होने के बाद मतदाता डाक या प्रॉक्सी वोट के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

यह कानून ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों और विदेशों में समर्थकों के वैश्विक नेटवर्क 'वोट्स फॉर लाइफ' अभियान का हिस्सा है, जिसका नेतृत्व कंजर्वेटिव अब्रॉड कर रहा है। यह अभियान लंबे समय से कंजर्वेटिव के घोषणापत्र में रहा है। हाउसिंग एंड कम्युनिटीज विभाग के लिए राज्य सचिव माइकल गोव ने कहा कि आज से, दुनिया भर में लाखों ब्रिटिश नागरिक भविष्य के आम चुनावों में मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

जलीकट्टू खेल...

तमिलनाडु : मदुरै में 2500 साल पुराना खेल जलीकट्टू शुरू हो गया। इसमें 1000 सांड भाग ले रहे हैं। पहले दिन 2 पुलिसकर्मी समेत 45 लोग घायल हो गए। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाई थी, लेकिन 2016 में राज्य सरकार की मांग पर केंद्र ने अध्यादेश लाकर इसका रास्ता साफ किया था। ● एजेंसी

राष्ट्रपति बना तो सुलझा दूंगा इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दा: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ आयोवा कॉकस में जीत के बाद बोले डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की रेस में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को आयोवा प्रांत में पहली कॉकस में जीत दर्ज की है। इस जीत ने उन दावों को मजबूती दी है, जिसमें कहा जा रहा कि बाइडन और ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में आमने-सामने हो सकते हैं।

पार्टी के भीतर अपनी पहली जीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया को फिर से ठीक करना होगा, अस्त-व्यस्त दुनिया को अच्छा बनाना होगा। इस दौरान ट्रंप ने राजनीतिक विचारधाराओं को एक साथ आने का आग्रह किया है। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि बाइडन अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। पूरी दुनिया अब अमेरिका पर हंसने लगी हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हमारे देश के लोग एक साथ आएं। चाहे वो डेमोक्रेट हो या फिर रिपब्लिकन। दुनिया के लिए सबको एकजुट होना होगा। ट्रंप ने कहा कि बहुत अच्छा होगा कि अगर हर विचारधार के लोग एक साथ आएं। इजराइल-हमास युद्ध पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर मैं वर्तमान में अमेरिका का राष्ट्रपति रहता तो इस्राइल पर हमले का सवाल नहीं उठता। उन्होंने कहा कि अगर वह चुनाव जीतकर फिर से आए तो वे बहुत जल्द इस समस्या का ही समाधान कर देंगे।

इमरान की टिप्पणी

दो अंपायरों के साथ मैच खेल रहे नवाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। उससे पहले सियासी दलों के एक दूसरे पर हमले तेज हो गए हैं। इस बीच, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ, सर्वोच्च न्यायालय और शक्तिशाली सेना पर हमला बोला है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज दो अंपायरों' के समर्थन से चुनाव लड़ रहे हैं और उनमें से एक अंपायर ने हाल ही में पीटीआई को चुनाव से किनारे करने के लिए 'नॉ बॉल' का संकेत दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को उसके क्रिकेट बैट के चुनाव चिह्न वंचित किया है। इसको लेकर इमरान खान 'लंदन प्लान' को जिम्मेदार ठहराया।

अध्ययन ताजा शोध में बताया बर्फ का सूखा पुरानी समस्या, मध्य एशिया के कुछ हिस्से बर्फ सूखे के हॉट- स्पॉट

अमेरिका-यूरोप में हर दशक घट रहा बर्फ का घेरा

वाशिंगटन, एजेंसी

बदलते मौसम के कारण बर्फ का सूखा बड़ी समस्या बन गया है। इसलिए बारिश, जमीन, भू-जल के सूखे के अलावा अब बर्फ का सूखा भी ज्यादातर शोधों में केंद्र बन गया है। जरनल नेचर के ताजा अध्ययन ने बदलाव की वजह बताया है। इसमें पाया गया कि अमेरिका यूरोप में बर्फ का घेरा हर दशक 10 से 20% कम हो रहा है।

क्या 'बर्फ का सूखा' नई समस्या है? नहीं, गूगल बुक्स व्यूअर के अनुसार यह समस्या 1970 के दशक में उच्चत्तम थी। 2010 में भी बर्फ से लदे इलाकों में बर्फ की परतें काफी पतली पाई गई थीं। फिर एक अमेरिकी शोधकर्ता ने डिफाइनिंग स्नो ड्राउट्स एंड व्हाय इट मैटर्स' के नाम से एक लेख लिखा। इसने बर्फ के सूखों पर चर्चा बढ़ा दी। बर्फ महत्वपूर्ण क्यों है? नॉर्दर्न हैम्पशायर की 80 फीसद जनसंख्या सर्दियों में जम जाने वाली मिसिसिप्पी, कोलोराडो, वोल्गा और डनूब नदियों पर निर्भर करती है, मगर ये नदियां पर्यावरणीय बदलाव के चिंताजनक दौर से गुजरी हैं। वहीं 210 करोड़ लोग सर्दियों में बर्फीली पहाड़ियों के निचले हिस्सों में रहते हैं। बर्फ का पिघलता पानी इनकी खेती, व्यापार और दूसरी खपत का महत्वपूर्ण स्रोत है। बर्फ का सूखा किन इलाकों की समस्या है? उत्तरी इटली, अफगानिस्तान, मध्य एशिया के कुछ हिस्सों और उत्तर-पूर्वी चीन बर्फ के सूखे के हॉट- स्पॉट हैं। कैलिफोर्निया और दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका वर्ष 2000 से अब तक 1200 साल का सबसे बड़ा महासूखा झेल रहे हैं। क्योंकि इस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा या ज्यादा गर्म है या सूखा। इसी कारण सर्दियों में भी सेरा नेवदा पर्वत श्रृंखला पर बर्फ इकट्ठी नहीं हो पा रही। बर्फ के सूखे के क्या कारण हैं? दो स्थितियों में बर्फ के टिल्ले कमजोर होते हैं। पहला सर्दियों के मौमस का सूखा रहना तो दूसरा ज्यादा गर्म रहना। इससे बर्फ जमने की परिस्थितियां ही नहीं बनती। पृथ्वी के बढ़ते तापमान से पहाड़ियों पर बर्फ की लाइन का स्तर भी घट रहा है। इसमें क्लाइमेट चेंज की क्या भूमिका है? 'नेचर' जरनल के अध्ययन ने पहली बार 40 साल से नॉर्दर्न हैम्पशायर में चल रहे बर्फ के सूखे में ग्रीनहाउस गैस प्रदूषण के प्रभाव की पहचान की है। क्लाइमेट चेंज के कारण बर्फ से ढके इलाकों के मिड-लैटिट्यूड में 4 प्रतिशत की कमी और हायर लेटिट्यूड में 2.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हर दशक हो रही है।

बर्फ जंगल की आग के सीजन को खत्म करने में मददगार

बर्फ जंगल की आग के सीजन को खत्म या देरी करने में मददगार होती है। वर्ष 2023 में बर्फ के सूखे के कारण बसंत आने से पहले कनाडा के ज्यादातर हिस्से की जमीन सूख गई थी। इसलिए जंगल की आग का सीजन पहले शुरू हो गया। आग में 1.8 करोड़ हैक्टेयर भूमि से रिकॉर्ड नुकसानदायक धुआं फैला, जो अमेरिका तक पहुंचा।

यूक्रेन के हमले के बाद रूस के वोरोनिश में आपातकाल की घोषणा

मास्को। यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोनिश शहर में मंगलवार को आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। मेयर वादिम कस्टेनिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमले से प्रभावित लोग, क्षतिग्रस्त मकान और चल संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन एक आयोग करेगा।

कस्टेनिन ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को पास के एक स्कूल में शरण दी गई है और उन्हें सभी अनिवार्य सुविधाएं मुहैया कराईं जा रही हैं। इससे पहले, वोरोनिश क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने वोरोनिश पर यूक्रेनी ड्रोन के हमले को विफल कर दिया। इस दौरान, कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और एक युवती घायल हो गई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वोरोनिश क्षेत्र में तीन यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया।

बर्फीला तूफान, लगभग 3 हजार उड़ानें रद

▸▸ अमेरिका के कई शहरों का तापमान शून्य से नीचे पहुंचा

न्यूयार्क, एजेंसी

आर्कटिक तूफानों की सर्द लहर के बीच अमेरिका के कई शहरों में तापमान शून्य से नीचे चला गया। लाखों अमेरिकियों को बेहद ठंडा मौसम चुनौती बन गया है। देश के अधिकांश हिस्सों में बर्फबारी, बर्फीली बारिश और तेज हवाएं चलने लगी हैं।

न्यूयार्क से लुइसियाना राज्यों तक गवर्नरों ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। तूफान के तुरंत बाद मिडवेस्ट और साउथ की उड़ानों में देरी व दो हजार से ज्यादा रद होने के कारण हवाई अड्डों पर सैकड़ों यात्री फंस गए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि ने चेतावनी दी है कि मोंटाना और डकोटा में तापमान शून्य से 56 डिग्री सेल्सियस नीचे जाने की आशंका है। तेज बर्फीली हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को बफेलो में लोगों को एक फुट तक बर्फबारी और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा। 9.5 करोड़ से अधिक लोगों माइनस 17 डिग्री सेल्सियस तापमान में प्रभावित हो सकते हैं। पूर्वानुमानकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण से लेकर उत्तरी टेक्सास तक भीषण ठंड बढ़ रही है। अधिकारियों ने बफेलो, न्यूयार्क में लोगों को सड़कों से हटने की चेतावनी दी, जहां एक से दो फीट बर्फबारी का अनुमान है जीओपी कॉकस के प्रमुख राज्य आयोवा में भीषण मौसम के कारण चुनाव अभियान कार्यक्रम प्रभावित हुआ है।